आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ. रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 183 | उज्जैन, शनिवार 18 जुलाई, 2026 | आषाढ़ शुक्ल 4 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### अमेरिका का भारत के निवेश वाले चाबहार पोर्ट पर अटैक

**तेहरान।** अमेरिका ने शुक्रवार को लगातार छठी रात ईरान पर एयरस्ट्राइक की। इस दौरान भारत के निवेश वाले चाबहार पोर्ट को भी निशाना बनाया गया। हमले में पोर्ट के कंट्रोल टावर को नुकसान पहुंचा है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कंट्रोल टावर के क्षतिग्रस्त होने की तस्वीर भी शेयर की है। ईरानी समाचार एजेंसी मेहर ने चाबहार पोर्ट और कंट्रोल टावर पर अमेरिकी हमले की पुष्टि की है। पिछले एक हफ्ते में इस टावर पर यह तीसरा हमला है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि फाइटर जेट, ड्रोन और युद्धपोतों से ईरान के कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया गया। केंटकॉम ने कहा कि हमलों में तटीय निगरानी केंद्र, एयर डिफेंस सिस्टम, सैन्य लॉजिस्टिक्स और समुद्री सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया।

### गिलगित-बाल्टिस्तान को 5वां राज्य बनाने की तैयारी में पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने अपने अवैध कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान को देश का पांचवां राज्य (प्रांत) बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी। गिलगित-बाल्टिस्तान विधानसभा ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से संविधान में संशोधन करके इस क्षेत्र को राज्य का दर्जा देने की मांग की। प्रस्ताव में कहा गया है कि गिलगित-बाल्टिस्तान के लोगों को पाकिस्तान के दूसरे राज्यों के नागरिकों की तरह समान संवैधानिक, राजनीतिक और लोकतांत्रिक अधिकार दिए जाएं। इसके साथ ही इस क्षेत्र को नेशनल असेंबली, सीनेट और अन्य संघीय संवैधानिक संस्थाओं में प्रतिनिधित्व देने की भी मांग की गई है। प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री, स्पीकर, डिप्टी स्पीकर, नेता विपक्ष और दो निर्दलीय विधायकों के हस्ताक्षर हैं। अब इसे आगे की मंजूरी के लिए पाकिस्तान की संसद भेजा जाएगा।

### राम मंदिर चढ़ावा चोरी: शुद्धि के लिए प्रायश्चित अनुष्ठान

**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में आरोपी रामशंकर यादव उर्फ 'टिन्नू' और उसके भतीजे मनीष की पुलिस को रिमांड मिल गई है। शुक्रवार दोपहर फैजाबाद कोर्ट ने 39 घंटे की रिमांड मंजूर की। हालांकि, पुलिस ने 7 दिन की रिमांड मांगी थी। टिन्नू पूर्व महासचिव चंपत राय का करीबी रहा है। पुलिस ने टिन्नू के घर से 1 लाख रुपए और मनीष के घर से 2 लाख रुपए बरामद किए थे। इधर, चढ़ावा चोरी के बाद ट्रस्ट ने प्रायश्चित अनुष्ठान शुरू कराया है। शुक्रवार सुबह 11 बजे से राम मंदिर परिसर में भगवान से क्षमा-याचना के लिए विशेष पूजा-पाठ शुरू हुआ। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से 18 पुजारी और 5 आचार्य वेद मंत्रों का उच्चारण, रुद्राभिषेक और हवन कर रहे हैं।

### 3 इडियट्स वांगचुक पर नहीं बनी : आमिर खान



**नई दिल्ली।** दिल्ली के जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल का शुक्रवार को 20वां दिन है। इस बीच एक्टर आमिर खान ने कहा- मुझे सोनम वांगचुक की सेहत की चिंता है। मैं उम्मीद करता हूं कि वह जल्द अपना अनशन खत्म करेंगे। फिल्म 3 इडियट्स सोनम वांगचुक पर नहीं बनी है। फिल्म जब बन रही थी तब मैं उन्हें जानता तक नहीं था। आमिर ने यह बात लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल में एक महिला के सवाल का जवाब देते हुए कही। इधर सोनम वांगचुक ने कहा- वह किसी भी कीमत पर 20 जुलाई तक जिंदा रहना चाहते हैं। इस दिन कॉकरोच जनता पार्टी का संसद मार्च है। उन्होंने समर्थकों से बड़ी संख्या में जुटने की अपील की। उन्होंने कहा कि वे लोकतंत्र के मंदिर में अपनी बात रखेंगे। डॉक्टरों ने कहा कि वांगचुक के ऑर्गन फेलियर का खतरा बढ़ गया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को केंद्र और दिल्ली सरकार को उनकी रोजाना मेडिकल जांच कराने के निर्देश दिए थे।

### मानसून सत्र 20 जुलाई से सरकार 7 बिल लाएगी

**नई दिल्ली।** 20 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र के लिए सरकार ने एजेंडा तय कर लिया है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, लोकसभा में 7 बिल पेश किए जाएंगे। इनमें वंदे मातरम के अपमान और विदेशी चंदा कानून में संशोधन से जुड़े विधेयक भी शामिल हैं। बिलों की अस्थायी सूची में अभी किसी भी संविधान संशोधन बिल जैसे परिसीमन या नारी संशोधन का जिक्र नहीं है। 13 अगस्त तक चलने वाले मानसून सत्र में कांग्रेस समेत विपक्षी दल नीट-यूजी पेपर लीक, अन्य भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी, अयोध्या राम मंदिर दान विवाद, ई20 ईंधन और विदेश नीति जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में हैं। यह सत्र 25 दिनों तक चलेगा, कुल 19 बैठकें होंगी। दिल्ली के कर्तव्य भवन में शुक्रवार को एनडीए नेताओं की बैठक हुई।

### शेयर मार्केट में तेजी: सेंसेक्स 964 अंक, निफ्टी भी 261 अंक चढ़ा

**मुंबई।** भारतीय स्टॉक मार्केट में सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 964 अंक की तेजी के साथ 78,151 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 261 अंकों की तेजी है, ये 24,334 पर बंद हुआ। कारोबार में आईटी, ऑटो और बैंकिंग शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी हुई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के जून तिमाही के नतीजे आज बाजार बंद होने के बाद जारी होने वाले हैं। इन नतीजों की घोषणा से पहले रिलायंस का शेयर 2.5 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,328 के स्तर पर बंद हुआ. पिछले कुछ समय से मुकेश अंबानी की इस कंपनी का स्टॉक लगातार दबाव में देखा गया है। यह शेयर पिछले 1 महीने में 1 प्रतिशत, 3 महीने में 3.5 प्रतिशत, 6 महीने में 6 प्रतिशत और पिछले 1 साल में करीब 10 प्रतिशत तक गिर चुका है।

---

सोनम की लगातार बिगड़ रही तबीयत, वांगचुक के समर्थन में राकेश टिकैत का बड़ा एलान

# ट्रॉली और ट्रैक्टर तैयार हैं, 20 को जंतर-मंतर पर जनसैलाब आएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का प्रदर्शन शुक्रवार को 28वें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शन के बीच 20 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की सेहत लगातार बिगड़ रही है। डॉक्टरों ने उन्हें 24 घंटे निगरानी में रखा है। इधर, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, सपा सांसद डिंपल यादव और भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत जंतर मंतर पहुंचे और सीजेपी के प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया। सोशल मीडिया पर फिल्मी सितारे भी सोनम के समर्थन में आ गए हैं।

गुरुवार को जंतर-मंतर पहुंची डिंपल यादव ने कहा सोनम वांगचुक और अनशन पर बैठे छात्रों का संघर्ष देश के युवाओं के भविष्य के लिए है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और अखिलेश यादव छात्रों और युवाओं के साथ मजबूती से खड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं की समस्याओं के प्रति संवेदनशील नहीं है और लोकतांत्रिक आवाजों को दबाने का प्रयास कर रही है।

**हर वर्ग का मिल रहा साथ-** सीजेपी के प्रदर्शन को लगातार समाज के हर वर्ग का समर्थन मिल रहा है। बृहस्पतिवार को जंतर मंतर पर युवाओं, बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगजनों, जेन जी के युवाओं और उनके माता पिता की भागीदारी देखने को मिली। प्रदर्शन में पहुंचे दिव्यांगजनों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने विश्वास जताया कि जनहित के मुद्दों पर एकजुट होकर आवाज उठाने से सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।




### टिकैत बोले- किसान अपने ट्रैक्टर के साथ तैयार

डिंपल ने देशभर के छात्रों, युवाओं और विपक्षी दलों से 20 जुलाई को प्रस्तावित संसद मार्च में शामिल होने की अपील की। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि किसानों की ट्रॉली और ट्रैक्टर तैयार हैं और 20 जुलाई को जंतर मंतर पर जनसैलाब आएगा। किसान और युवा मिलकर अपनी आवाज बुलंद कर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन को मजबूत करेंगे।

### बॉलीवुड से मिला साथ

- बॉलीवुड के कई अभिनेताओं और अभिनेत्रियों ने सोशल मीडिया पर सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य को लेकर चिंता जताई है। वहीं बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद और युवा भी सोशल मीडिया पर लगातार पोस्ट साझा कर रहे हैं।
- हजारों लोग वांगचुक के जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हुए सरकार से बातचीत शुरू करने की मांग कर रहे हैं। सोनम वांगचुक का वजन अब 56.90 किलोग्राम रह गया है। भूख हड़ताल शुरू होने के बाद से उनका वजन नौ किलो से ज्यादा कम हो चुका है।

---

बंगाल के मुर्शिदाबाद में ट्रेन की स्कूल वैन से टक्कर

## दुर्घटना में तीन स्कूली छात्र सहित 5 की मौत

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में गोबिंदपुर रेल क्रॉसिंग पर नवद्वीप धाम एक्सप्रेस ने एक पूल कार (स्कूली वैन) को टक्कर मार दी। अधिकारियों के मुताबिक, टक्कर में 5 लोगों की मौत हो गई, जिनमें तीन स्कूली छात्र शामिल हैं। गाड़ी रेलवे ट्रैक को पार करने की कोशिश कर रही थी। टक्कर में गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल तीन छात्रों और वैन के ड्राइवर को इलाज के लिए मुर्शिदाबाद मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भेजा गया है। अस्पताल में भर्ती कराए गए लोगों में से कुछ की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है।



### पुलिस बोली- पैसेंजर ट्रेन से टक्कर हुई

एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, जब एक्सप्रेस ट्रेन गुजरी तब रेलवे क्रॉसिंग बंद थी। लेकिन उसके तुरंत बाद गेट को खोल दिया गया, जबकि वहां से एक पैसेंजर ट्रेन भी गुजरने वाली थी। स्कूल वैन के ड्राइवर ने गेट खुला देखकर गाड़ी को पटरियों के पार ले जाने की कोशिश की। इसी दौरान एक साइकिल सवार भी पटरी पार करने लगा। तभी तेज रफ्तार में आ रही निमतिया-कटवा लोकल ट्रेन ने स्कूल वैन को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और बच्चे अंदर ही फंस गए।

## सहमति से संबंध बनाकर शादी ना करना बलात्कार नहीं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जबलपुर

मप्र हाईकोर्ट ने बलात्कार और आत्महत्या के लिए उकसाने से जुड़े एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी की सजा रद्द कर दी। न्यायमूर्ति राजेंद्र कुमार वानी की एकल पीठ ने कहा कि यदि दो वयस्कों के बीच आपसी सहमति से संबंध बने हों और बाद में किसी कारणवश शादी नहीं हो पाई हो, तो केवल शादी से इनकार करने के आधार पर आरोपी को बलात्कार या आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी नहीं ठहराया जा सकता। इसके लिए यह साबित होना आवश्यक है कि शुरूआत से ही आरोपी की नीयत धोखाधड़ी या शारीरिक शोषण की थी।

## जमीन विवाद को लेकर युवक की हत्या, तीन पर मामला दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर

जिले के भावगढ़ थाना क्षेत्र में जमीन विवाद को लेकर आरोपियों द्वारा एक व्यक्ति पर किए गए हमले से आई चोटों की वजह से उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं में प्रकरण जर्द किया। आरोपी एक ही परिवार के हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह मामला भावगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गुराड़िया लालमुआं में भेरूलाल पिता रामलाल सूर्यवंशी के घर के सामने गुरूवार की शाम की बताई गई हैं पुलिस ने बताया कि घटना दिनांक को आरोपियों द्वारा जमीन विवाद को लेकर मृतक सुरेश पिता उदयराम उम्र 35 साल निवासी गुराड़िया लालमुआं को पत्थर व फावड़े से मारा जिससे चोंट लगने से उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी कंवरलाल पिता मगनलाल सूर्यवंशी उम्र 50 वर्ष, अजयपाल पिता कंवरलाल, सुगनबाई पति कंवरलाल सभी निवासी गुराड़िया लालमुआं के खिलाफ भावगढ़ थाने पर प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने मृतक के शव को गांधीचौराहा पर रखकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही और आरोपियों के अवैध अतिक्रमण को तोड़े जाने की मांग की।

---

## पीएम मोदी ने जींद में देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

एजेंसी ▶▶ जींद

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हरियाणा के जींद में देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने इस दौरान अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का भी जिक्र किया। पीएम मोदी ने कहा कि अगर 2014 से पहले मिडिल-ईस्ट में युद्ध होता तो इसका रेलवे पर बड़ा प्रभाव पड़ता, क्यों कि उस वक्त डीजल इंजन काफी ज्यादा चलते थे। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका-ईरान युद्ध का जिक्र करते हुए कहा, 'मिडिल-ईस्ट में युद्ध चल रहा है। 2014 में देश का बहुत बड़ा हिस्सा ऐसा था, जहां हमारी ट्रेनें डीजल से चलती थी। अब आप सोचिए, अगर डीजल आना बंद हो गया होता तो, डीजल से चलने वाली ट्रेन कैसे चलती, देश संकट में आ जाता, लेकिन ये 2014 की स्थिति नहीं है। ये मोदी है, बहुत पहले सोचता भी है और समस्या के समाधान के रास्ते भी जमीन पर उतारता है।



### बदरीनाथ मंदिर दान चोरी मामले में सेवानिवृत्त कर्मचारी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड के विश्वप्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के दान कक्ष से नकदी चोरी के मामले में विशेष जांच दल (एसआईटी) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के एक सेवानिवृत्त कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज की जांच में आरोपी तीन अलग-अलग अवसरों पर दान की नकदी जेब में रखते हुए दिखाई दिया।

जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए पुणे भेजे गए सैंपल, पड़ोसी राज्य कर्नाटक अलर्ट पर

## आंध्र प्रदेश में कोरोना के 12 नए मामले

एजेंसी ▶▶ अमरावती

आंध्र प्रदेश में पिछले 20 दिनों में कोरोना वायरस के कुछ नए मामले सामने हैं। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी बड़ा दी है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आंध्र प्रदेश में 26 जून से 16 जुलाई 2026 के बीच कोविड के 12 नए केस मिले हैं, जिनमें से चार मरीजों की मौत की पुष्टि कोविड की वजह से हुई है। हालांकि, प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि राज्य में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और आम जनता को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। वहीं जिन मरीजों की मौत कोविड की वजह से हुई है, उनको कई पुरानी बीमारियां भी थी। फिलहाल दूसरे मरीजों को स्पेशल वार्ड में रखा गया है।

आंध्र प्रदेश में इस साल कोरोना का पहला मामला 26 जून को कडप्पा जिले में सामने आया था। इसके बाद 1 जुलाई से 16 जुलाई के बीच 11 और मामले सामने आए। संक्रमित लोगों में से दो की पहचान पहले से कन्फर्म कोरोना मरीजों के करीबी संपर्क के तौर पर की गई थी। सबसे ज्यादा आठ मामले कडप्पा में ही दर्ज हुए हैं। जबकि 2 मामले गुंटूर 1 विशाखापटनम और दूसरा काकीनाडा जिले में मिला है। स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव वीरा पांडियन ने कहा कि ये मामले अलग-अलग मंडलों और जगहों से सामने आए हैं और किसी एक इलाके में इनका कोई क्लस्टर फिलहाल नहीं बना है।

### आंध्रप्रदेश में चार मरीजों की मौत

कोरोना की वजह से आंध्र प्रदेश में चार मरीजों की मौत हुई है, उनमें तीन मरीज कडप्पा जिले के थे। जबकि एक मरीज काकीनाडा जिले का था। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि चारों को पहले से ही गंभीर बीमारियां थीं। वायरस के वैरिएंट की पहचान करने के लिए 9 जुलाई को पांच सैंपल जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए पुणे स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी भेजे गए थे। वीरा पांडियन ने लोगों से घबराने की अपील की और सभी को बचाव के उपाय अपनाते रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि राज्य भर के डॉक्टरों, अस्पतालों और हेल्थकेयर स्टाफ को अलर्ट कर दिया गया है और वे स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं।

## होमवर्क में 'कलमा' पढ़ाने का विवाद स्कूल की टीचर को नौकरी से हटाया

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

हैदराबाद के एक निजी स्कूल की शिक्षिका और अन्य के खिलाफ एक हिंदू छात्र को कथित तौर पर इस्लामी धार्मिक प्रथाओं से जुड़ा होमवर्क देने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस ने यह कार्रवाई छात्र की बुआ की शिकायत पर की। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 और किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 के तहत केस दर्ज किया गया है।

पुलिस के अनुसार, यह विवाद 16 जुलाई को सामने आया। चारमीनार जोन के डीसीपी खरे किरण प्रभाकर ने बताया कि शिक्षिका ने 15 जुलाई को दूसरी कक्षा के छात्रों को होमवर्क दिया था कि सभी 'कलमा' पढ़ें। उन्होंने कहा कि कक्षा के 25 छात्रों में केवल एक छात्र हिंदू है। डीसीपी ने कहा कि सभी छात्रों को 'कलमा' पढ़ने का निर्देश देना शिक्षा नीति और स्कूल की अपनी नीति, दोनों का उल्लंघन है। विवाद बढ़ने के बाद स्कूल प्रबंधन ने संबंधित शिक्षिका की सेवाएं समाप्त कर दीं।

## देश में जल्द चलेंगे प्लास्टिक-नोट आरबीआई ने जारी किया टेंडर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया जल्द ही देश में प्लास्टिक यानी पॉलीमर से बने नोटों का पहला पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह देश में नए जनरेशन की करेंसी लाने की आरबीआई के प्लान का अगला कदम है।

रिजर्व बैंक शुरूआती फेज में सबसे पहले छोटी वैल्यू के नोटों पर इसकी टेस्टिंग करेगा। आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पहला पायलट प्रोजेक्ट 10 रुपये और 20 रुपये वैल्यू के छोटे नोटों के साथ शुरू होने की उम्मीद है।



इस ट्रायल के नतीजों और अनुभवों के आधार पर ही फ्क्क आगे का फैसला लेगा। अगर यह टेस्टिंग पूरी तरह सफल रही, तो आरबीआई साल 2027 से देश में इन पॉलीमर नोटों का फुल-स्केल लॉन्च शुरू कर सकता है। भारतीय बाजार में पॉलीमर नोटों के आने का मतलब यह बिल्कुल नहीं है कि मौजूदा कागजी नोट तुरंत चलन से बाहर हो जाएंगे। आरबीआई ने साफ किया है कि नई करेंसी पुराने पेपर नोटों की जगह नहीं लेगी।

गुजरात एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड ने आतंकी मॉड्यूल से जुड़े

## जैश-ए-मोहम्मद के 5 और संदिग्ध पकड़े

### बम बनाने की कोशिश में थे, 14 दिन पहले 8 आतंकी पकड़े गए थे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गुजरात एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड ने जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी मॉड्यूल से जुड़े 5 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी को पाटन जिले के सिद्धपुर तालुका के खाडियाल गांव से पकड़ा गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बिलाल आबिदभाई शेरा, मोहम्मद अयूब कादीवाला, मोहम्मद पालनपुरी उर्फ खाली अयूब सुनसारा, शफिया रईस मुख्ती और मोहम्मद हसन कार्डिया के रूप में हुई है।

इन्हें मेहसाणा जिले के कढ़ी कस्बे में न्यायिक मजिस्ट्रेट आरएम भाटिया के सामने पेश किया गया, जहां से इन्हें 24 जुलाई तक एटीएस की हिरासत में भेज दिया गया है। इससे पहले 3 जुलाई को जैश से जुड़े 8 संदिग्धों को पकड़ा गया था। इनसे पूछताछ के बाद यह कार्रवाई की गई और इन पांचों को पकड़ा।




### एटीएस यह पता लगा रही जिहादी किताबें कहां से मिली

सरकारी वकील पीआर दंतनी ने बताया कि एटीएस ने कोर्ट को जानकारी दी कि आरोपियों में से एक ने टाइम बम बनाने की कोशिश की थी। हालांकि, उनका यह प्रयोग असफल रहा। पुलिस को अभी बम बनाने का सामान और उर्दू में लिखी जैश-ए-मोहम्मद की लिटरेचर बरामद करनी है। दंतनी के अनुसार, एटीएस यह पता लगाना चाहती है कि बम बनाने का सामान कहां से लाया गया और उसे कहां छिपाया गया था। साथ ही, जिहादी किताबें कहां से मिलीं। उन्हें कहां रखा गया है।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## चुनाव कराने वाली संस्था पर भी नजर




एक बार फिर से प्रदेश के संचालन को लेकर सवाल जवाब का दौर शुरू होने वाला है। राजधानी में पक्ष अपनी बात एवं प्रगति को सामने रखेगा और विपक्ष उस पर सवाल खड़ा करेगा। इसी दौरान चुनाव कराने वाली संस्था के कामकाज को लेकर भी सरसरी तौर पर नजर जाने वाली है। धर्मनगरी के एक क्षेत्र के जिम्मेदार की नजर वहां तक पहुंची है। कामकाज एवं उसके करने वालों को भी सवालों के दायरे में लिया गया है। तारांकित मसलों में बकाया भुगतान से लेकर कर्मचारियों की योग्यता तक को मुद्दा बनाया गया है। यहां तक की चुनाव 23 और 24 के स्टेशनरी, टेंट, लाइट माइक के फर्मों के भुगतान पर सवाल किए गए है। स्वीकृत निविदाकारों से सामग्री क्रय करने पर भी सवाल उठाए गए हैं तो भंडार क्रय नियमों के पालन पर भी सवाल दागे गए हैं। चुनाव के बाद भी इसके कार्यालय में इकट्ठा कर रखे गए कर्मचारियों का हिसाब किताब भी इसमें पूछा गया है। विशेष मानदेय को लेकर भी मुद्दा उठाया गया है। खास तो पूरे मामले में लेखा शाखा पर उठाया गया मुद्दा है। बचे हुए भुगतान एवं उसके बाद लेखाशाखा के संचालन एवं कार्य संपादन के लिए योग्यता का निर्धारण पूछा गया है तो वर्ष 23-24 के चुनाव में लेखापाल की जिम्मेदारी निभाने वाले संबंधित कर्मचारी की योग्यता पर सवाल खड़े किए गए हैं। इसके साथ ही अयोग्य कर्मचारी से कार्य लेने के मामले में जिम्मेदार अधिकारियों को भी दायरे में घेरते हुए कार्रवाई का पक्ष रखा गया है। खुसूर-फुसूर है कि एक नहीं अनेकों स्थितियां ऐसी सामने होने के बाद भी अधिकारियों के प्रश्रय में कई बार योग्यता को दरकिनार किया जाता है। चुनाव के काम करवाते समय तो करवा लिए जाते हैं लेकिन बाद में संबंधितों को जूते चप्पल घिसवा दिए जाते हैं। इससे विपरित कुछ मामलों में ऐसे भी उदाहरण हैं कि चुनाव के तीन साल तक बिल ही पेश नहीं किए गए। कार्यालय ने नोटिस जारी किए। तब बिल सामने आए। बिल सामने आते ही मात्र 15 दिनों में सभी स्वीकृतियां मिल गई और काम खतम। इसके विपरीत कुछ मामलों में सालों से भुगतान नहीं हुए। कुल्हड़ में गुड ठीक तरह से फूटने के हाल सामने नहीं हैं। अभी जो सवाल उठे हैं वो कम हैं अगर पिछले 2013,14 से ही पूरे कागजों को खंगाला जाए तो बहुतेरे मामले हैं जिनमें चुनाव के नाम पर स्थानीय स्तर पर जो खर्च किया गया है उस पर सिरे से ही सवाल उठने ही चाहिए।

## न्यूज कॉलम

- विश्वरत्नसागर सूरीश्वर महाराज का चातुर्मास मंगल प्रवेश कल नागपुर स्थित श्री सुमतिनाथ स्वामी जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ, रामदास पेठ में आयोजित होगा।
- डाक विभाग में निजीकरण और टारगेट के दबाव का विरोध, भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ ने किया चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान, 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी
- सरस्वती शिशु मंदिर समिति ऋषिनगर द्वारा आधुनिक सुविधाओं का लोकार्पण और दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया।
- मॉस्को में उज्जैन की उर्वशी ने बिखेरा कथक का जादू, शिव स्तुति देख मंत्रमुग्ध हुए विदेशी दर्शक, नृत्य ने दर्शकों और अतिथियों का मन मोह लिया।
- 1008 हनुमान चालीसा पाठ की पूर्णाहुति पर निकलेगा आज चल समारोह, दमदमा में होंगे विविध अनुष्ठान और विशाल भंडारा
- मार्ग चौड़ीकरण में भेदभाव का आरोप, रसूखदार को बचाने लाइब्रेरी पर चलाया जा रहा हथौड़ा, उपनेता प्रतिपक्ष ने सेंटर लाइन में हेरफेर का लगाया आरोप

## ट्रेंडिंग




आयुक्त शिक्षा ने आदेश दिया संलग्नीकरण के कर्मचारियों का वेतन निकालने से होगी वसूली

# शिक्षा विभाग एवं प्रशासन में कर्मचारियों पर खींचतान शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आयुक्त शिक्षा के विभागीय शैक्षणिक कर्मचारियों के संलग्नीकरण (अटैचमेंट) समाप्ति के आदेश के बाद शिक्षा विभाग एवं प्रशासन में कर्मचारियों को लेकर खींचतान की शुरूआत हो चुकी है। वर्षों से प्रशासन की मलाई में मस्त कर्मचारियों पर भी प्रशासन का रंग चढ़ गया है और वे मूल विभाग में आने को तैयार नहीं है। आयुक्त ने आदेश दिए हैं कि संलग्नीकरण के कर्मचारी अधिकारी का वेतन जो भी निकालेगा उसी से वसूली होगी। ऐसे में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के गले में फांस अटकी हुई है।

प्रदेश में संलग्नीकरण पर पूरी तरह से बैंड होने की बात कहीं जाती है। इसके विरूद्ध शिक्षा विभाग में पिछले लंबे समय से कर्मचारियों एवं अधिकारियों को लेकर

### कतिपय कर्मचारी प्रशासन से मूल विभाग में आने को ही तैयार नहीं




संलग्न कर्मचारियों एवं अधिकारियों के वेतन मूल विभाग से नहीं निकालने के निर्देश जारी होते रहे हैं। हाल ही में आयुक्त के आदेश ने विभाग के वेतन आहरण करने वाले अधिकारियों की सांस चढ़ा दी है।

**इनसे होगी वसूली-** शिक्षा विभाग में वेतन आहरण के अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकूल प्राचार्य को हैं। जिला शिक्षा अधिकारी अपने कार्यालय के कर्मचारियों का ही वेतन आहरण करने का अधिकार रखते हैं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकूल प्राचार्य अपने अपने क्षेत्रों के प्रावि, मावि, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन आहरण का अधिकार रखते हैं। ऐसे में अधिकांश मामलों में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकूल प्राचार्यों की सांस चढ़ी हुई है।

### कई की शुगर और बीपी बढ़ा

आयुक्त के आदेश के बाद वेतन निकालने के मामले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्यों की स्थिति इधर कुंआ एवं इधर बावड़ी वाली हो गई है। प्रशासनिक कामों में संलग्न विभाग के कर्मचारी प्रशासन से वेतन के लिए दबाव में हैं तो विभागीय स्तर पर वेतन निकालने पर वसूली के डर से सेवा निवृत्ति के कगार पर आ चुके कई विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल प्राचार्यों की सांस फूली हूई है। कुछ की शुगर बढ़ गई है तो कुछ का बीपी उपर नीचे हो रहा है।

### जनगणना एवं निर्वाचन से भी वापसी

विभागीय सूत्रों का कहना है कि आयुक्त अभिषेक सिंह ने अपने निर्देश में स्पष्ट किया है कि जनगणनाए एवं निर्वाचन के कार्यालयीन कामों में लगे शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को भी वापस बुलाकर उनसे मूल विभाग में काम लिया जाए। इसके चलते प्रशासन एवं विभाग के बीच स्थितियां तनाव पूर्ण हो चुकी हैं।

### प्रशासन में ही 77 कर्मचारी

इधर विभागीय सूत्र बता रहे हैं कि संभाग एवं जिले के प्रशासन में ही शिक्षा विभाग के 77 कर्मचारी संलग्नीकरण में हैं। इसके अलावा जिला पंचायत एवं अन्य विभागों में भी कर्मचारी लगे हैं। सभी का संलग्नीकरण समाप्त कर इन्हें मूल विभाग में बुलाया गया है। इसके बावजूद इनमें से कई कर्मचारी मूल विभाग में आने की बजाय विभाग के अधिकारियों पर दबाव बनाने में लगे हुए हैं।

# उज्जैन में हर महीने 2 हजार डॉग बाइट के मामले

## दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु भी बन रहे शिकार, सीएमएचओ बोले- एंटी-रेबीज वैक्सीन की कमी नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ रहा है, जहां हर महीने लगभग 2 हजार डॉग बाइट के मामले सामने आ रहे हैं। पूरे जिले में एंटी-रेबीज वैक्सीन लगाने की सुविधा केवल चरक अस्पताल में उपलब्ध है। इसके कारण शहर और जिलेभर से आने वाले मरीजों के साथ-साथ महाकाल दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को भी इलाज के लिए इसी अस्पताल में जाना पड़ता है। चरक अस्पताल में कई बार एक साथ कई डॉग बाइट के मामले पहुंचते हैं। अस्पताल में केवल तीन नर्सें एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाने का काम संभाल रही हैं, जिससे मरीजों को लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ता है।

### जिले में कई घटनाएं सामने आई हैं

महाकालेश्वर मंदिर और महाकाल लोक क्षेत्र में भी डॉग बाइट के कई मामले दर्ज किए गए हैं। इससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं की यात्रा भी प्रभावित होती है। हाल ही में महाकाल मंदिर परिसर में कार्यरत एक महिला सफाई कर्मी पर भी आवारा कुत्ते ने हमला किया था। हाल के महीनों में जिले में कई गंभीर घटनाएं सामने आई हैं। जनवरी 2026 में महिदपुर में एक कुत्ते ने लगभग 40 लोगों को काटा था। जून 2026 में महिदपुर तहसील के देलवाड़ी गांव में एक तीन



वर्षीय बच्चे को आवारा कुत्ते ने काट लिया था। कुछ दिन पहले एक महिला अपने बच्चों के साथ स्कूटी से जा रही थी, तभी एक कुत्ता उसके पीछे पड़ गया और वह बच्चों सहित गिर गई थी। जिसमें बोहरा समाज ने इस मामले में निगम को इस बात से अवगत कराया था।

### निगम का शेल्टर खाली पड़ा

सुप्रीम कोर्ट द्वारा आवारा कुत्तों के प्रबंधन को लेकर दिए गए निर्देशों के बाद शहरवासियों को उम्मीद है कि नगर निगम इस समस्या के समाधान के लिए प्रभावी कार्रवाई करेगा। हालांकि, नगर निगम की कुत्तों को पकड़ने और नसबंदी करने की व्यवस्था पूरी तरह बंद है। निगम का शेल्टर खाली पड़ा है। वर्तमान में कोई एन जी ओ नहीं है।
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) ने बताया कि जिले में हर महीने लगभग 2 हजार डॉग बाइट के मामले दर्ज होते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सभी मरीजों के लिए चरक अस्पताल में एंटी-रेबीज वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और इसकी कोई कमी नहीं है।

देवास जिला प्रशासन की सतवास में बड़ी कार्रवाई

# 12 निजी स्कूलों की यूनिफॉर्म बेचने वाली दुकान सील की



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

निजी स्कूलों की यूनिफॉर्म को लेकर मिल रही शिकायतों पर शुक्रवार को देवास जिला प्रशासन ने सतवास में बड़ी कार्रवाई करते हुए कान्हा कलेक्शन दुकान को सील किया है। इस दुकान पर 12 निजी स्कूलों की यूनिफॉर्म का विक्रय किया जा रहा था।

कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देश पर जिला परियोजना समन्वय अधिकारी अजय मिश्रा के नेतृत्व में शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। इस दौरान सतवास तहसीलदार अवधेश कुमार यादव और थाना प्रभारी दिलीप पुरी मौजूद रहे। टीम ने दुकान के साथ कुछ निजी स्कूलों का भी निरीक्षण किया।

जांच के दौरान दुकानदार ने स्वीकार किया कि उसकी दुकान पर 12 निजी स्कूलों की यूनिफॉर्म उपलब्ध है, लेकिन वह ऐसे कोई अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सका, जिनसे यह स्पष्ट हो सके कि वह इन स्कूलों की यूनिफॉर्म किस आधार पर बेच रहा था। कलेक्टर द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन और यूनिफॉर्म बिक्री में एकाधिकार की शिकायत को देखते हुए प्रशासन ने दुकान को सील कर दिया।

संयुक्त टीम ने निजी स्कूलों में यूनिफॉर्म और पुस्तकों की व्यवस्था की भी जांच की। डीपीसी अजय मिश्रा ने बताया कि पिछले कुछ समय से अभिभावकों की शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ निजी स्कूल एक ही दुकान से यूनिफॉर्म और किताबें खरीदने का दबाव बना रहे हैं, जिससे पालकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि जिलेभर में जांच अभियान जारी रहेगा, जहां भी आदेश का उल्लंघन या अभिभावकों को किसी एक दुकान से यूनिफॉर्म अथवा किताबें खरीदने के लिए बाध्य किए जाने की शिकायत मिलेगी, वहां संबंधित निजी स्कूलों के खिलाफ एफआईआर सहित नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# आईआईटी मुंबई सिंहस्थ के कामों के लिए ट्रेनिंग देगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आगामी सिंहस्थ को लेकर उज्जैन में 15 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के विकास और निर्माण कार्य चल रहे हैं। इन कामों को समय पर, सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए सिंहस्थ मेला कार्यालय में शुक्रवार से दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। इसमें आईआईटी मुंबई के प्रोफेसर इंजीनियरों, सुपरवाइजरों और श्रमिकों को प्रशिक्षण दे रहे हैं।

प्रशिक्षण के पहले चरण में आईआईटी मुंबई के प्रोफेसर अल्बर्ट और प्रोफेसर वरुण कुमार 100 से अधिक इंजीनियरों और



सुपरवाइजरों को साइट प्रबंधन, निर्माण गुणवत्ता और सुरक्षा के तकनीकी पहलुओं की जानकारी दे रहे हैं। पहले दिन करीब 50 इंजीनियरों ने प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण के दूसरे चरण में निर्माण स्थलों पर काम करने वाले श्रमिकों को भी सुरक्षा और कार्य गुणवत्ता से जुड़े जरूरी उपाय सिखाए जाएंगे। प्रशिक्षण प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश हैं कि सिंहस्थ से जुड़े सभी निर्माण कार्य पूरी सुरक्षा के साथ पूरे किए जाएं। उज्जैन में फिलहाल 100 से अधिक निर्माण स्थल सक्रिय हैं।

# स्वीमिंग पूल खेल विभाग को देने की तैयारी

**उज्जैन।** नगर निगम कार्यालय के पीछे बना अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्वीमिंग पूल अब खेल विभाग को दिया जाएगा। निगम ने इसके लिए शासन स्तर पर प्रस्ताव भेजा है। अनुमति के बाद पूल का संचालन, रखरखाव और उपयोग की जिम्मेदारी खेल विभाग संभालेगा। निगम ने इसका उद्देश्य बताया कि कि यह सुविधा शहर के खिलाड़ियों और तैराकों के बेहतर प्रशिक्षण के लिए उपयोग में आ सके। करीब 10 करोड़ की लागत से वर्ष 19 में तैयार स्वीमिंग पूल का शुरूआती संचालन ननि ने किया था। हालांकि रखरखाव और संचालन संबंधी चुनौतियों के चलते बाद में इसे निजी एजेंसियों को सौंपने की प्रक्रिया शुरू की गई। पिछले वर्ष टेंडर के बाद कुछ समय के लिए निजी कंपनी ने संचालन भी किया, लेकिन गर्मी के मौसम में संचालन अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं हो सका।

# संभागायुक्त एवं कलेक्टर ने किया निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ 2028 के अंतर्गत निमार्णाधीन कार्यों का शुक्रवार को संभाग आयुक्त सह सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा भी मौजूद रहे। संभाग आयुक्त सिंह ने निर्देश दिए कि मार्ग चौड़ीकरण और ब्रिज निर्माण के कार्य समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। नियमित निरीक्षण के तहत शुक्रवार को संभाग आयुक्त आशीष सिंह और कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शिप्रा नदी पर निर्माणाधीन ब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान सेतु निगम के अधिकारियों द्वारा ब्रिज निर्माण की प्रगति की जानकारी दी गई। इसके बाद उन्होंने



नगर निगम के माध्यम से हरसिद्धि की पाल से रामघाट तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। मार्ग चौडीकरण अंतर्गत रिटर्निंग वॉल एवं गेबियन वॉल का निर्माण कार्य प्रगतिरत है। संभाग आयुक्त सिंह और कलेक्टर सिंह ने फ्रीगंज ब्रिज निर्माण कार्य का निरीक्षण कर ब्रिज निर्माण प्रगति की जानकारी सेतु निगम के अधिकारियों से ली। संभाग आयुक्त सिंह ने गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखने और समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

श्रावण-भादौ मास की तैयारियों का मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने किया निरीक्षण

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम दर्शन व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रशासक एवं अपर कलेक्टर प्रथम कौशिक ने श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर एवं आसपास संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों तथा आगामी श्रावण-भादौ मास की तैयारियों का निरीक्षण एवं भ्रमण किया। श्री महाकालेश्वर मंदिर परिसर, हरसिद्धि, बड़ा गणेश रोड, महाराजवाड़ा के सामने, श्री महाकाल मंदिर के सामने प्रस्तावित 30 मीटर सड़क, महाकाल महालोक एवं अवंतिका द्वार सहित विभिन्न स्थलों पर चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का



जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कौशिक ने संबंधित निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों से कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कौशिक ने आगामी श्रावण-भादौ मास की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए दर्शन व्यवस्था, जूता स्टैंड, क्लॉक रूम, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा, बैरिकेडिंग, आवागमन एवं अन्य श्रद्धालु सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक व्यवस्था सुचारु, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धालु की सुविधा केंद्रित हो, उन्होंने विशेष रूप से कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं सुगम दर्शन व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में सभी तैयारियां पूर्ण कर लें, जिससे श्रावण-भादौ मास के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर एवं सुगम सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

निरीक्षण के दौरान संबंधित निर्माण एजेंसियों के अधिकारी तथा श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।


# 25 जुलाई से बदलेगा 3 राशियों का भाग्य, करियर में होगा बड़ा उछाल

## ज्योतिष के अनुसार एकादशी का व्रत शुभ, यह दिन मेष, वृषभ और कन्या राशि वालों के लिए अच्छा माना जा रहा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवशयनी एकादशी इस साल 25 जुलाई को मनाई जाएगी। ज्योतिष के अनुसार, यह दिन मेष, वृषभ और कन्या राशि वालों के लिए शुभ माना जा रहा है। मेष राशि वालों को करियर और कमाई में फायदा, वृषभ राशि वालों को मेहनत का फल और आर्थिक मजबूती, जबकि कन्या राशि वालों को नए मौके और पैसों से जुड़ी खुशखबरी मिल सकती है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करना शुभ माना जाता है।

इस साल देवशयनी एकादशी 25 जुलाई, शनिवार को मनाई जाएगी। मान्यता है कि इसी दिन भगवान विष्णु चार महीने के लिए योगनिद्रा में चले जाते हैं। इसी के साथ



चातुर्मास की भी शुरूआत होती है। हालांकि इस दौरान भी भगवान विष्णु की पूजा और एकादशी का व्रत उतना ही शुभ माना जाता है। ज्योतिष के मुताबिक, इस बार की देवशयनी एकादशी 3 राशियों के लिए खास तौर पर शुभ मानी जा रही है। इन लोगों को करियर, पैसे और रिश्तों में अच्छे बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

### मेष : करियर में मिल सकती है नई सफलता

- देवशयनी एकादशी मेष राशि वालों के लिए अच्छी खबर लेकर आ सकती है। भगवान विष्णु की कृपा से कमाई के नए मौके मिल सकते हैं। अगर आपने पहले कहीं निवेश किया है, तो उससे फायदा होने की संभावना है। हालांकि कोई भी बड़ा फैसला लेने से पहले अच्छी तरह सोच लें।
- नौकरी या बिजनेस में आगे बढ़ने के मौके मिल सकते हैं और आपकी मेहनत का अच्छा रिजल्ट देखने को मिलेगा। बस जरूरत से ज्यादा कॉन्फिडेंट होने से बचें, क्योंकि इससे काम बिगड़ भी सकता है। लव लाइफ और शादीशुदा जिंदगी में भी खुशियां बढ़ सकती हैं और पार्टनर के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा।

### वृषभ : मेहनत का मिलेगा पूरा फायदा

वृषभ राशि वालों के लिए यह एकादशी करियर के लिहाज से काफी अच्छी रह सकती है। ऑफिस या काम की जगह पर आपकी मेहनत की तारीफ होगी और अच्छे नतीजे मिल सकते हैं। भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा से आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर हो सकती है। पुराने निवेश से अचानक फायदा मिलने के योग हैं, जिससे बचत भी बढ़ सकती है। अगर आप किसी क्रिएटिव फील्ड में हैं, तो आपको नई पहचान और अच्छे मौके मिल सकते हैं।

### कन्या : पैसों और परिवार दोनों में मिलेगी खुशियां

- कन्या राशि वालों के लिए देवशयनी एकादशी आर्थिक मामलों में शुभ मानी जा रही है। मां लक्ष्मी की कृपा से पैसों से जुड़ी परेशानियां कम हो सकती हैं और आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है।
- अगर आप कोई नया काम शुरू करने की सोच रहे हैं, तो समय आपके पक्ष में रह सकता है। करियर में आगे बढ़ने के अच्छे मौके मिलेंगे। सेहत ठीक रहेगी और परिवार का माहौल भी खुशहाल रहेगा। दोस्तों और करीबियों का साथ मिलेगा। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात भी हो सकती है, जो आपको खुशी देगी।

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

# दैनिक अवन्तिका



## न्यूज ब्रीफ

### 25 नये मार्गो पर 85 सिटी बसों का होगा संचालन

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट की अध्यक्षता में आज रेसीडेंसी कोठी पर सांवेर विधानसभा क्षेत्र में सिटी बसों की संख्या बढ़ाने को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्री श्री सिलावट द्वारा सांवेर विधानसभा क्षेत्र में संचालित की जा रही सिटी बसों की प्रगति रिपोर्ट देखी और उसकी समीक्षा की। बैठक में अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड इंदौर के कार्यकारी निदेशक अर्थ जैन एवं सहायक सचिव सिटी बस ऑपरेटर संदीप त्रिवेदी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि सांवेर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर लोक परिवहन सुविधा देने के लिए बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी। आगामी 15 अगस्त : स्वाधीनता दिवस से सांवेर विधानसभा क्षेत्र में 85 नई सिटी बसों का संचालन किया जाएगा।


### लोक सेवा केंद्र और नकल शाखा का औचक निरीक्षण किया

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप आमजन को समयबद्ध, सरल एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन लगातार व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बना रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर शिवम वर्मा ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय में स्थापित हेल्प डेस्क, नकल शाखा एवं लोक सेवा केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कलेक्टर कार्यालय में आने वाले प्रत्येक आवेदक को त्वरित मार्गदर्शन एवं समय पर समाधान मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी नागरिक को अनावश्यक रूप से भटकना या परेशान नहीं होना पड़े। इसी उद्देश्य से हेल्प डेस्क की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है।

### नाथू बरखेड़ा अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगी सेना भर्ती रैली

**इंदौर।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने भोपाल के अंतर्राष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नाथू बरखेड़ा में 28 जुलाई से 8 अगस्त तक होने वाली अग्निवीर सेना भर्ती रैली की तैयारियों को लेकर सेना भर्ती कार्यालय (एआरओ), जिला प्रशासन एवं खेल और युवा कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक में भर्ती रैली के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्धारित समय-सीमा में तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

### इंदौर के 45 हजार से ज्यादा बच्चे नाटे



**इंदौर।** इंदौर जिले में कुपोषण की स्थिति इतनी गंभीर है कि हर तीन में से एक बच्चा नाटेपन का शिकार है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 5 वर्ष की उम्र के लड़कों की औसत लंबाई करीब 110 सेमी और लड़कियों की 109.4 सेमी और वजन 15 से 17 किलो होना चाहिए। लालबाई-फूलबाई आंगनवाड़ी सिमरोल, भगोरा की आंगनवाड़ी क्रमांक 1-2 और 3 पहुंची तो वहां एक भी बच्चा इस मापदंड पर खरा नहीं उतरा। पोषण ट्रैकर के अनुसार जिले में 0 से 5 वर्ष के 1 लाख 36 हजार 202 पंजीकृत बच्चों में 44 हजार 946 बच्चों की लंबाई उनकी उम्र के अनुसार सामान्य से कम है। विशेषज्ञों के अनुसार नाटापन लंबे समय तक पर्याप्त पोषण नहीं मिलने और बार-बार संक्रमण का संकेत होता है। पोषण की कमी का असर बच्चे पर लंबे समय तक हो सकता है।

### जिला चिकित्सालय के नवीन भवन में स्वास्थ्य सुविधाएं प्रारंभ

**इंदौर।** इंदौर में नवलोकार्पित 300 बिस्तरीय जिला अस्पताल के नवीन भवन में आज सेवाएं प्रारंभ की गई। जिला अस्पताल में चरणबद्ध रूप में सेवाएं प्रदान की जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि आज जिला अस्पताल के मेटरनिटी विंग की ओ.टी. का कल्चर जाँच हेतु भेजा गया। आज ओपीडी में 462 मरीजों का पंजीयन किया गया, 13 टफ्फ की गई और 04 बच्चों का टीकाकरण किया गया। उल्लेखनीय है कि गत दिवस मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिला अस्पताल का लोकार्पण किया। ऑपरेशन थिएटर की कल्चर रिपोर्ट आते ही स्त्री एवं प्रसूति रोग से संबंधित ऑपरेशन अन्य रोगों से संबंधित ऑपरेशन प्रारंभ किए जाएंगे। भवन का स्त्रीरोग विंग पूर्णतः क्रियाशील होने पर स्त्री एवं प्रसूतिरोग के साथ शिशुरोग वार्ड में लगभग 75 से अधिक शैयाएं क्रियाशील होंगी।

### अवैध कॉलोनियों और अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज यहां समय-सीमा के पत्रों (टीएल) के निराकरण की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में अवैध कॉलोनियों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी स्थिति में नई अवैध कॉलोनियों की बसाहट न होने पाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराया जाए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा भी की गई। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने निर्देश दिए कि सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करें।

पर्यटक 400 साल पुराने दुर्लभ दीपकों के इतिहास से हो रहे परिचित

# त्रिवेणी संग्रहालय भारतीय शिल्पकला के अद्भुत संगम का बना साक्षी

## डेढ वर्ष से गैलरी में प्रदर्शनी जारी, लाखों पर्यटकों ने निहार, दीपकों की बनावट, आकार और डिजाइन अलग-अलग


दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



धर्मनगरी उज्जैन का त्रिवेणी कला एवं पुरातत्व संग्रहालय इन दिनों इतिहास और भारतीय शिल्पकला के अद्भुत संगम का साक्षी बना हुआ है। संग्रहालय में आयोजित अभ्यर्धना दीप प्रदर्शनी में मराठा काल सहित विभिन्न ऐतिहासिक कालखंडों के लगभग 400 वर्ष पुराने दुर्लभ दीपक प्रदर्शित किए गए हैं। इन प्राचीन धरोहरों को देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक, शोधकर्ता और कला प्रेमी संग्रहालय पहुंच रहे हैं।

प्रदर्शनी में महाराष्ट्र, दक्षिण भारत, मध्य प्रदेश और हिमाचल प्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों से संग्रहित लगभग 200 पारंपरिक दीपक, प्राचीन चिमनियां और धातु शिल्प प्रदर्शित किए गए हैं। इनमें कई दीप ऐसे हैं, जिनका उपयोग कभी राजमहलों, मंदिरों और विशेष धार्मिक अनुष्ठानों में किया जाता था।

### राजमहलों के दीपों की विरासत



संग्रहालय के जनसंपर्क अधिकारी आदित्य चौरसिया के अनुसार, प्राचीन समय में ये दीप केवल प्रकाश का माध्यम नहीं थे, बल्कि समृद्धि, आस्था और भारतीय शिल्पकला के प्रतीक भी माने जाते थे। प्रदर्शनी में शामिल मयूर आकृति, बारीक नक्काशी और पारंपरिक डिजाइन वाले मराठा कालीन दीपक दर्शकों का विशेष आकर्षण बने हुए हैं।

आदित्य चौरसिया ने बताया, त्रिवेणी कला एवं पुरातत्व संग्रहालय में आयोजित प्रदर्शनी के दीपकों को दक्षिण भारत, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश सहित देश के अनेक हिस्सों से इकठ्ठा किया गया है।

### संग्रहालय बना संस्कृति का प्रमुख केंद्र

वर्ष 2016 के सिंहस्थ महापर्व के दौरान स्थापित त्रिवेणी कला एवं पुरातत्व संग्रहालय आज भारतीय इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व को जानने का प्रमुख केंद्र बन चुका है। महाकाल लोक आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक यहां पहुंचकर सदियों पुरानी कलात्मक धरोहरों का अवलोकन कर रहे हैं। संग्रहालय प्रबंधन द्वारा वर्ष 2023 से ह्यअभ्यर्धनाह्न दीप प्रदर्शनी का नियमित आयोजन किया जा रहा है। हर वर्ष आयोजित होने वाली यह प्रदर्शनी भारतीय धातु कला, प्राचीन शिल्प परंपरा और सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रही है।

गुप्त नवरात्रि: मां बगलामुखी मंदिर में किया जा रहा मिर्ची हवन

# दस महाविद्या की आराधना संग शुरु हुआ अनुष्ठान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



धार्मिक नगरी उज्जैन में आज से आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्रि का शुभारंभ हो गया है। इस बार गुप्त नवरात्रि और भी खास है, क्योंकि बुध पुष्य नक्षत्र, हर्षल योग और गजकेसरी योग का दुर्लभ संयोग बन रहा है। भैरवगढ़ स्थित बगलामुखी माता मंदिर में संस्थापक रामनाथ महाराज के सान्निध्य में विशेष अनुष्ठान शुरू हुए। यज्ञाचार्य पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि यह उज्जैन का एकमात्र ऐसा शक्तिपीठ है, जहां मां बगलामुखी के साथ प्रत्यंगिरा भगवती और दस महाविद्याओं का मंदिर एक साथ स्थापित है।

गुप्त नवरात्रि के नौ दिन यहां नित्य हवन-पूजन के साथ भारत और विश्व कल्याण के लिए विशेष अर्चन किया जाएगा।

गुप्त नवरात्रि तंत्र साधना का महापर्व है। रामनाथ महाराज ने बताया कि कुछ साधक कुल परंपरा से दुर्गा सप्तशती, दुर्गा कवच और देवी मंत्रों का पाठ करते हैं। वहीं कुछ साधक अघोर तंत्र से रात 12 बजे से सुबह 4 बजे तक चक्रतीर्थ, ओखलेश्वर श्मशान घाट पर साधना करते हैं। उज्जैन में विक्रांत भैरव, हरसिद्धि शक्तिपीठ और गढ़कालिका पर भी नौ दिन विशेष पूजन-अर्चन होगा। गुप्त नवरात्रि में 10 महाविद्याओं की साधना का विशेष महत्व है। शिव-शक्ति की नगरी होने के कारण यहां सिद्धि प्राप्ति का योग सबसे ज्यादा माना जाता है। ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला के अनुसार प्रतिपदा तिथि पर बव करण और कर्क राशि के चंद्रमा से गजकेसरी योग बना। ऐसे में देवी साधना का फल कई गुना बढ़ जाता है। गढ़कालिका माता मंदिर के महंत करिश्मानाथ ने बताया कि नौ दिन देवी का अभिषेक-पूजन कर नित नया श्रृंगार किया जाएगा।

### गढ़कालिका में कुमकुम अर्चना, हरसिद्धि में विशेष श्रृंगार

ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला के अनुसार प्रतिपदा तिथि पर बव करण और कर्क राशि के चंद्रमा से गजकेसरी योग बना। ऐसे में देवी साधना का फल कई गुना बढ़ जाता है। गढ़कालिका माता मंदिर के महंत करिश्मानाथ ने बताया कि नौ दिन देवी का अभिषेक-पूजन कर नित नया श्रृंगार किया जाएगा। मान्यता है कि कुमकुम अर्चना से माता गढ़कालिका शीघ्र प्रसन्न होती हैं। हरसिद्धि शक्तिपीठ में भी माता का विशेष अभिषेक और श्रृंगार किया गया। 23 जुलाई को महानवमी पर महापर्व की पूर्णाहुति होगी।

**साल में 4 नवरात्रि, गुप्त साधना का महत्व-** हिंदू पंचांग के अनुसार साल में 4 नवरात्रि आती हैं - 2 प्रकट और 2 गुप्त। गुप्त नवरात्रि में की गई साधना गुप्त रखी जाती है और इसका फल साधक को शीघ्र प्राप्त होता है।

### 200 से अधिक औषधीय एवं पर्यावरणीय महत्व के पौधे लगाए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन




शासकीय धन्वंतरि आयुर्वेद महाविद्यालय, मंगलनाथ मार्ग में पर्यावरण एवं स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. ओ.पी. व्यास की उपस्थिति में 200 से अधिक औषधीय एवं पर्यावरणीय महत्व के पौधों का रोपण किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर द्रव्यगुण विभाग के शिक्षकों द्वारा छात्रों एवं उपस्थित लोगों को विभिन्न औषधीय पौधों की पहचान, उनके औषधीय गुणों एवं पर्यावरण में उनके महत्व की जानकारी दी गई।मीडिया प्रभारी डॉ. प्रकाश जोशी ने बताया कि यह अभियान महाविद्यालय परिसर को हरित एवं औषधीय रूप से समृद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

बैठक बहुत ही उत्साह के साथ सम्पन हुई

# राष्ट्रसंत की भव्य अगवानी के लिए तैयारियां शुरु

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



परम पूज्य जिन शासन के राष्ट्रसंत मुनि पुंगव 108 श्री सुधा सागर जी महाराज के प्रस्तावित मंगल आगमन एवं वर्ष 2026 के भव्य एवं ऐतिहासिक चातुर्मास की तैयारियों को लेकर गुरुवार रात्रि मोदीजी की नसिया, बड़ा गणपति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में गुरुदेव के भव्य स्वागत, विहार, चातुर्मास एवं विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई। धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि समंग्र जैन धर्मसभा में इंदौर दिगम्बर जैन समाज समाजिक सांसद के सभी सभासद समाज के वरिष्ठजन, विभिन्न जिनालयों के अध्यक्ष, मंत्री एवं प्रतिनिधि, महिला मंडलों, युवा संगठनों, मुनि भक्त मंडलों तथा दिगंबर जैन समाज समाजिक सांसद एवं सकल दिगंबर जैन समाज के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

### समाज के लिए प्रेरणादायी अवसर

धर्मसभा में वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में संगठन, संस्कार, सेवा और समर्पण की भावना को सुदृढ़ करते हैं। सभी समाजजनों से आयोजन को सफल बनाने के लिए तन, मन और धन से सहयोग करने की अपील की गई। सभी ने एक स्वर में कहा कि मुनि पुंगव सुधा सागर जी महाराज का इंदौर आगमन केवल शहर ही नहीं, बल्कि पूरे मालवा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण अवसर होगा। गुरु देव के नगर प्रवेश स्वागत एवं व्यवस्थाओं पर बनी विस्तृत योजना बैठक में एम.के. जैन के संरक्षण तथा अमित कासलीवाल एवं आनंद नवीन गोधा दिलीप पाटनी के मार्गदर्शन में स्वागत, विहार, आवास, समाज सहभागिता तथा अन्य व्यवस्थाओं की विस्तृत योजना पर चर्चा की गई।

### बड़ी संख्या में समाजजन रहे उपस्थित

इस अवसर पर फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झांझरी, इंदौर समाज सामाजिक संसद के अध्यक्ष आनंद गोधा, नवीन गोधा, हर्ष जैन, संदीप सुनीता जैन (मोरया सरिया), विजय पाटोदी, प्रतिपाल टोंग्या, राजेश (दद्दू), आकाश पंड्या, होलास सोनी सुशील पांड्या प्रांशु जैन उषा पाटनी, साधना दगड़े, श्रीमती मुक्ता जैन मोदीजी की नसिया के ट्रस्टीगण, शेखर छाबड़ा, अंजय मिटां कमल जैन, भूपेंद्र जैन, मधुर जैन सुनील गोधा, जयदीप जैन, अनूप गांधी, रेखा पतंग्या, कमल काला, रेखा संजय जैन, निधि जैन सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

### जनजातीय आबादी तक पहुँचे प्रशासन के ग्रीन कमांडो

**इंदौर।** बड़वानी जिले के पाटी विकासखंड के दुर्गम बोकराटा सेक्टर में एक अलग ही हलचल दिखाई दी। गुरूवार को सैकड़ों लोग एक संकल्प को पूरा करने के लिए निकले थे कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे, कोई भी गर्भवती महिला आवश्यक स्वास्थ्य जाँच से दूर न रह जाए।

# टीम ने किया आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

एसडीएम कृतिका भीमावद के नेतृत्व में विकासखंड उज्जैन ग्रामीण में दस्तक अभियान एवं वीएचएनडी (श्लठऊ) सत्र के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान चंदेसरा, नरवर आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-4, लेकोडा, मुंडला सुलेमान, हरसोदन, ताजपुर आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक-5 एवं ब्यावरा का भ्रमण कर दस्तक अभियान एवं वीएचएनडी सत्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन सिंह पंवार, बीपीएम, सेक्टर सुपरवाइजर एवं आईसीडीएस सुपरवाइजर द्वारा हरसोदन, ब्यावरा एवं ताजपुर में अभियान एवं स्वास्थ्य सत्र का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।अधिकारियों ने निर्देश दिए कि दस्तक अभियान के अंतर्गत बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, पोषण एवं अन्य स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रत्येक पात्र बच्चे तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही मैदानी अमले को नियमित रूप से सक्रिय रहकर कार्य करने के निर्देश दिए गए।

## इंदौर आरटीओ में कथित 500 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का आरोप

### प्रदर्शनकारी ने हाथ में लिया अनोखा पोस्टर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर




शहर में हुए एक प्रदर्शन के दौरान एक प्रदर्शनकारी अपने हाथ में ऐसा पोस्टर लेकर पहुंचा, जिसने लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। पोस्टर पर बड़े अक्षरों में लिखा था– इंदौर आरटीओ में 500 करोड़ का भ्रष्टाचार। अगर मैं झूठ बोल रहा हूं तो मुझे फांसी पर चढ़ा दिया जाए।

प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारी ने आरोप लगाया कि इंदौर क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताएं और भ्रष्टाचार हुआ है। उसका कहना था कि मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए ताकि सच्चाई जनता के सामने आ सके। प्रदर्शन में मौजूद कुछ लोगों ने भी भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच की मांग की।

प्रदर्शन स्थल पर यह पोस्टर लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। राहगीरों और अन्य प्रदर्शनकारियों ने भी पोस्टर को देखा और कई लोगों ने इसकी तस्वीरें तथा वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड किए।

हालांकि, यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि पोस्टर पर लिखे गए आरोप प्रदर्शनकारी के व्यक्तिगत दावे हैं। इन आरोपों की किसी सक्षम एजेंसी या न्यायालय द्वारा पुष्टि नहीं हुई है। समाचार लिखे जाने तक इंदौर आरटीओ या संबंधित सरकारी अधिकारियों की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी। यदि भविष्य में इस मामले में किसी जांच एजेंसी की कार्रवाई होती है या प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी किया जाता है, तो उससे स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

इंदौर के बड़े उद्योगपति को जमकर फायदा पहुंचाया

# नगर निगम में टैक्स से संबंधित गड़बड़ी आई सामने

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर नगर निगम के बहुचर्चित करोड़ों रुपये के प्रॉपर्टी टैक्स घोटाले में बड़ा खुलासा हुआ है। बिचौली मदार्ना स्थित अग्रवाल पब्लिक स्कूल की संपत्ति कर से जुड़ी मूल फाइल ही निगम के रिकॉर्ड रूम से गायब हो गई है। इसी फाइल में 3.19 करोड़ रुपये के टैक्स बकाये को कथित तौर पर घटाकर 1.82 करोड़ रुपये किए जाने से जुड़े अहम दस्तावेज मौजूद थे। मामले को गंभीर मानते हुए निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने दो कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है और कंप्यूटर लॉग्स के जरिए फाइल की पूरी ट्रैकिंग शुरू कर दी गई है।

इसी बीच कल स्कूल संचालक एवं उद्योगपति विनोद अग्रवाल निगम मुख्यालय पहुंचकर आयुक्त से मिले। मुलाकात के बाद उन्होंने केवल इतना कहा कि निगम का नोटिस मिला है और उसका जवाब मैं दे रहा हूं । अब सवाल यह है कि करोड़ों की टैक्स गड़बड़ी से जुड़ी मूल फाइल आखिर गायब कैसे हुई और इसके पीछे लापरवाही है या कोई सुनियोजित खेल। इंदौर नगर निगम के इतिहास में पहली मर्तबा राजस्व विभाग पर भ्रष्टाचार के मामले एक साथ सामने आ रहे हैं। एक ओर 354 फर्जी नामांतरण का मामला अभी चर्चा में है, वहीं अब फाइल गायब होने का नया मामला भी सुर्खियों में आ गया है।

### संबंधित नेता ने दूरी बना ली

सूत्रों की माने तो इस प्रकरण में बड़े लेन-देन के बाद संबंधित फाइल को इस तरह गायब कर दिया गया मानो वह श्मिस्टर इंडियाश की तरह अदृश्य हो गई हो। मामले को लेकर विभागीय गलियारों में तरह-तरह की चचाएँ हैं और इसे एक बड़े षड्यंत्र के रूप में देखा जा रहा है। स्कूल के इस प्रकरण में भैया के दबाव में संबंधित संपत्ति का टैक्स कम किया गया था। हालांकि मामला उजागर होने के बाद संबंधित नेता ने दूरी बना ली। पूरे प्रकरण में अरविंद नायक पर कारवाई कर जिम्मेदार ठहराया गया ओर उन्हें बलि का बकरा बना दिया। अब नगर निगम प्रशासन मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक जिम्मेदारों तक पहुंचता है या फिर पूरा मामला केवल निचले स्तर के कर्मचारियों तक सीमित होकर रह जाएगा।

### इंदौर में रेत मंडी की बिजली ग्रिड का नहीं निकल रहा मुहूर्त

आईडीए की स्कीम 97 यानी रेत मंडी के पास बन रही उच्चदाब 132 केवी बिजली ग्रिड के भूमिपूजन का मुहूर्त दो साल बाद भी नहीं निकला पा रहा है। पहले ग्रिड के लिए जमीन नहीं मिल रही थी। फिर जमीन कम पड़ गई। अतिरिक्त जमीन आवंटन हुआ तो नामांतरण को लेकर परेशानी आई। अब जमीन की सारी कागजी औपचारिकता पूरी हो गई तो भी ग्रिड निर्माण का काम शुरू नहीं हो सका। अब राजा रमन्ना प्रगत प्रौद्योगिकी केंद्र (कैट) और बिजली ट्रांसमिशन कंपनी के बीच सहमति बनने तक ग्रिड का काम शुरू नहीं हो सकेगा। प्रदेश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे शहर इंदौर में विद्युत अधोसंरचना को मजबूती देने के लिए शहर के दूसरे हिस्से में 132 केवी का बिजली सब स्टेशन बनाया जाना है। करीब 100 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस सब स्टेशन से शहर के राजेंद्रनगर से लेकर पूरे राऊ, बायपास क्षेत्र व दक्षिण और पश्चिमी सिरे की बसाहट को बेहतर बिजली सुविधा मिल सकेगी।

### कांग्रेस नेता ने प्रिया शर्मा और राजवर्धन को भेजा 5 करोड़ का कानूनी नोटिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कांग्रेस नेता एवं प्रदेश प्रवक्ता हर्ष जैन ने अधिवक्ता सुजय शुक्ला के माध्यम से राहुल शर्मा, प्रिया शर्मा और अधिवक्ता राजवर्धन शांडिल्य को 5 करोड़ का कानूनी नोटिस भेजा है। नोटिस में आरोप लगाया गया है कि तीनों ने कथित रूप से झूठी शिकायत, मानहानिकारक आरोपों के प्रचार-प्रसार और ब्लैकमेल की साजिश के जरिए उनकी सामाजिक, राजनीतिक और व्यावसायिक छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया।

नोटिस के अनुसार, थाना कनाड़िया पुलिस की जांच में कॉल डिटेल रिकॉर्ड, मोबाइल लोकेशन, गवाहों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर शिकायत में लगाए गए आरोप असत्य पाए गए। दावा किया गया है कि जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में कथित घटना को निराधार बताया है। नोटिस में यह भी दावा किया गया है कि शिकायत दर्ज कराने से पहले हर्ष जैन से कथित रूप से धनराशि की मांग की गई थी और भुगतान नहीं करने पर झूठे मामले में फंसाने की धमकी दी गई।

## अनियमितता के मामले में पंधाना थाने में एफआईआर दर्ज

**खण्डवा।** उर्वरक निरीक्षक एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री जितेन्द्र सिंह दादौरिया ने रूस्तमपुर के उर्वरक विक्रेता मेसर्स प्रेरणा कृषि सेवा केन्द्र की जांच की। जांच में उर्वरक विक्रय एवं भण्डारण में अनियमितता पाए जाने पर उन्होंने पंधाना थाने में बुधवार देर रात उर्वरक विक्रेता के विरूद्ध एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई है। उप संचालक कृषि  नितेश यादव ने बताया कि बुधवार को रूस्तमपुर के उर्वरक विक्रेता मेसर्स प्रेरणा कृषि सेवा केन्द्र के निरीक्षण के दौरान उर्वरक निरीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह दादौरिया ने पाया कि सम्बंधित फर्म द्वारा उर्वरक भण्डारण के मामले में उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 की धारा 4, 5, 8 व 35 का उल्लंघन किया जा रहा है तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि प्रेरणा कृषि सेवा केन्द्र द्वारा ई-टोकन सिस्टम सम्बंधी निदेर्शों का पालन नहीं किया गया। पीओएस मशीन में यूरिया 1102 बैग की उपलब्धता प्रदर्शित हो रही थी, जबकि सम्बंधित प्रतिष्ठान में यूरिया का स्टॉक निरंक पाया गया। इससे प्रतीत होता है कि विक्रेता द्वारा अवैधानिक रूप से व्यापार किया गया।

## फसल का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**खण्डवा।** कृषि विभाग ने किसान बंधुओं से अपील की है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अपनी अधिसूचित फसल का बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 से पूर्व अवश्य करा लें। कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने किसानों को फसल बीमा के सम्बंध में जानकारी देकर उन्हें फसल बीमा कराने के लिए प्रेरित करने के लिए पटवारी हल्का स्तर पर शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। इन शिविरों में पटवारी के साथ साथ कृषि विभाग और बीमा कम्पनी के अधिकारी भी उपस्थित रहकर अऋणी एवं डिफॉल्टर किसानों को फसल का बीमा कराने की समझाइश देंगे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिए हैं कि इन शिविरों से एक दिन पूर्व गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को शिविर आयोजन की सूचना दी जाए।

## विशेष लोक अदालत की तैयारियों सम्बंधी समीक्षा बैठक सम्पन्न



**खण्डवा।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निदेर्शानुसार 18 जुलाई को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन के उद्देश्य से बुधवार को जिला न्यायालय, खंडवा में समीक्षा बैठक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों को लंबित प्रकरणों में पक्षकारों से समन्वय स्थापित कर अधिकाधिक मामलों को विशेष लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से निराकृत कराने के निर्देश दिए। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री श्रीवास्तव ने कहा कि विशेष लोक अदालत का उद्देश्य पक्षकारों को त्वरित, सुलभ एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराना है, जिससे समय और धन दोनों की बचत हो तथा न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का भार भी कम हो। बैठक में विशेष न्यायाधीश उत्सव चतुवेर्दी, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय योगराज उपाध्याय, जिला न्यायाधीश अनिल चौधरी, अरविंद सिंह टेकाम, आशीष प्रताप सिंह,  वीरेंद्र जोशी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट  ठाकुर प्रसाद मालवीय, जिला रजिस्ट्रार अरविंद सिंह, एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण  पीयूष भावे उपस्थित रहे। बैठक में तहसील सिविल न्यायालय हरसूद एवं पुनासा के न्यायिक अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

## 30 जुलाई तक आयोजित होगा नशे से दूरी है जरूरी अभियान

**खण्डवा।** नागरिकों को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 15 से 30 जुलाई तक ह्लनशे से दूरी है जरूरीह्व आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स और स्काउट गाइड युवाओं को नशा मुक्त समाज के निर्माण का संदेश देंगे। इस दौरान जागरूकता रैली, ड्रग अवेयरनेस रन की गतिविधियां होंगी। विद्यार्थियों को नशा मुक्त जीवन की शपथ भी दिलाई जाएगी। इसके साथ ही विद्यार्थियों द्वारा नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता के लिए रील्स निर्माण तथा उनका प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही नशा मुक्ति विषय पर विशेष व्याख्यान और डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शन आयोजित होंगे। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग ने बताया कि अभियान के दौरान चित्रकला, निबंध, पेंटिंग, स्लोगन, रंगोली एवं पोस्टर प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को नशा मुक्ति का संदेश दिया जाएगा। अभियान के दौरान राष्ट्रीय नशामुक्ति हेल्पलाइन नंबर-14446 और मानस हेल्पलाइन नंबर-1933 का व्यापक प्रचार प्रसार कर इसके बारे में नागरिकों को जानकारी दी जाएगी। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर नशे के विरूद्ध शॉर्ट फिल्म्स का प्रदर्शन किया जाएगा। अभियान के दौरान नागरिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई जाएगी तथा सार्वजनिक स्थानों पर नशे के विरूद्ध मानव श्रंखला निर्मित की जाएगी। अभियान के दौरान सार्वजनिक वाहनों पर नशा मुक्ति सम्बंधी पोस्टर चस्पा किए जाएंगे।

# नशा बेचने वालों पर प्रशासन ने की सख्त कार्रवाई पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने से हटाया अतिक्रमण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सनावद



शासन के नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के तहत शुक्रवार को पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने अतिक्रमण कर तंबाकू, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट एवं अन्य नशीले उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई की। अभियान का नेतृत्व तहसीलदार केशिया सोलंकी, थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र मिश्रा ने अपने-अपने अमले के साथ किया।

कार्रवाई के दौरान दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई लोग तंबाकू उत्पादों को थैलियों में भरकर हटाते नजर आए, लेकिन टीम ने बड़ी मात्रा में गुटखा, तंबाकू पाउच, बीड़ी और सिगरेट जब्त कर नियमानुसार कार्रवाई की। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि स्कूल एवं कॉलेज के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार के तंबाकू या नशीले उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित है। तहसीलदार केशिया सोलंकी ने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव ने चेतावनी दी कि भविष्य में भी शैक्षणिक संस्थानों के आसपास नशे और तंबाकू उत्पादों की बिक्री करने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास अतिक्रमण एवं अवैध कारोबार किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा ऐसे मामलों में निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

### नागरिक अधिकार मंच की पहल पर हरकत में आया विभाग

# अध्यक्ष के वार्ड से हटाया जलभराव

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सनावद



नागरिक अधिकार मंच द्वारा उठाए गए जनहित के मुद्दे और समाचार प्रकाशित होने के बाद नगर पालिका प्रशासन सक्रिय नजर आया। अध्यक्ष के वार्ड क्रमांक 15 स्थित पुलिस थाने के पास लंबे समय से बने जलभराव की समस्या पर खबर सामने आने के बाद संबंधित मार्ग पर तत्काल कार्रवाई शुरू की गई।

प्रशासन ने पहले बैरिकेडिंग लगाकर मार्ग को सुरक्षित किया, फिर सड़क पर जमा पानी की निकासी कराई। वर्तमान में मार्ग से जलभराव हट गया है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को राहत मिली है। हालांकि नागरिकों का कहना है कि यह केवल तात्कालिक व्यवस्था है, जबकि स्थायी समाधान के लिए सड़क के लेवल, जल निकासी व्यवस्था और निर्माण गुणवत्ता की तकनीकी जांच आवश्यक है। नागरिक अधिकार मंच ने कहा कि उसका उद्देश्य किसी व्यक्ति या संस्था को कटघरे में खड़ा करना नहीं, बल्कि जनसमस्याओं का समाधान कराना है। मंच ने प्रशासन से मांग की है कि यदि निर्माण कार्य में तकनीकी खामियां पाई जाती हैं तो जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए भविष्य में ऐसी समस्याओं की पुनरावृत्ति रोकी जाए। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि खबर के बाद शुरू हुई कार्रवाई अब स्थायी समाधान तक पहुंचेगी, ताकि बिना बारिश के जलभराव जैसी स्थिति दोबारा उत्पन्न न हो।

## आरसेटी में प्लंबिंग एवं सेनेटरी वर्क का प्रशिक्षण शुरु

**खण्डवा।** स्टार ग्रामीण रोजगार प्रशिक्षण संस्थान, खण्डवा में जिले के 18 से 50 वर्ष आयु तक के ग्रामीण बेरोजगार युवकों के लिए शुक्रवार से प्लंबिंग एवं सेनेटरी वर्क का 6 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। आरसेटी के निदेशक ने बताया कि इस प्रशिक्षण के लिए जिले के इच्छुक उम्मीदवारों के पास आधार कार्ड, समग्र आईडी, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज के 5 फोटो और अंक सूची,  मनरेगा का जॉब कार्ड होना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए हरसूद नाका, एनवीडीए कॉलोनी, सिविल लाइन खण्डवा स्थित स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, आरसेटी कार्यालय में कार्यालयीन समय में कार्य दिवसों में  सम्पर्क किया जा सकता है।

### नीट 2026 : मेक्रो विजन एकेडमी का दमदार प्रदर्शन

# बुरहानपुर के 145 में से 125 विद्यार्थियों का चयन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बुरहानपुर



नीट 2026 का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही मेक्रो विजन एकेडमी ने सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया है। एकेडमी के 145 विद्यार्थियों में से 125 विद्यार्थियों ने नीट उत्तीर्ण कर संस्था और जिले का नाम रोशन किया है। प्राचार्य जसवीर सिंह  एवं जीव विज्ञान संकाय प्रमुख संतोष सिलोरीया ने बताया कि इस वर्ष एकेडमी के 4 विद्यार्थियों ने 720 में से 600 से अधिक अंक प्राप्त किए हैं।

**सर्वोच्च अंक लाने वाले विद्यार्थी –** श्रेया अग्रवाल - 646 अंक , नम्रता पटेल - 634 अंक, शशि जाट - 626 अंकस, अविराज जैन - 625 अंक, मयंक टैगोर - 619 अंक, आर्यन गुप्ता - 599 अंक, सृष्टि चुगवानी - 593 अंक, दुर्गेश राठौर - 584 अंक

**जीव विज्ञान में 100%–** आदि नेमा ने जीव विज्ञान में 360 में से 360 अंक प्राप्त किए। आदि ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में भी जीव विज्ञान में 100 में से 100 अंक हासिल किए थे। श्रेया अग्रवाल ने जीव विज्ञान में 360 में से 355 अंक प्राप्त किए।

इस तरह कुल 50 विद्यार्थी इस साल एमबीबीएस में प्रवेश लेकर देश के भावी चिकित्सक बनेंगे। विशेष बात यह है कि सभी चयनित विद्यार्थियों ने प्रथम प्रयास में ही यह सफलता हासिल की है।

इस उपलब्धि पर एकेडमी के संचालक आनंद प्रकाश चौकसे, मंजूषा चौकसे, कबीर चौकसे, देवांशी चौकसे, अंतरा चौकसे, प्राचार्य जसवीर सिंह परमार, उप प्राचार्या मोनिका अग्रवाल सहित संतोष सिलोरिया, अरुण शर्मा, विभा जेटली, शीतल पोपली, प्रतिभा नायर और विजय सुखवानी ने समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों को बधाई दी। प्राचार्य जसवीर सिंह परमार ने कहायह परिणाम हमारी मेहनत और अनुशासित मार्गदर्शन का परिणाम है। बुरहानपुर के विद्यार्थी अब देश के शीर्ष चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश पा रहे हैं।

## जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**उज्जैन।** जिला कार्यक्रम अधिकारी बृजेश त्रिपाठी के मार्गदर्शन में महिदपुर स्थित शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय  एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण  अधिनियम-2012 एवं बाल संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में  प्रियंका त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं को पॉक्सो अधिनियम की जानकारी दी। उन्होंने गुड टच-बैड टच, सुरक्षित एवं असुरक्षित व्यवहार की पहचान, किसी भी प्रकार के लैंगिक शोषण या उत्पीड़न की स्थिति में बिना भय के माता-पिता, शिक्षक, विश्वसनीय वयस्क अथवा संबंधित विभाग को तत्काल सूचना देने के महत्व पर प्रकाश डाला।

# दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान: घर-घर पहुंच रही पशु स्वास्थ्य सेवाएं

### योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ हो रहा गौशालाओं का निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बुरहानपुर

मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर प्रदेशभर में संचालित दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान से जिले के पशुपालकों को सीधा लाभ मिल रहा है।

अभियान का उद्देश्य पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त करना, दुग्ध उत्पादन बढ़ाना और पशुपालन से जुड़ी शासकीय योजनाओं का अधिकतम लाभ उपलब्ध कराना है। जिले में यह अभियान 18 जुलाई 2026 तक चलेगा। इसके तीसरे चरण में पशुपालन विभाग के अधिकारी और मैदानी अमला गांव-गांव जाकर पशुपालकों से संपर्क कर रहे हैं। अभियान के तहत पशुओं के पोषण, टीकाकरण, नस्ल सुधार और रोग नियंत्रण के बारे में जानकारी दी जा रही है। साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों का सत्यापन कर उन्हें योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम डाभियाखेड़ा, हैदरपुर और हिवरा में सत्यापन कार्य किया गया। पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन अपनाने और शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान जिले की गौशालाओं का आकस्मिक निरीक्षण भी किया जा रहा है। इस दौरान गौरक्षण गौशाला झांझर और नेपानगर स्थित श्रीराम गौशाला का निरीक्षण किया गया।

## ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया :सीएलसी द्वितीय चरण की तारीख 31 तक बढ़ाई

**उज्जैन।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए चल रही ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत कॉलेज लेवल काउंसलिंग (सीएलसी) के द्वितीय चरण की तारीख को 31 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है।अब विद्यार्थी महाविद्यालयों में रिक्त सीटों के आधार पर सीएलसी द्वितीय चरण में एडमिशन ले सकेंगे। ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के अंतर्गत सभी शासकीय, अनुदान प्राप्त और अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं में एडमिशन के लिए मुख्य चरण पूरे होने के बाद सीएलसी का प्रथम चरण घोषित किया था।सीएलसी प्रथम चरण के बाद भी जो विद्यार्थी प्रवेश नहीं ले सके, उनके लिए सीएलसी का द्वितीय चरण घोषित किया गया। जिसकी आखिरी तारीख 15 जुलाई थी। हालांकि कई महाविद्यालयों में सीटें रिक्त होने और अब तक प्रवेश से वंचित रहे विद्यार्थियों को एडमिशन का एक और अवसर देने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग ने सीएलसी द्वितीय चरण को 31 जुलाई तक बढ़ा दिया है।उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त प्रबल सिपाहा की ओर से इस संबंध में पत्र जारी किया गया है।

## पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है – श्री गुप्ता

**उज्जैन।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला न्यायालय परिसर उज्जैन में लोक निर्माण विभाग (भवन/मार्ग) संभाग उज्जैन द्वारा ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के अंतर्गत पौधारोपण महाअभियान आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री पी.सी. गुप्ता ने परिसर में पौधारोपण कर किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रत्येक नागरिक को इसमें अपनी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए।कार्यक्रम में जिला न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण ने भी पौधारोपण कर अभियान में सहभागिता निभाई। इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग (भवन/मार्ग) संभाग उज्जैन के कार्यपालन यंत्री श्री एम.एस. पवार, अनुविभागीय अधिकारी श्री पंकज शर्मा तथा विभाग के उपयंत्री एवं अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों ने भी पौधारोपण किया।

## अमृत सरोवर बने जल सुरक्षा और कृषि समृद्धि के आधार



**बुरहानपुर।** मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान जिले में जल संरक्षण को जन आंदोलन का रूप देने में सफल रहा है। अभियान के तहत निर्मित अमृत सरोवर इस वर्षा ऋतु में पानी से भरकर न केवल जल संरक्षण का उदाहरण बने हैं, बल्कि भूजल स्तर सुधार, सिंचाई विस्तार और ग्रामीण क्षेत्रों में जल उपलब्धता बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं। इन जल संरचनाओं से गांवों में हरियाली बढ़ी है और किसानों को खेती के लिए स्थायी जल स्त्रोत उपलब्ध हुए हैं। ग्राम असीर में हिरला के खेत के समीप 39.99 लाख रुपये की लागत से बना अमृत सरोवर जल संरक्षण का बेहतर उदाहरण बनकर उभरा है। 102 मीटर लंबा और 18,000 घनमीटर जल भंडारण क्षमता वाला यह सरोवर वर्षा जल का प्रभावी संचयन कर आसपास के क्षेत्र का भूजल स्तर सुधार रहा है। इससे किसानों को सिंचाई के लिए अतिरिक्त पानी उपलब्ध होने लगा है। ग्राम पंचायत इटारिया में निर्मित अमृत सरोवर वर्षा में जल से परिपूर्ण होकर प्राकृतिक सौंदर्य का केंद्र बन गया है। 23,000 घनमीटर क्षमता वाले इस तालाब का उपयोग सिंचाई और मछली पालन सहित अन्य कार्यों में किया जाएगा। यह जल संरक्षण के साथ पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण परिवेश की सुंदरता बढ़ाने का भी माध्यम बना है। ग्राम ईच्छापुर में शब्बीर के खेत के समीप बना अमृत सरोवर लगभग 5,000 वर्गमीटर क्षेत्र में फैला है। इसकी जल संग्रहण क्षमता 25,000 घनमीटर है। इस सरोवर से लगभग 65 हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई हो सकेगी। जिले में विकसित ये अमृत सरोवर वर्षा की प्रत्येक बूंद को संरक्षित कर जल सुरक्षा, कृषि समृद्धि और पर्यावरण संरक्षण के लक्ष्य को साकार कर रहे हैं।

## 3 मोर मृत मिले,कीटनाशक खाने से मौत की आशंका

**टांडा(धार)।** टांडा से करीब 8 किलोमीटर दूर गेट्टा बड़कच के जंगल मे 3 मोर के दर्दनाक मौत हो गई। वन विभाग के अधिकारियों को, मोरो की मौत खेतों में रासायनिक उर्वरक और कीटनाशक युक्त दाना खाने से होने आशंका है। तीनो मोरो का 2 डॉक्टर की पैनल के द्वारा शव प्रशिक्षण किया गया। जिसके बाद राष्ट्र पक्षी का तहसीलदार सुरेशचन्द्र जमरे, वन विभाग के एसडीओ सुनील सुलिया, वनपरिक्षेत्राधिकारी होशियार सिंह कन्नौजे,प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल अजय चौहान की उपस्थिति में ससम्मान अंतिम संस्कार किया गया। एसडीओ सुनील सुलिया ने जानकारी देते हुए बताया शुक्रवार सुबह वन गस्ती के दौरान बिटगार्ड को वन क्षेत्र क्रमांक 34 में 3 मोर मृत अवस्था मे मिले। सूचना पर वन विभाग की टीम मोके पर पहुची एवं प्रारंभिक जांच कर शव को टांडा वन विभाग के कार्यालय लाया गया जहां दो डॉक्टरों की पैनल ने शव का पोस्टमार्टम किया। ततपश्चात नियमानुसार सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।  वही 3 मोरो का शव प्रशिक्षित करने वाले टांडा तथा रिंगनोद पशु चिकित्सक गौतम सोलंकी व दीपक बामनिया के अनुसार मोर के बाहरी शरीर में किसी प्रकार का घाव या चोट नहीं है एवं मोर के अंग एवं पंख भी सुरक्षित है। मोरो की मौत सम्भवतः खेतों में इस्तेमाल होने वाले उर्वरक को खाने से होने की आशंका है। पुष्टि,लैब रिपोर्ट आने के बाद होगी। वही टांडा-बाग वनपरिक्षेत्राधिकारी होशियार सिंह कन्नौजे ने बताया कि मोर का शरीर संवेदनशील होता है।

## 70 छात्र खरगोन कलेक्टर से मिलने पैदल निकले

**खरगोन।** जिले के टांडाबरुड़ शासकीय बालक छात्रावास की बदहाल व्यवस्थाओं से परेशान 70 से अधिक छात्र शुक्रवार दोपहर 12 बजे कलेक्टर से मिलने पैदल निकल पड़े। वे लगभग 10 किलोमीटर तक चले, जिसके बाद प्रशासन में हलचल हो गई। सूचना मिलते ही प्रभारी कलेक्टर रेखा राठौड़ के निर्देश पर सहायक आयुक्त कविता आर्य और भगवानपुरा विधायक केदार डावर मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने छात्रों को समझाइश देकर निजी वाहनों से वापस छात्रावास पहुंचाया।

# खरगोन में निकली जगन्नाथ रथ यात्राएं, संकीर्तन से किया गुणगान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ खरगोन



आषाढ़ माह की द्वितीया पर समूचा शहर भगवान जगन्नाथ की आराधना में लीन नजर आया। जगत के नाथ के रथ से बंधे रस्से को खिंचने को हर कोई आतुर नजर आया। क्या महिला, क्या पुरुष, क्या युवक.युवती हर उम्र के लोगों में रस्से को खिंचने की होड़ सी नजर आई। चहुंओर जगन्नाथ चक्का नैन, लीलाधर न्यारे, तु न संभाले तो हमें कौन संभाले जैसे भजनों के साथ ही हरे राम. हरे रामए राम.राम. हरे. हरे का संकीर्तन गुंजायमान होता रहा।

यह नजारा शहर में पहली बार निकली जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान नजर आया। शाम 4 बजे ब्राह्मण पूरी में स्थित अति प्राचीन श्री जगदीश मंदिर से श्री जगन्नाथ रथ यात्रा की शुरूआत हुई। रथयात्रा से पूर्व विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन किया। महाआरती के बाद सुसज्जित रथ में भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ विराजित होकर जब नगर भ्रमण पर निकले तो हर कोई उनके दर्शन करने और रथ से बंधा रस्सा खिंचने के लिए लालायित नजर आया। शहर में पहली बार हो रहे इस अनूठे आयोजन के हजारों भक्त यात्रा के साक्षी पहली बने। इससे पहले कभी इतिहास में ऐसा आयोजन शहर में नहीं हुआ। इस कारण यात्रा को लेकर हर कोई उत्सुक था। यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

कीर्तन यात्रा परिवार के कैलाश कानूनगो एवं सकल हिन्दू समाज के बबलू पाल ने बताया कि यात्रा में रथ के आगे.आगे ओडिशा पूरी की तर्ज पर झाड़ू से भगवान के रथ की राह को फुहारा जा रहा था। रथ यात्रा की खासियत यह रही की इसमें डीजे का शोर.शराबा नही बल्कि झांझ. मंझिरे पर हरिनाम संकीर्तन कर भगवान का गुणगान किया गया। रथ यात्रा श्री जगदीश मंदिर ब्राह्मणपूरी से घासमंडी, बीसा नीमा धर्मशाला, तलाई मार्ग, गोल बिल्डिंग, सराफा बाजारए झंडा चैक, घाटी मार्ग, भावसार मोहल्ला, गणेश मंदिर, पीपल चौक होते हुए देरशाम पुनः श्री जगदीश मंदिर पहुंची। यहां महाआरती के बाद भगवान जगन्नाथ के प्रिय भोग केसरिया भात का वितरण किया गया। जिसमें भक्तों ने जगत के नाथ की भात के लिए अपने हाथ पसारे। यात्रा के दौरान आयोजन समिति के पदाधिकारी व्यवस्था संभाल रहे थे।

## न्यूज -कॉलम

### महाराष्ट्र से लापता बुजुर्ग को उज्जैन पुलिस ने खोजा



**उज्जैन।** महाराष्ट्र के बुलढाना से 6 जुलाई को सेना से रिटायर्ड 74 वर्षीय सीताराम पुंडलिक लापता हो गये थे। परिजनों ने उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पिछले 10 दिनों से उनका मोबाइल अलग-अलग जगह ऑन हो रहा था। परिजन लोकेशन मिलने पर उनका पता लगाने के लिये पहुंच रहे थे। गुरूवार को उनकी लोकेशन उज्जैन में महाकाल मंदिर के आसपास मिलने पर परिजन तलाश में उज्जैन पहुंचे। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल से संपर्क कर जानकारी दी थाना प्रभारी ने हमेशा की तरह लापता लोगों की तलाश करने वाले एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान को कमान सौंपी, सीताराम पुंडलिक का मोबाइल ट्रेस किया गया, लेकिन बंद मिला। उनकी तलाश में मंदिर के आसपास होटल-लॉज और धर्मशाला में सर्चिंग शुरू की गई। पता चला कि वह मंदिर के आसपास दिखाई दिये थे। इस दौरान पुलिस उनका मोबाइल लगातार ट्रेस करने का प्रयास कर रही थी। उनकी आखिरी लोकेशन बहादूरगंज क्षेत्र की धर्मशाला के पास मिली। एएसआई चंद्रभान टीम के साथ पहुंचे और क्षेत्र की धर्मशाला में फोटो दिखाकर जानकारी मांगी, पाटीदार धर्मशाला में आईडी चैक करने पर उनके ठहरे होने का पता चल गया। थाना प्रभारी बादल ने बताया कि सीताराम जी परिवार से नाराज होकर घर से निकले थे। 10 दिनों से तलाश कर रहे परिवार ने उज्जैन पुलिस द्वारा उनको सुरक्षित खोज निकालने पर आभार माना और प्रशंसा की। परिवार उन्हे अपने साथ महाराष्ट्र ले गया है।

### तीन बदमाशों ने चालक से मारपीट कर फोड़ा आटो

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम गौंसा में रहने वाला सोहन पिता बद्रीलाल चौधरी 48 साल आटो चलता है। रात में आटो से वापस घर लौट रहा था, उसी दौरान गौंसा के टर्न पर उसे 3 युवकों ने रोका, चालक सोहन को लगा सवारी है, उसने आटो रोका उसी दौरान तीनों युवकों ने गाली-गलौच करते हुये मारपीट शुरू कर दी। चालक कुछ समझ पाता और विरोध करता उससे पहले तीनों ने आटो के कांच फोड़ दिये और भाग निकले। चालक ने अपने साथ हुई घटना की शिकायत थाने पहुंचकर दर्ज कराई। उसका कहना था कि तीनों बदमाशों को नहीं पहचानता है, उसकी किसी से दुश्मनी भी नहीं है। पुलिस अज्ञात बदमाशों की तलाश में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देख रही है।

### हफ्ता नहीं देने पर लोहे के पाईप से किया हमला

**उज्जैन।** फ्रीगंज में डोमीनोज पिज्जा दुकान के सामने मोईन पिता मोहम्मद शरीफ निवासी भैरवगढ़ को मोहम्मद सारिक और उसके 2 साथियों ने दादागिरी करते हुये हफ्ता मांगा, मोईन ने मना किया तो बदमाशों ने उस पर लोहे के पाईप से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। युवक के साथ मारपीट की खबर मिलने पर डायल 112 मौके पर पहुंची। घायल को अस्पताल पहुंचाया गया और बयान दर्ज कर मामले में बदमाशों के खिलाफ हफ्ता वसूली का प्रकरण दर्ज किया।

### जहरीला पदार्थ खाने वाले युवक-युवती की हुई मौत

**उज्जैन।** गुरूवार को 2 अलग-अलग घटना में एक युवक और युवती ने जहरीला पदार्थ खा लिया था। दोनों को परिजनों ने उज्जैन निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां दोनों की शुक्रवार को मौत हो गई। पहला मामला ग्राम नाग गुराडिया का है। जहां रहने वाली 17 वर्षीय कुमारी राधा पिता दशरथ सूर्यवंशी को परिजन निजी अस्पताल लेकर आये थे। दूसरा मामला घट्टिया तहसील का सामने आया। यहां से अमन पिता प्रेमनारायण राठी 22 साल को जहरीला पदार्थ खाने के बाद उज्जैन लाया गया था। दोनों की मौत होने पर माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराये। दोनों मामलों की जांच संबंधित थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

### फंदे पर लटके युवक को परिजनों ने उतारा

**उज्जैन।** नानाखेडा थाना क्षेत्र के कालापत्थर क्षेत्र में रहने वाले संजय जयसवाल 35 साल ने शुक्रवार शाम गले में फंदा डाल लिया था। उसे परिजनों ने लटका देखा तो नीचे उतारा, उसी सांसे चल रही थी, उसे चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया है। युवक की सूचना ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा पुलिस को दी गई है। फिलहाल यह सामने नहीं आया कि उसने आत्मघाती कदम क्यों उठाया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 468-8 | 245-1 |
| मेन बाजार | 145-0 | 338-4 |
| कल्याण नाइट | 117-9 | 257-4 |
| मिलन डे | 280-0 | 238-3 |
| मिलन नाइट | 347-4 | 244-0 |
| मधुर डे | 589-2 | 346-3 |
| मधुर नाइट | 457-6 | 459-8 |
| शुभांक | 3 6 | 7 |

# बाइक सवार ने चाकू मारकर 10 मिनिट में फैलाई दहशत

## एक का हाथ काट छीने रूपये, दूसरे की गर्दन पर किया हमला

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन





बाइक पर सवार बदमाश ने शुक्रवार शाम 2 थाना क्षेत्र में 10 मिनट के अंतराल में चाकूबाजी कर दहशत फैला दी। एक का हाथ काटकर 2 हजार रूपये छीन लिये, दूसरे की गर्दन पर कातिलाना हमला किया। बदमाश को लोगों की मदद से पकड लिया गया। जिसे माधवनगर पुलिस को सौंपा गया है।

हरिफाटक ब्रिज के पास रहने वाला अयुब पिता अब्दुल गफ्फार 45 साल मिस्त्री का काम करता है। काम खत्म होने के बाद पैदल शाम 7 बजे के लगभग चामुंडा माता चौराहा पर काम्पलेक्स के सामने से गुजर रहा था। उसी दौरान बाइक सवार बदमाश आया और चाकू से हमला किया, अयुब का एक हाथ बुरी तरह से जख्मी हो गया, बदमाश ने उससे 2 हजार रूपये छीने और फ्रीगंज ब्रिज की ओर भाग निकला। ब्रिज उतरते ही उसने फल का ठेला लगाने वाले जगदीश शर्मा निवासी कमल कालोनी से वारदात का प्रयास किया, बदमाश उसे धमका रहा था तभी वहां कपडे का ठेला लगाने वाला मोहम्मद सईद पित मोहम्मद हबीब 46 साल बीच-बचाव करने आ गया। बदमाश ने चाकू से मोहम्मद सईद का गला रेत दिया। 10 मिनट के अंतराल में हुई चाकूबाजी से दहशत फैल गई। दोनों घायलों को रक्त रंजीत हालत में चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख तत्काल ऑपरेशन थियेटर में भेजा। अयुब के हाथ की नस कट चुकी थी, मोहम्मद सईद के गले पर गहरा घाव था। अस्पताल स्टॉफ द्वारा देवासगेट और माधवनगर थाना पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी मिलने पर दोनों घायलों के परिजन अस्पताल पहुंच गये थे।

### भागने से पहले हिरासत में आया बदमाश

ग्राउंड होटल के पास चाकूबाजी कर दहशत फैलाने के बाद बाइक से भागने का प्रयास कर रहे बदमाश को लोगों ने घेर लिया वह नशे की हालत में था, उसने चाकू लहराकर भागने का प्रयास किया लेकिन कुछ लोगों ने पत्थर मार उसे गिरा दिया। कुछ दूरी पर यातायात पुलिस का पाइंट लगा था, तत्काल पुलिसकर्मी पहुंचे और बदमाश को दबोच लिया गया। घटनाक्रम के चलते कुछ देर के लिये फ्रीगंज ब्रिज पर यातायात बाधित हो गया था, बदमाश को माधवनगर थाना पुलिस के सुपुर्द किया गया और ब्रिज पर लगा जाम खुलवाया गया।

### बिछडोद का रहने वाला है बदमाश

बताया जा रहा है कि माधवनगर थाना पुलिस की हिरासत में बदमाश बिछडोद का रहने वाला कमल पिता देवीलाल है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है, वह नशे की हालत में होने पर बेहूदी बाते कर रहा था। उसका कहना था कि कोर्ट में जमानत देने का काम करता हूं। 4-5 की जमानत दे चुका हूं। इसीलिये उज्जैन आया था। फिलहाल पुलिस उसके संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। घायलों के बयान दर्ज उसके खिलाफ जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज किया जायेगा।

# रिमांड पर बदमाशों ने कबूली भैंस चोरी

## जंगल में बांधकर रखी थी, पुलिस बरामद कर लाई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



बिना नम्बर की बोलेरो पिकअप में अवैध शराब का परिवहन करते हिरासत में आये 2 आरोपियों को रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ में टूटे दोनों आरोपियों ने 3 भैंस चोरी की वारदात भी कबूल कर ली। पुलिस ने भैंसों को बरामद कर दोनों बदमाशों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा है।

महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 16 जुलाई को बिना नम्बर की बोलेरो पिकअप में अवैध शराब का परिवहन कर रहे सुरेश पिता कालूराम गायरी 30 साल निवासी खासपुरा आलोट जिला रतलाम और धीरब पिता धुला कंजर 22 साल निवासी ग्राम अरनिया डेरा थाना गंगधार जिला झालावाड राजस्थान को गिरफ्तार किया गया था। उनके पास से 30 लीटर कच्ची जहरीली शराब बरामद होने पर कोर्ट में पेश किया गया और पूछताछ के लिये एक दिन का रिमांड मांगा गया। रिमांड अवधि में सख्त पूछताछ करने पर दोनों टूट गये और 14 जुलाई की रात ग्राम खजुरिया मंशुर में खेत पर बने कमरे का ताला तोड़कर 2 भैंस और एक पाड़ी चोरी करना भी कबूल कर लिया। भैंसे चोरी होने की शिकायत 2 दिन पहले संजय बगाना द्वारा दर्ज कराई गई थी। उसने बताया था कि 15 जुलाई की सुबह जब खेत पर बंधी भैंसों का दूध निकालने पहुंचा तो 2 भैंस और एक पाड़ी गायब थी। थाना प्रभारी के अनुसार अवैध शराब का परिवहन करने वालों से भैंस चोरी का खुलासा होने पर भैंस बरामद करने के प्रयास शुरू किये गये। दोनों आरोपियों ने ग्राम पिपल्याभीम के जंगल में भैंसों को बांधकर छुपा रखा था। भैंसों की बरामदगी के लिये एसआई सुखसेन अरियाम, अन्नपूर्णा कठेरिया, प्रधान आरक्षक विजयसिंह, आरक्षक आदिराम, राघवसिंह की टीम को रवाना किया गया। जंगल में बंधी दोनों भैंस और पाड़ी मिल गई। जिसकी कीमत ढाई लाख रूपये से अधिक होना सामने आई। दोनों बदमाशों का रिमांड खत्म होने पर कोर्ट में पेश किया गया था। जहां से न्यायिक हिरासत में महिदपुर सबजेल भेजा गया है।

# नानाखेड़ा से स्कूटी चुराने के बाद 6 स्थानों से उडाये थे मोबाइल

## रिमांड पर लूटपाट करने वाला भोपाल का बदमाश

**उज्जैन।** सुभाषनगर में चाकू की नोंक पर सोने की चेन, घडी और अलखधाम में मोबाइल स्नेचिंग करने के साथ शास्त्रीनगर में चेन झपटने का प्रयास करने वाले भोपाल के बदमाश को नीलगंगा थाना पुलिस ने शुक्रवार को रिमांड पर लिया गया। बदमाश ने नाबालिग साथियों के साथ मिलकर नानाखेड़ा से स्कूटी चुराई थी और 3 थाना क्षेत्र में मोबाइल स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया था।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि सुभाषनगर ओम रेसीडेंसी में रहने वाले तुषार पिता मुकेश किशनानी और उसकी मां भावना, भाई कृष्णा के साथ 14 जुलाई की रात स्कूटी सवार 3 बदमाशों ने चाकू की नोंक पर सोने की चेन और घडी लूटने की वारदात को अंजाम दिया था। तीनों बदमाशों ने शास्त्रीनगर में अशोक धनवानी से चेन झपटने का प्रयास करते हुये अलखधाम में शुभम सेन से मोबाइल छीन लिया था। पुलिस ने 24 घंटे में तीनों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया था। बदमाशों में 2 नाबालिग थे, जो उज्जैन के रहने वाले है। उनका साथी कुणाल कटारिया भोपाल के बैरागढ़ में रहता है और उज्जैन में रिश्तेदार के यहां आया हुआ था। शुक्रवार दोपहर तीनों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से नाबालिगों को बाल संप्रेक्षणगृह भेजा भोपाल के बदमाश को 3 दिनों की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वारदात में प्रयुक्त स्कूटी नानाखेडा क्षेत्र से चुराई थी। उस पर सवार होकर नानाखेडा, पंवासा और माधवनगर थाना क्षेत्र में मोबाइल स्नेचिंग को भी अंजाम दिया था। मोबाइल इंदौर में ठिकाने लगाये है। थाना प्रभारी के अनुसार इंदौर में चोरी के मोबाइल खरीदने वाला पूर्व में भी 800 मोबाइल के साथ इंदौर पुलिस की हिरासत में आ चुका है। फिलहाल वह इंदौर से फरार है, जिसकी तलाश जारी है।



### नशे से दूरी है जरूरी का आमजन को दिया संदेश

**उज्जैन।** नशा मुक्त अभियान में पुलिस ने मैदान संभाल लिया है और नशे से दूरी है जरूरी का संदेश छात्र-छात्राओं के साथ आमजन तक पहुंचाया जा रहा है। शुक्रवार को पूरे जिले में जागरूकता जागरूकता कार्यक्रम किये गये। इस दौरान नशे से दूरी की शपथ भी दिलाई गई।

नशे के अवैध कारोबार में शामिल तस्करों को सलाखों के पीछे भेजने वाली पुलिस ने अब नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान की शुरूआत कर जागरूकता का संदेश देना शुरू कर दिया है। जिसका मुख्य उद्देश्य स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त समाज के निर्माण करना है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा द्वारा पूरे जिले में अभियान शुरू किया गया है। शुक्रवार को अभियान में एक साथ चिंतामन गणेश, भैरवगढ़, पंवासा, नागदा, उन्हेल, भाटपचलाना, कायथा, तराना, नरवर, घट्टिया, बड़नगर और महिदपुर रोड थाना पुलिस की टीम मैदान में उतरी। विद्यालयों, बस्तियों, सार्वजिनक स्थानों पर पहुंचकर नशे के दुष्परिणामों का संदेश दिया और नशे से दूरी है जरूरी की सामूहिक शपथ दिलाई। अभियान में पुलिस द्वारा रैलियां आयोजित की जा रही है, विद्यालयों में छात्र-छात्राओं द्वारा मानव श्रृखंला बनाकर नशा मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया जा रहा है।

# होटल की छत पर हाईटेंशन लाइन से टकराया प्लम्बर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



हरिफाटक ब्रिज के पास शुक्रवार शाम हादसा हो गया। होटल की छत पर काम कर रहा प्लम्बर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। उसे उपचार के लिये अस्पताल लाया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

नीलगंगा थाना प्रधान आरक्षक अनिस ने बताया कि हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से करंट लगने पर झुलसे आशु पिता नसीब खां 38 साल निवासी बापूनगर के अस्पताल में भर्ती होने की खबर मिली थी। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने बताया कि हालत खतरे से बाहर है, लेकिन उपचार के लिये भर्ती किया गया है। आशु के बयान दर्ज करने पर उसने बताया कि वह प्लम्बर का काम करता है। हरिफाटक ब्रिज के पास होटल गैलेक्सी की छत पर काम करने चडा था। जहां पानी की टंकी लगाई जा रहा थी। उसी दौरान होटल के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाईन की चपेट में आ गया। घटनाक्रम के बाद होटल में हडकंप मच गया था, लोगों की मदद से उसे छत से नीचे उतारा गया और अस्पताल पहुंचाया गया है। प्रधान आरक्षक के अनुसार बयान दर्ज कर जांच शुरू की गई है। लापरवाही आने पर संबंधित के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया जा सकता है। विदित हो कि कुछ दिनों पहले हरिफाटक ब्रिज मार्ग पर बारिश के बीच हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने पर बाइक सवार युवक की मौत हो गई थी। शुक्रवार शाम हुई घटना भी उसी घटनास्थल से चंद कदमों की दूरी पर है।

### इंगोरिया में गुरूवार रात हुआ था हादसा

हाईटेंशन लाइन से करंट लगने का एक हादसा इंगोरिया थाना क्षेत्र की पुलिया के पास गुरूवार रात हुआ था। थाना प्रभारी दिपेश व्यास ने बताया कि ग्राम में रहने वाले जेसीबी चालक संदीप पिता मेहरबान भाटी 30 साल के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। उसे सीमेंट की बोरियों को बारिश से बचाने के लिये गुमटी की जरूरत थी। उसने ग्राम में सरपंच पति नरेन्द्र से पुलिया के पास रखी उसकी गुमटी मांगी। नरेन्द्र ने देने की अनुमति दी। संदीप 2 साथियों मेहरबान और दिनेश के साथ जेसीबी से गुमटी उठाने पहुंचा, उसी दौरान जेसीबी का पंजा ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से टकरा गया और करंट लगने से संदीप की मौत हो गई। उसके दोनों साथियों को भी करंट का झटका लगा था, लेकिन वह बच गये। संदीप को परिजन उज्जैन चरक अस्पताल ले गये थे। शुक्रवार को अस्पताल पुलिस चौकी ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। मर्ग डायरी मिलने पर आगे की जांच शुरू की जायेगी।

# एआई मानव मस्तिष्क और आत्मा पर कभी हावी नहीं हो सकता

**उज्जैन।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के प्रति हमें सकारात्मक दृष्टिकोण रखना चाहिए। एआई कभी भी मानव मस्तिष्क और आत्मा पर हावी नहीं हो सकता। यह बात डॉ. अंबेडकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अनुसिंह लाथर ने सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में आयोजित स्टार्टअप समिट लीडरशिप कोहोर्ट 2026 4.0 के दूसरे दिन कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उद्देश्य विद्यार्थियों को सिर्फ डिग्री बांटना नहीं है, बल्कि उनके कौशल और दक्षता को पहचान कर उन्हें पारंगत करना है। विश्वविद्यालय इसी संकल्पना पर काम कर रहा है। एमएसएमई इनोवेशन एंड इन्क्यूबेशन सेंटर के समन्वयक डॉ. उमेश कुमार सिंह ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि भारत दुनिया के अग्रणी स्टार्टअप इकोसिस्टम के रूप में उभर रहा है। युवा एआई, नवाचार और कौशल आधारित शिक्षा से जुड़कर भविष्य की चुनौतियों के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं।



दिल्ली विश्वविद्यालय के संस्कृति विभाग के जनसंपर्क अधिकारी अनूप जाट ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जो दूरदर्शी सोच रखता है, उसका उद्यम सफल होता है। जो सपने देखता है, वही उन्हें साकार कर सकता है। इस दौरान आयोजित पैनल डिस्कशन में ओम नक्षत्र, पोषण पात्र, जॉबकार्ट और देसी अल्केमिस्ट जैसे स्टार्टअप्स ने अपने अनुभव साझा किए।

दो दिवसीय पैनल डिस्कशन में मॉडरेटर की भूमिका यूआईसी प्रोजेक्ट मैनेजर मुस्कान हरभजनका और सविष्कार की राष्ट्रीय सहसंयोजक दीक्षा यादव ने निभाई। समापन सत्र में प्रो. पुष्पेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। आयोजन में यूआईसी टीम लीडर सत्यम जाट, राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. शिवि भसीन, डॉ. रुचिका खंडेलवाल और डॉ. पूर्णिमा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन छात्र मृत्युंजय ने किया तथा आभार आईक्यूएसी हेड डीडी बेदिया ने माना।

### लोकनाट्य माच में उज्जैन के कबीर मालवीय ने जीता प्रथम पुरस्कार

**उज्जैन।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज द्वारा आयोजित युवा प्रतिभावान पुरस्कार प्रतियोगिता में उज्जैन के कबीर मालवीय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्हें मध्य प्रदेश के राजकीय लोकनाट्य माच में शानदार प्रदर्शन के लिए यह सम्मान मिला है। प्रतियोगिता के तहत लोक नाट्य श्रेणी में पहले स्थान पर रहने पर कबीर मालवीय को 51 हजार रुपये की सम्मान राशि से पुरस्कृत किया गया है। उनकी इस विशेष उपलब्धि पर सुंदर सांस्कृतिक माच समिति उज्जैन और माच घराना सुवासा के सदस्यों सहित शहर के कला प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।



# धार्मिक होने का लक्षण

बच्चे कभी-कभी सच्ची बातें कहते भी हैं, तो बूढ़े उन्हें कहने नहीं देते, क्योंकि बच्चों को पता नहीं है उस भय का, जो बूढ़ों को पता है। बच्चों में अभी वह समझदारी नहीं आई होती, जिसका दूसरा नाम चालाकी है, जो वे झूठी बातों को सच कह सकें। उन्हें कई बार सच्चाइयां दिखाई पड़ जाती हैं। एक छोटे से बच्चे को मंदिर में ले जाएं और किसी प्रतिमा के सामने खड़ा करके कहें कि यह भगवान हैं, प्रणाम करो। वह बच्चा देखता है, एक मूर्ति रखी हुई है, लेकिन उससे कहा जा रहा है कि यह भगवान हैं, प्रणाम करो। अगर वह बच्चा कहे कि मुझे तो पत्थर की मूर्ति दिखाई पड़ती है, भगवान नहीं, तब हम उससे कहेंगे, तू नासमझ है। तुझे अभी पता नहीं, हम अपने अनुभव से कहते हैं कि इनमें भगवान हैं। हम उस बच्चे की गर्दन को जबरदस्ती झुका देंगे और थोड़े दिनों में वह बच्चा भी समझदार हो जाएगा।

पूरी दुनिया में यही हुआ है। मनुष्य को भयभीत करके बहुत से असत्य सिखाए गए हैं। भीड़ के दबाव में, भीड़ के वजन में एक व्यक्ति इतनी नैतिक हिम्मत नहीं कर पाता कि वह खड़ा हो जाए और कह सके वह, जो उसे दिखाई पड़ता है। वह अकेला पड़ जाएगा। धार्मिक आदमी मैं उसे कहता हूं, जो अकेले होने की हिम्मत करता है। जो आदमी भीड़ को स्वीकार कर लेता है, वह आदमी धार्मिक नहीं है। वह कभी धार्मिक हो ही नहीं सकता। धार्मिक आदमी का पहला लक्षण है, अकेले खड़े होने का साहस। जो उसे दिखाई पड़ता है, उसे स्वीकार करने का साहस और जो उसे दिखाई नहीं पड़ता, उसे अस्वीकार करने का भी साहस। हम जिन धार्मिक लोगों को जानते हैं, उनमें से कोई अकेले खड़ा हुआ दिखाई नहीं पड़ता। वे सब भीड़ के साथ जुड़े हुए हैं। हिंदुओं की भीड़ है, मुसलमानों की भीड़ है, ईसाइयों की भीड़ है, जैनों की, बौद्धों की भीड़ है और हर आदमी किसी न किसी भीड़ का हिस्सा है और जो भीड़ कहती है, वही व्यक्ति भी कहता है। भीड़ में हर आदमी इसीलिए कहता है कि बाकी लोग भी वही कह रहे हैं। हर आदमी जानता है, हर आदमी को दिखाई पड़ती हैं बातें। आंखें अंधी नहीं हैं, कान बहरे नहीं हैं और मस्तिष्क सोचता है, लेकिन चारों तरफ सारे लोग वही कहते मालूम पड़ते हैं और तब व्यक्ति बड़ा अकेला पड़ जाता है। इसलिए आज आपसे मुझे जिस विषय पर बात करनी है, वह है भय। भय धार्मिक आदमी का लक्षण नहीं है, क्योंकि जो भयभीत है, वह कभी सत्य को नहीं खोज सकेगा और न सत्य को जान सकेगा। जो भयभीत है, वह कभी इस योग्य नहीं हो पाता कि वह सत्य का साक्षात कर सके। उसका भय असत्य को ही मान लेने को मजबूर कर देता है।



सम्पादकीय

## भारतीयों की सुरक्षा

होर्मुज समुद्री मार्ग भारत सरकार और भारतीयों के लिए चिंता की वजह बन गया है, तो इसमें आश्चर्य नहीं। इस चिंता की कड़ी में ही भारत सरकार ने जहाज मालिकों, जहाज प्रबंधकों और उनकी कंपनियों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर भारतीय नाविकों को तैनात न करने के सख्त निर्देश दिए हैं। समुद्री प्रशासन महानिदेशालय (डीजीएमए) के इस फैसले से भारतीय नाविकों की सुरक्षा बढ़ेगी। 28 फरवरी से पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष में कम से कम 15 नाविक मारे गए हैं, जिनमें से ज्यादातर भारतीय हैं। यह अफसोस की बात है कि दो देशों के बीच संघर्ष में होर्मुज को बार-बार एक रणनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। होर्मुज में जहाजों पर हमला दरअसल भयादोहन की साजिश है। व्यावसायिक जहाजों पर मिसाइलों से बचने के प्रबंध नहीं होते हैं, इसके बावजूद किसी सामरिक जहाज की तरह उन पर हमला करना जघन्य वैश्विक अपराध से कम नहीं है।

यहां अपने नाविकों की सुरक्षा के प्रति भारत सरकार की चिंता जायज है। बहुत अफसोस की बात है, अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन (आईएमओ) के मुताबिक, युद्ध की शुरूआत से अब तक वाणिज्यिक जहाजों पर 46 हमले हो चुके हैं। भारत सहित संबंधित देशों की आपत्तियों के बावजूद जहाजों पर हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। व्यावसायिक जहाजों को सबसे आसान निशाना मानकर हमले किए जा रहे हैं। वैसे तो जहाजों की वापसी हो जाएगी, ध्वस्त जहाजों की जगह नए जहाज आ जाएंगे, लेकिन मारे जाने वाले नाविकों की वापसी कैसे होगी? ध्यान रहे, भारत दुनिया को नाविक देने के मामले में तीसरे स्थान पर है। भारतीय नाविकों का इस्तेमाल दुनिया की लगभग तमाम जहाजरानी कंपनियां करती हैं। औसतन हर जहाज पर प्रति दस नाविकों में से कम से कम दो भारतीय हैं। अब देखना होगा कि सरकार जहाज मालिकों, प्रबंधकों और कंपनियों के प्रति क्या रुख रखती है? अपने नाविकों के बचाव के लिए दिखाई गई सख्ती कागजी नहीं रहनी चाहिए। भारतीय नाविकों की संख्या करीब तीन लाख है और इतने लोगों के काम-रोजगार के प्रति भी संवेदनशील होना चाहिए। सवाल यह भी है कि क्या निजी कंपनियां सरकार के निर्देश को मानने के लिए बाध्य हैं? सरकार ऐसे हमलों पर शुरू से आपत्ति दर्ज कराती आ रही है, पर क्या समाधान निकला है?

### लॉर्ड्स में लिखा भारतीय महिला क्रिकेट का स्वर्णिम इतिहास

## बेटियों की विजय से गौरवान्वित हुआ क्रिकेट का तीर्थ



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)

क्रिकेट की दुनिया में यदि किसी मैदान को खेल का तीर्थ कहा जाए, तो वह लॉर्ड्स है। यहां जीत केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि सर्वोच्च गौरव का प्रतीक मानी जाती है। इसी ऐतिहासिक धरती पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऐसा स्वर्णिम इतिहास रचा, जिसने केवल रिकॉर्ड नहीं बदले, बल्कि विश्व क्रिकेट की सोच को भी नई दिशा दी। इंग्लैंड जैसी सशक्त टीम को 270 रनों के विशाल अंतर से पराजित कर भारतीय शेरनियों ने साबित कर दिया कि महिला क्रिकेट अब संभावनाओं का नहीं, उत्कृष्टता का पर्याय बन चुका है। यह जीत महज एक टेस्ट मुकाबले की सफलता नहीं, बल्कि वर्षों के संघर्ष, अथक परिश्रम, अटूट विश्वास और निरंतर साधना का प्रतिफल है। इस ऐतिहासिक क्षण ने करोड़ों भारतीयों के हृदय को गर्व से भर दिया और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का अमिट अध्याय लिख दिया।

शुरूआत से ही भारतीय टीम ने मैच पर अपना वर्चस्व स्थापित कर दिया था। गेंदबाजों ने इंग्लैंड की मजबूत बल्लेबाजी को खुलकर खेलने का अवसर नहीं दिया। खासकर भारतीय स्पिन आक्रमण ने अपनी सटीकता और विविधता से मेजबान बल्लेबाजों को पूरी तरह जकड़ लिया। हर विकेट के साथ भारत का आत्मविश्वास बढ़ता गया और इंग्लैंड का प्रतिरोध कमजोर पड़ता गया। बल्लेबाजी में स्मृति मंधाना की उपयोगी पारी और यस्तिका भाटिया के शानदार शतक (113) ने मजबूत आधार तैयार किया, जबकि मध्यक्रम की महत्वपूर्ण साझेदारियों (ऋचा घोष की नाबाद 50 रन की पारी सहित) ने बढ़त को निर्णायक बना दिया। बल्लेबाजों ने संयम और आक्रामकता का संतुलन दिखाया, वहीं गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन से साबित कर दिया कि भारतीय महिला टीम अब हर विभाग में परिपक्व, संतुलित और किसी भी चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार है।

जीत को इतिहास में बदलने का क्षण चौथे दिन आया। भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड की दूसरी पारी को मात्र 186 रनों पर समेटकर 270 रनों की



ऐतिहासिक विजय पर मुहर लगा दी। यह सफलता किसी एक खिलाड़ी की नहीं, बल्कि सामूहिक समर्पण, सटीक रणनीति और अनुशासित खेल की जीत थी। हर खिलाड़ी ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई, जो टीम की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी। कप्तान की सूझबूझ, गेंदबाजों का प्रभावी उपयोग, सटीक क्षेत्ररक्षण और शानदार तालमेल ने इंग्लैंड को पूरे मैच में दबाव में रखा। मानसिक दृढ़ता और तकनीकी श्रेष्ठता के बल पर भारतीय टीम हर मोर्चे पर मेजबानों पर भारी रही। इस प्रदर्शन ने साबित कर दिया कि भारतीय महिला टीम अब दुनिया की किसी भी मजबूत टीम को उसकी सरजमीं पर हराने का दम रखती है। टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाली क्रांति गौड़ के 5/37 (पहली पारी) और स्नेह राणा के 4 विकेट (दूसरी पारी) ने इंग्लैंड को चित किया।

इस जीत का सबसे गौरवपूर्ण पक्ष यह रहा कि भारतीय महिला टीम ने पहली बार लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर टेस्ट जीत का परचम लहराया। भारतीय पुरुष टीम इस मैदान पर कई यादगार सफलताएं हासिल कर चुकी है, लेकिन अब भारतीय शेरनियों ने भी अपने प्रदर्शन से यहां अमिट पहचान बना ली। यह केवल एक रिकॉर्ड नहीं, बल्कि वर्षों के संघर्ष, मेहनत और अर्जित आत्मविश्वास की सशक्त अभिव्यक्ति है। इंग्लैंड की सरजमीं पर मेजबान टीम को इस अंदाज में हराना बताता है कि भारतीय महिला क्रिकेट अब विदेशी परिस्थितियों में भी उतना ही मजबूत और निडर है। इस विजय ने विश्व क्रिकेट को स्पष्ट संदेश दिया कि भारत की महिला टीम अब केवल चुनौती स्वीकार नहीं करती, बल्कि नए मानक गढ़ने के इरादे से मैदान में उतरती है।

भारतीय महिला क्रिकेट की यह उपलब्धि उन संघर्षपूर्ण दिनों की याद भी दिलाती है, जब सीमित संसाधनों, कम अवसरों और उपेक्षा के बीच खिलाड़ियों ने अपने हौसले को जीवित रखा। आज वही संघर्ष विश्व मंच पर सम्मान बनकर चमक रहा है। स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर और यस्तिका भाटिया जैसी खिलाड़ियों ने केवल व्यक्तिगत उपलब्धियां ही नहीं, बल्कि टीम भावना से सामूहिक सफलता की नई मिसाल भी कायम की। आपसी विश्वास और एकजुटता ने हर चुनौती को अवसर में बदल दिया। यह जीत उन हजारों बेटियों के लिए प्रेरणा है, जो छोटे शहरों, गांवों और साधारण मैदानों से भारत की जर्सी पहनने का सपना देखती हैं। भारतीय शेरनियों ने सिद्ध कर दिया कि प्रतिभा, परिश्रम और अटूट संकल्प के सामने कोई बाधा टिक नहीं सकती।

इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय केवल खिलाड़ियों को नहीं जाता। भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा महिला क्रिकेट को बेहतर सुविधाएं, प्रतियोगिताएं और प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की पहल ने इस बदलाव की मजबूत नींव रखी है। खेलों को बढ़ावा देने वाली सरकारी नीतियों ने भी खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ाया है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर दिखाई दे रहे हैं। फिर भी यह मंजिल नहीं, बल्कि नई शुरूआत है। आगे विश्व कप, एशिया कप और द्विपक्षीय श्रृंखलाओं जैसी कठिन परीक्षाएं इंतजार कर रही हैं। इसलिए इस जीत को निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन में बदलना ही सबसे बड़ी चुनौती होगी। यदि यही समर्पण, अनुशासन और टीम भावना कायम रही, तो भारतीय महिला क्रिकेट विश्व की अग्रणी ताकत बनने से कोई नहीं रोक सकेगा। लॉर्ड्स की यह जीत भारतीय खेल जगत का ऐसा स्वर्णिम अध्याय है, जिसे समय कभी धूमिल नहीं कर सकेगा। जब भी कोई युवा खिलाड़ी कठिनाइयों से निराश होगा, यह मुकाबला उसे साहस, धैर्य और आत्मविश्वास की नई प्रेरणा देगा। भारतीय शेरनियों ने साबित कर दिया कि प्रतिभा का मूल्य अवसर से तय होता है, लिंग से नहीं। यह केवल क्रिकेट की जीत नहीं, बल्कि समान अवसर, महिला सशक्तिकरण और बड़े सपनों की बुलंद उड़ान का प्रतीक है। इंग्लैंड पर 270 रनों की यह प्रचंड विजय वर्षों तक भारतीय क्रिकेट की प्रेरक पहचान बनी रहेगी। लॉर्ड्स से गूंजी यह गाथा दुनिया को बता गई कि भारतीय महिला क्रिकेट अब इतिहास का हिस्सा भर नहीं, बल्कि नया इतिहास गढ़ने वाली ताकत बन चुका है।

## प्रेमिका से पत्नी तक

प्रेम और विवाह के बीच का अंतर ठीक वैसा ही है जैसा चाय की टपरी पर कुल्हड़ में अदरक वाली एक्स्ट्रा मार के चाय पीने और किसी महंगे होटल में ग्रीन टी के पाउच को गर्म पानी में डुबोने में होता है। जब कोई प्रेमिका सात फेरों के पवित्र बंधन की स्पाइरल बाइंडिंग में बंधकर पत्नी बनती है, तो जिंदगी का पूरा कैटलॉग ही बदल जाता है। प्रेमिका मुकम्मल कविता की तरह होती है, जिसे आप डायरी के पन्नों में छुपा कर रखते हैं, जबकि पत्नी उसी कविता की वह अनिवार्य गाइड बुक बन जाती है जिसे परीक्षा से रात पहले रटना ही पड़ता है। इस बदलाव का पहला शिकार पुरुष का वह भ्रम होता है जो सोचता था कि वह अपनी जिंदगी का मुख्य किरदार है, जबकि हकीकत यह है कि वह अब सिर्फ सह-कलाकार है जिसका काम केवल ताली बजाना और सही समय पर बाजार से धनिया लाना है।

शुरूआती दिनों में जब वह प्रेमिका थी, तब उसकी आवाज में अजीब सी खामोशी और मिठास घुली रहती थी। ऐसा लगता था जैसे बनारस के घाट पर शाम की आरती हो रही हो। तब उसकी हर हाँ में गजल छिपी होती थी और उसकी आँखों की झील में डूबने का मन करता था। लेकिन जैसे ही मांग में सिंदूर की लाल बत्ती जली, वह मधुर बांसुरी अचानक अनुशासनात्मक चटकदार सीटी में बदल गई। अब सुबह की शुरूआत अलार्म से नहीं, बल्कि रसोई से आने वाली बेलन और तवे की जुगलबंदी से होती है, जो साफ-साफ कहती है कि अगर बिस्तर से पांच मिनट में नहीं उठे, तो तुम्हारा नाश्ता इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाएगा। प्रेम के दिनों में जो आँखें हिरणी जैसी लगती थीं, वे अब सीसीटीवी कैमरे जैसी हो गई हैं, जो आपके हर लेट-कमिंग और चाय के खाली कप को सिंक में न रखने के अपराध को लाइव रिकॉर्ड करती हैं। प्रेमिका के दौर में प्रेमी किसी राजसी महल का राजकुमार होता था, जिसकी हर बात पर जादुई तारीफों का तमगा मिलता था।



### पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 18 जुलाई 2026 शनिवार
सूर्योदय - 05:56 सूर्यास्त 19:10
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - पंचमी 03:43 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - पूर्वाफाल्गुनी 18:00 उपरांत उत्तराफाल्गुनी
योग - वरियान 20:45 उपरांत परिघ
करण - बव
चन्द्रमा - सिंह में है। 23:58 पर कन्या में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास- सावान मास 03 तारिख

**मेष-** आज रुका धन मिलेगा। मन की चंचलता पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी।
**वृषभ-** जीवनसाथी पर आपसी मेहरबानी रहेगी। जल्दबाजी में धनहानि हो सकती है।
**मिथुन-** व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में सुकून रहेगा। निवेश लाभप्रद रहेगा। घर-बाहर सुख-शांति बने रहेंगे।
**कर्क-** घर-बाहर अशांति रहेगी। कार्य में रुकावट होगी। आय में कमी तथा नौकरी में कार्यभार रहेगा।
**सिंह-** बेवजह लोगों से कहासुनी हो सकती है। दुःखद समाचार मिलने से नकारात्मकता बढ़ेगी। जल्दबाज न करें।
**कन्या-** व्यवसाय से संतुष्टि नहीं रहेगी। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।
**तुला-** उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। प्रमाद न करें।
**वृश्चिक-** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा।
**धनु-** व्यवसाय ठीक चलेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। जुए, सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें।
**मकर-** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी।
**कुंभ-** प्रतिष्ठा वृद्धि होगी। सुख के साधन जुटेंगे। नौकरी में वर्चस्व स्थापित होगा।
**मीन-** आय के स्त्रोत बढ़ सकते हैं। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। घर-बाहर सहयोग व प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

समसामयिक

## एक महानगर का उदय



प्रफुल्ल शुक्ला
(दैनिक अवन्तिका)

एक बड़ा शहर कैसे बनता है,यह अंदाज आज के उज्जैन को देखकर लगाया जा सकता है। जो लोग यह परिवर्तन अपनी आंखों से देख रहें हैं वह बहुत भाग्यशाली हैं। तो पहले हम समझते हैं कि विकास क्या है,और इसका एक छोटे से शहर का महानगर में परिवर्तित होने से क्या संबंध है,तो जब सरकार रोजगार सृजन के लिए सार्वजनिक निर्माण के कामों को तेज करती है, तब इससे हर हाथ को काम मिलना सुनिश्चित किया जाता है,हर हाथ को काम मतलब ज्यादा से ज्यादा काम करवाकर ज्यादा से ज्यादा धन को विभिन्न परियोजनाओं में लगाकर लोगों के हाथों में पहुंचाना,अब कुछ लोग सोचते हैं सरकार के पास पैसे की क्या कमी,सरकार चाहे तो हर व्यक्ति को हर महीने कुछ हजार रुपए,बिना किसी काम के यूं ही दे सकती है,लेकिन वह यह भूल जाते हैं कि सरकार यह कर तो सकती है और छोटी मात्रा में कर भी रही है,लेकिन हर हाथ में बिना कोई काम करवायें धन देने मात्र से,न तो गरीबी दूर होगी,न ही विकास होगा और तब न ही रोजगार का स्थाई जरिया बनेगा,क्योंकि बिना काम हर हाथ यदि ज्यादा धन आया तो मंहगाई बढ़ना निश्चित है,क्योंकि मार्केट में यदि धन ज्यादा बढ़ा और वस्तुएं नहीं बढ़ी,तो मुद्रास्फीति बढ़ेगी ही,क्योंकि तब हर आदमी हजारों रुपए लेकर मार्केट जायेगा और उसे खरीदने के लिए वस्तु नहीं मिलेगी,जबकि उसके हाथ में पैसा उपलब्ध होगा।

तो इसी परिक्षेप में अब हम बात करते हैं उज्जैन के विकास की,तो मेरे जैसे लोग जिनकी उम्र साठ साल के आसपास है और जो विगत तीस चालीस सालों से उज्जैन में रहते हुए उज्जैन शहर को देख रहे है,तो वह जानतें हैं कि यह एक छोटा, प्यारा,शांत शहर कहलाता था अभी कुछ सालों पहले तक,जो किसी रिटायर व्यक्ति के लिए एकदम उपयुक्त जगह थी रहने के लिए, क्योंकि बाबा महाकाल की सेवा और इंदौर जैसे महानगर का सानिध्य,दोनों यहां मिल रहा था,तो और क्या चाहिए व्यक्ति को।और जैसा कि हम सब लोग जानते हैं कि कुछ सालों पहले तक, एक छोटे शहर के लिए विकास का मतलब होता था कि,एक-दो नये टाकीज खुल जाना,थोड़ी बहुत नयी दुकानें ब्रांडेड कपड़ों की खुल जाना, कुछ नये रेस्टोरेंट बन जाना,नये कालेज बन जाना, एक आध नया अस्पताल,कुछ नयी कालोनी और एक दो पुल,बस हो गया शहर का विकास और कमोबेश यही स्थिति,हमारे उज्जैन शहर की भी थी।

लेकिन विकास और अत्यधिक तेज विकास कैसा होता है,वह अब हम देख रहे हैं आज उज्जैन शहर के चारों तरफ चौड़े चौड़े फोरलेन कारिडोर विकसित हो रहे हैं,नये नये इंडस्ट्रियल पार्क बन रहें हैं,जहां बड़ी बड़ी नामी गिरामी कंपनियां अपनी फेक्ट्रियां खोल रही हैं एवं खोल चुकी हैं।इसी तरह एक नया आई टी पार्क और नियमित उड़ान वाला हवाई अड्डा बन रहा है।साथ में एक सुव्यवस्थित हेलीपेड चार हेलीकॉप्टर उतरने की सुविधा के साथ बन रहा है।वर्षों आगे की जनसंख्या और उसकी मांग को ध्यान में रखकर बांध और तालाब बनाए जा रहे हैं और उसके लिए बड़ी बड़ी पाइप लाइन डाली जा रही हैं।मोक्षदायिनी शिप्रा नदी का शुद्धिकरण करने के लिए कान्ह डायवर्सन योजना पर काम चल रहा है। दर्जनों ब्रिज एवं अंडर पास और एलीवेटेड कारिडोर पर काम जारी है। एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज के साथ दूसरा शासकीय मेडिकल कॉलेज मेडीसिटी के रूप में विकसित हो रहा है जिसके लिए बहुत भव्य,बहुमंजिला इमारतों का निर्माण हो रहा है। सभी प्रमुख मार्गों का चौड़ीकरण एवं चौराहों का विकास हो रहा है। बड़े बड़े ग्रुप्स के होटलों का निर्माण हो रहा है। दूर दूर तक कालोनियों का निर्माण चल रहा है।एक बहुत बड़ा चिड़ियाघर भी प्रस्तावित है साथ ही एक सुंदर संग्रहालय का काम भी जारी है। शहर के विद्युत प्रदाय को भी सिंहस्थ जैसे बड़े आयोजनों के लिए उन्नत किया जा रहा है। रेलवे की सुविधाओं को बेहतर किया जा रहा है नये स्टेशन और प्लेटफार्मों एवं नये रेलवे ब्रिज पर काम जारी है।

## क्या आप भी पीते हैं बोतल में बचा बासी पानी?

हम सब अपनी साइड टेबल पर रात भर बचा हुआ पानी बोतल या गिलास में पीते हैं। या फिर रात भर कार में छोड़ी गई पानी की बोतल से भी पी लेते हैं, लेकिन यह कितना सुरक्षित है कि पानी रात भर या उससे भी अधिक समय तक रहे? क्या बासी पानी पीना वाकई सेफ है? हमारा शरीर रात भर डिहाइड्रेट हो जाता है, इसलिए सुबह प्यासा उठना असामान्य नहीं है, लेकिन क्या आपको नाइटस्टैंड पर छोड़े गए गिलास या बोतल से पानी पीना चाहिए या नहीं? मानव शरीर 70 प्रतिशत पानी से बना है। शरीर के तापमान को बनाए रखने, डिटॉक्स करने और जोड़ों को चिकनाई देने के लिए पानी पीना जरूरी है, लेकिन ये सवाल है कि क्या कितना बासी पानी पीना अच्छा है और अगर असुरक्षित है तो इसके क्या नुकसान हो सकते हैं? जानने के लिए यहां पढ़ें।

### बासी रहने से क्या बदल जाता है पानी का स्वाद?

क्या आपने कभी रात को छोड़े गए गिलास या बोतल से पुराना या बासी पानी पिया है क्या आपने महसूस किया है कि इसका स्वाद अलग है? खैर, यह कार्बन डाइऑक्साइड के कारण होता है। जब आप लगभग 12 घंटे के लिए पानी के गिलास को खुला छोड़ देते हैं, तो हवा में कार्बन



डाइऑक्साइड उसमें घुलने लगती है। यह पानी के पीएच लेवल को कम करता है और इसे एक अलग स्वाद देता है, लेकिन फिर भी यह पानी पीने के लिए सुरक्षित है। जब आप पानी को गर्म जगह पर स्टोर करते हैं तो बैक्टीरिया का विकास और भी अधिक होता है।

### खुले बर्तन से पानी पीना कितना सुरक्षित?

आपको बहुत देर तक खुला छोड़ दिया गया पानी पीने से बचना चाहिए। खुले गिलास या कंटेनर में रात भर या लंबे समय तक बचा हुआ पानी कई बैक्टीरिया का घर होता है और पीने के लिए सुरक्षित नहीं होता है। आप कभी नहीं जानते कि उस बर्तन में कितनी धूल, मलबा और अन्य छोटे सूक्ष्म कण गुजरे होंगे।

### क्या बोतल का बासी पानी पीना सेफ है?

बोतल में लंबे समय तक बचा हुआ पानी पीने के लिए सुरक्षित नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि जब हम पानी पीने के लिए बोतल के किनारे पर अपना मुंह रखते हैं, तो हमारी त्वचा को ढकने वाली मृत त्वचा, धूल और पसीना बचे हुए पानी में वापस धुल जाता है। हम सभी जानते हैं कि हमारे लार में भी बहुत सारे बैक्टीरिया होते हैं, जो सभी बोतल में पानी के साथ मिल जाते हैं। अगर इसे थोड़ी देर के लिए छोड़ दिया जाए तो इसमें बैक्टीरिया पनप जाते हैं और जब आप दोबारा वही पानी पीते हैं तो यह आपके शरीर में एक रास्ता ढूंढता है। इससे कई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

### कार में रखी बोतल से पानी पीना चाहिए?

कार में पानी सूरज की किरणों के कारण गर्म हो जाता है, जो बैक्टीरिया के लिए एक आदर्श प्रजनन स्थल के रूप में कार्य करता है। कार में रखी बोतल में रसायनों का रिसाव हो सकता है जो आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकते हैं।

- रात भर बचा हुआ पानी अगर ठीक से रखा जाए तो पीने में कोई बुराई नहीं है।
- कांच या खुले बर्तन में रखे पानी को हमेशा ढककर रखें।
- कभी भी अपना मुंह बोतल में न डालें और अगर आपके पास है तो एक बार में पूरी बोतल को खत्म कर दें।

धर्म-आस्था

## आस्था की विजयः जब पंढरपुर में एक बालक के रक्षक बने स्वयं विट्ठल

### एक सत्य घटना पर आधारित संस्मरण



अमित राव पवार
(दैनिक अवन्तिका)

एक पारिवारिक संस्मरण,जो बताता है कि श्रद्धा का सबसे बड़ा प्रमाण अनुभव होता है,भारत की सांस्कृतिक परंपरा में कुछ पर्व केवल तिथियाँ नहीं होते,वे लोकजीवन की आत्मा बन जाते हैं। आषाढ़ी एकादशी ऐसा ही एक महापर्व है,जो महाराष्ट्र ही नहीं,पूरे देश के करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। इस दिन पंढरपुर स्थित भगवान श्री विठ्ठल-रुक्मिणी मंदिर में दर्शन के लिए लाखों श्रद्धालु पहुँचते हैं। चंद्रभागा नदी में स्नान,हरिनाम,संकीर्तन,वारकरी परंपरा की पदयात्राएँ और जय जय राम कृष्ण हरी का अखंड घोष इस तीर्थ को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देता है। सदियों से यह विश्वास जीवित है कि पांडुरंग विठ्ठल अपने भक्तों की पुकार अवश्य सुनते हैं।

ऐसी ही आस्था से जुड़ा एक सत्य संस्मरण मध्य प्रदेश के देवास स्थित पवार परिवार में आज भी श्रद्धापूर्वक सुनाया जाता है। यह घटना लगभग एक शताब्दी पूर्व की है, किंतु परिवार की स्मृतियों में आज भी उतनी ही जीवंत है,मानो कल की बात हो। मध्यप्रदेश के मालवा अंचल के देवास निवासी श्रीमती मंजुलाबाई अमृतराव पवार साहेब अपने पाँच से सात वर्षीय पुत्र के साथ आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर पंढरपुर पहुँची थीं। उस समय न आधुनिक परिवहन था,न यात्रियों के लिए आज जैसी सुविधाएँ। फिर भी श्रद्धा के बल पर लोग कठिन यात्राएँ करते थे। पंढरपुर पहुँचकर उन्होंने पहले अपने पुत्र को चंद्रभागा नदी में स्नान कराया और फिर मंदिर की सीढ़ियों पर बैठाकर मराठी में स्नेहपूर्वक कहा–बाळा, इथेच बस.मी आंघोळ करून लगेच येते.अर्थात,बेटा,यहीं बैठे रहना। मैं स्नान करके अभी आती हूँ। किन्तु नियति ने उस दिन उनके विश्वास की एक कठिन परीक्षा लेनी थी। जब मंजुलाबाई साहेब स्नान कर लौटीं,तो उनका पुत्र वहाँ नहीं था। देखते ही देखते उनका हृदय आशंका से भर उठा। अपार भीड़ में वे व्याकुल होकर अपने पुत्र को खोजने लगीं। दूसरी ओर नन्हा बालक भी अपनी माँ को ढूँढ़ते-ढूँढ़ते रोने लगा। माँ और पुत्र दोनों एक-दूसरे को पुकार रहे थे,पर लाखों श्रद्धालुओं के शोर में उनकी आवाजें कहीं विलीन हो गईं। इसी बीच एक वृद्ध,संतस्वरूप बाबा उस रोते हुए बालक के पास आए। उन्होंने बड़े स्नेह से उसके आँसू पोंछे और मराठी में पूछा,बाळा,का रडतोस? बालक ने मासूमियत से उत्तर दिया,माझी आई दिसत नाही.अर्थात,मेरी आई दिखाई नहीं दे रही है। वृद्ध ने प्रेमपूर्वक उसे प्रसाद के दो लड्डू दिए,उसका भय दूर किया और मंदिर के समीप एक चबूतरे पर बैठाकर कहा,इथेच बस.तुझी आई नक्की येईल। यानी,यहीं बैठे रहो,तुम्हारी माँ अवश्य आ जाएगी। कुछ समय बाद पुत्र की खोज में व्याकुल मंजुलाबाई साहेब की दृष्टि उसी चबूतरे पर बैठे अपने पुत्र पर पड़ी। वे भावविल होकर बाळा... बाळा... पुकारती हुई उसके पास दौड़ीं और उसे अपने हृदय से लगा लिया। उस क्षण शब्द गौण हो गए; माँ और पुत्र दोनों की आँखों से बहते आँसू ही उनके मिलन की भाषा बन गए। बालक ने शांत होने पर पूरी घटना अपनी माँ को सुनाई। मंजुलाबाई साहेब ने चारों ओर उस वृद्ध संत को खोजा,पर वे कहीं दिखाई नहीं दिए। उसी क्षण उनके अंतर्मन में यह अनुभूति जागी कि वह कोई सामान्य वृद्ध नहीं थे,बल्कि स्वयं पांडुरंग विठ्ठल थे,जिन्होंने भक्त की पुकार सुनकर उसके पुत्र की रक्षा की।

यह अनुभूति किसी तर्क का विषय नहीं थी। यह एक माँ के विश्वास और उसके अनुभव का सत्य था। वे श्रद्धा से अभिभूत होकर भगवान विठ्ठल के दर्शन करने पहुँचीं और कृतज्ञ मन से देवास लौट आईं। समय बीतता गया। वही बालक आगे चलकर देवास के प्रथम फोटोग्राफर एवं आर्टिस्ट श्री गणपतराव पवार साहेब के रूप में प्रतिष्ठित हुए। उन्होंने अपने परिवार के साथ-साथ तत्कालीन देवास रियासत का भी नाम गौरवान्वित किया। आज उनके चौथी पीढ़ी तक परिवार कला,संस्कृति और सामाजिक योगदान के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए है।परिवार के सदस्यों के अनुसार,स्व.श्री गणपतराव साहेब जब भी इस घटना का स्मरण करते थे,उनकी आँखें स्वतः भर आती थीं। उन्होंने यह संस्मरण दशकों पूर्व एकादशी के अवसर पर अपनी चौथी पुत्रवधु श्रीमती ज्योति प्रेमराव पवार जी को सुनाया था। उस समय भी वे भावुक हो उठे थे।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6000 से 6050 विशाल, 5950 से 6000 मसूर 6000,महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7500, महाराष्ट्र लाल 7700 से 7900, कर्नाटक 8100 से 8300 निमाड़ी, डेट तुअर 6500 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी, 7100 से 7300 मूंग बेस्ट बोल्ड, 7500 से 7700 मीडियम बोल्ड, 7200 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8700 से 9000, उड़द गर्मी 8000 से 8400 ग्रेविटी, क्लीन 8600 से 8900 हल्का उड़द, 4000 से 6000 काबुली डॉलर, 7000 से 8400 काबुली रशियन, 5800 बिटकी 5200 से 5300, सरसों निमाड़ी 8000 से 8200, रायडा 6800 से 7000 करंज 5000, से 5200 सोयाबीन 6800 अलसी, 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से, 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकवन 2750 से 2800, पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज, 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7450 से 7550, मीडियम 7650 से 7750 रुपए।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1950-2925, धनिया- 10300-12762, चना देशी- 5541-6301, डालर चना- 3850-7310, मटर- 2622-3430, मक्का- 2415, मूंग- 6810, सोयाबीन- 2200-8000, तिल्ली- 10491-11001, सरसो- 6886, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,41,400 रवा- 1,41,200 चांदी- टंच- 2,22,000 पाट- 2,21,500।

### उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

**editor.awantika@gmail.com**



## कोटवार संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर शासकीय कर्मचारी का दर्जा देने की माँग की

**आगर मालवा।** आगर मालवा में मध्यप्रदेश कोटवार आजाद कर्मचारी संघ ने बुधवार को कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। संघ ने कोटवारों को शासकीय कर्मचारी का दर्जा देने और नियमित करने सहित अपनी नौ सूत्रीय मांगों के निराकरण की मांग की है। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में कोटवारों को उनकी सेवाभूमि का मालिकाना हक प्रदान करना, सेवानिवृत्ति पर एक लाख रुपये की राशि देना और सीयूजी सिम उपलब्ध कराना शामिल है। इसके अतिरिक्त, संघ ने रिक्त पदों पर पूर्व में कार्यरत कोटवारों को पुनः नियुक्त करने की भी मांग की। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि कई कोटवारों की सेवाभूमि पर दबंगों ने अवैध कब्जा कर रखा है। उन्होंने प्रशासन से ऐसी भूमि को कब्जा मुक्त कराकर कोटवारों को उनका अधिकार दिलाने का आग्रह किया। साथ ही, कोटवारों पर झूठे प्रकरण दर्ज न करने की मांग भी रखी गई। अन्य मांगों में उच्च शिक्षित कोटवारों को उनकी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार कार्य देना और वर्दी भत्ते की राशि नकद प्रदान करना शामिल है। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो वे आंदोलन की रणनीति बनाएंगे।

## सीएससी स्थापना दिवस पर कलेक्ट्रेट परिसर में हुआ पौधारोपण

**आगर मालवा।** कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के 17 वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुवार को सीएससी एवं एफडीएस आधार एंड ऑनलाइन के संयुक्त तत्वावधान में जिला कलेक्ट्रेट परिसर में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर प्रेमनारायण परमार, एसडीएम देवकुंवर सोलंकी, श्रम विभाग के जिला अधिकारी बीएल राठौर, ई-गवर्नेंस सोसायटी मैनेजर लखन सिंह ठाकुर, सीएससी जिला प्रबंधक भूपेंद्र कुमार गुप्ता तथा सर्वेश यादव मौजूद रहे। आयोजक फरमान मुल्तानी एवं जिला सीएससी प्रबंधक ने बताया कि एफडीएस आधार एंड ऑनलाइन के सहयोग से 16 जुलाई से 15 अगस्त तक जिले के विभिन्न शासकीय विभागों और विद्यालयों में पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करना है। कार्यक्रम में सीएससी वीएलई जगदीश मालवीय, कमलेश, प्रधान सिंह, अशरफ सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## मंदिर में शिव परिवार व हनुमानजी की प्रतिमाओं की हुई प्राण-प्रतिष्ठा

**आगर-मालवा।** मालीखेड़ी रोड स्थित नव निर्मित शीतला माता मंदिर में गुरुवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिव परिवार एवं हनुमानजी की प्रतिमाओं की विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा की गई। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजा-अर्चना की। आचार्य बाबूलाल उपाध्याय के मार्गदर्शन में एक दिन पूर्व प्रतिमाओं का जल, पुष्प, दूध, दही, अन्न एवं वस्त्रों से अभिषेक कराया गया। पूजन के बाद भगवान की आरती कर शयन कराया गया। शुभ मुहूर्त में वैदिक विधि से पूजन-अर्चन के बाद हवन संपन्न हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर धर्म लाभ अर्जित किया। सुबह करीब 10.30 बजे पूर्णाहुति के साथ धार्मिक अनुष्ठान का समापन हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ, माता शीतला एवं हनुमानजी की सामूहिक आरती की तथा प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों के साथ बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

## खिदमत ग्रुप ने परिवारों को वितरित किए राशन किट

**आगर मालवा।** नगर की सामाजिक संस्था खिदमत ग्रुप सोसायटी ने गुरुवार को जरूरतमंद एवं गरीब परिवारों को राशन किट वितरित कर उनकी सहायता की। संस्था समय-समय पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की मदद करती रही है। राशन वितरण कार्यक्रम के दौरान शहर काजी जियाउलहक कुरेशी विशेष रूप से मौजूद थे।

**उमिया धाम में नल-जल योजना पर विवाद रहवासियों ने**

## नगर पालिका पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए, सिर्फ कागजों में पूरी हुई पाइपलाइन



**शाजापुर।** शाजापुर की उमिया धाम कॉलोनी के रहवासियों ने शुक्रवार को नगर पालिका पहुंचकर नल-जल योजना में अनियमितता का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने उटड भूपेंद्र कुमार दीक्षित को शिकायत सौंपकर जांच की मांग की। रहवासियों का आरोप है कि काम केवल कागजों में पूरा दिखाया गया है। उन्होंने ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी की और मुख्य नगर पालिका अधिकारी (उटड) भूपेंद्र कुमार दीक्षित को शिकायत सौंपकर मामले की जांच की मांग की। रिकॉर्ड के अनुसार, प्रत्येक गली में पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है और केवल मुख्य पाइपलाइन से जोड़कर लाइन चालू करना बाकी है। रहवासी जुगल नहर ने बताया कि नगर पालिका के रिकॉर्ड में पाइपलाइन और नल कनेक्शन का काम पूरा दिखाया गया है, जबकि कॉलोनी में न पाइपलाइन बिछी है और न ही कनेक्शन दिए गए हैं। वहीं कॉलोनीवासियों का आरोप है कि वास्तविक स्थिति रिकॉर्ड से बिल्कुल अलग है। उनके मुताबिक नल-जल योजना के तहत न तो कॉलोनी में पाइपलाइन बिछाई गई है और न ही किसी घर को नल कनेक्शन दिया गया है। उनका कहना है कि पूरा काम केवल कागजों में दिखाया गया है, जिससे लोगों में नाराजगी है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र कुमार दीक्षित ने कहा कि फिलहाल मुख्य पाइपलाइन से कनेक्शन जोड़ने का कार्य बाकी है। उन्होंने कहा कि यदि किसी ठेकेदार ने बिना काम पूरा किए काम पूरा होने का दावा किया है तो मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**बच्ची ने पिता का नंबर बताकर परिजनों तक पहुंचाया संदेश**

# बस की टक्कर से दादी की मौत, पोती गंभीर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास शहर के उज्जैन तिराहे पर शुक्रवार दोपहर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि उनकी पांच वर्षीय पोती घायल हो गई। इंदौर से देवास पहुंचीं दादी-पोती बस से उतर रही थीं, तभी दूसरी यात्री बस ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बस जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, इंदौर के सदर बाजार निवासी 50 वर्षीय निगार सुलताना अपनी पांच वर्षीय पोती मरियम के साथ बस से देवास आई थीं। शुक्रवार दोपहर उज्जैन तिराहे पर बस से उतरने के दौरान दूसरी यात्री बस की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों ने तत्काल दोनों को बस के नीचे से निकालकर जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने निगार सुलताना को मृत घोषित कर दिया, जबकि मरियम के पैर में चोट आई है और उसका उपचार जारी है।



### बच्ची ने याद से बताया पिता का नंबर

घायल होने के बावजूद पांच वर्षीय मरियम होश में थी। उसने अपने पिता का मोबाइल नंबर याद से बताया, जिसके आधार पर पुलिस ने परिजनों से संपर्क कर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

हादसे में महिला का मोबाइल फोन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे परिजनों से संपर्क करना मुश्किल हो गया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी अभिषेक यादव ने महिला के मोबाइल की सिम निकालकर अपने फोन में लगाई और संपर्क करने का प्रयास किया।

**ढाबे के बोरी में मिली थी एमआर की लाश**

## गूगल मैप और वीडियो से उम्रकैद तक पहुंचे हत्यारे

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शाजापुर

तकनीक के सटीक इस्तेमाल और एक पत्नी की सूझबूझ ने न सिर्फ अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाई, बल्कि हत्यारों को उनके अंजाम तक भी पहुंचा दिया। शहर के बायपास स्थित दोस्ताना ढाबे में हुई एमआर सुनील पाटीदार की सनसनीखेज हत्या के मामले में न्यायालय ने अपना अहम फैसला सुनाया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने परिस्थितिजन्य साक्ष्यों, साइबर फोरेंसिक रिपोर्ट और मोबाइल टावर लोकेशन को पुख्ता आधार मानते हुए ढाबा संचालक राजेश सौराष्ट्रीय और रसोइए जितेन्द्र सौराष्ट्रीय को हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी रमेश सोलंकी के अनुसार, ग्राम मंगलाज का रहने वाला सुनील पाटीदार इंदौर में एमआर (मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव) का काम करता था। 21 दिसंबर



2023 की सुबह करीब 9.10 बजे वह किसी दूसरी नौकरी के इंटरव्यू के लिए बाइक से इंदौर के लिए निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। फोन बंद आने पर परिजनों ने तलाश शुरू की और 23 दिसंबर को सलसलाई थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। मामले का असल खुलासा तब हुआ जब सुनील की पत्नी रीना ने गूगल मैप की मदद से पति के मोबाइल की आखिरी लोकेशन तलाशी, जो शाजापुर बायपास स्थित राजराजेश्वरी रेस्टोरेंट की निकली। इसी लोकेशन के आधार पर 24 दिसंबर को परिजन रेस्टोरेंट पहुंचे और वहां चाय बनाने वाले नीतेश मालवीय को सुनील का फोटो दिखाया। नीतेश ने बताया कि 21 दिसंबर की रात करीब 9 बजे यह युवक राजेश और जितेन्द्र के साथ चाय पीने आया था और फिर तीनों पास ही स्थित राजेश के दोस्ताना ढाबे के अंदर चले गए थे। संदेह होने पर जब परिजनों ने बंद ढाबे का शटर उठाया तो वहां से तेज बदबू आ रही थी। अंदर पीछे की दीवार के पास रखी एक सफेद बोरी में सुनील की लाश बरामद हुई, जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने हत्या और साक्ष्य छिपाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। थाना प्रभारी ब्रजेश मिश्रा की जांच में ढाबा संचालक राजेश को गिरफ्तार किया गया, जिसके मोबाइल से पुलिस को एक सबसे अहम सुराग मिला। उसके फोन में 21 दिसंबर की रात 9.01 बजे का एक वीडियो था, जिसमें सुनील जीवित अवस्था में कुर्सी पर बैठा हुआ नजर आ रहा था। भोपाल की साइबर फोरेंसिक लैब ने भी इस वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि की।

## बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करेंगे- अजयसिंह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ अकोदिया

विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल का गुरुवार शाम अकोदिया पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। वे भोपाल से शाजापुर जाते समय कुछ देर के लिए अकोदिया में रुके थे। शाम को करीब 6:30 बजे जैसे ही वे पहुंचे, वहां पहले से मौजूद भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने 'राहुल गांधी जिंदाबाद' और कांग्रेस पार्टी के समर्थन में जमकर नारे भी लगाए।

स्वागत के दौरान कुछ कार्यकताओं ने अजय सिंह राहुल को उनकी खुद की एक सुंदर तस्वीर तोहफे में दी। अजय सिंह राहुल ने वहां मौजूद सभी कार्यकताओं से मुलाकात की और पार्टी के कामकाज को लेकर छोटी सी चर्चा भी की।

इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री रामवीर सिकरवार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र मेवाड़ा, युवा नेता राहुल मंडलोई और सोनू गुर्जर समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी को बूथ स्तर पर और ज्यादा मजबूत बनाने की बात कही।

## नगर परिषद् ने अकोदिया में 45 बेसहारा मवेशी पकड़े

**अकोदिया।** नगर परिषद ने बेसहारा मवेशियों को हटाने के लिए गुरुवार को शाम 4 बजे एक विशेष अभियान चलाया। इस दौरान मुख्य बाजार, बस स्टैंड और प्रमुख चौराहों से 45 गाय व सांडों को पकड़कर बुमतलाई माता गौशाला पहुंचाया गया, जिससे नागरिकों और वाहन चालकों को राहत मिली। लंबे समय से नगर की सड़कों पर मवेशियों के कारण आमजन और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मुख्य बाजार, बस स्टैंड और कॉलोनियों में इनका जमावड़ा लगा रहता था। कई बार सांडों की लड़ाई से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता था, और पूर्व में कई लोग हादसों का शिकार भी हो चुके थे। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद नगर परिषद अध्यक्ष के निर्देश और सीएमओ के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई।

**बुजुर्ग मां को कमरे में दो महीने तक बंधक बनाया**

## पड़ोसियों ने पुलिस को दी सूचना, बेटे-बहू को समझाइश के बाद तीसरे बेटे को सौंपा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

जिले के सुसनेर में दो बेटों पर अपनी बुजुर्ग मां को कमरे में बंद रखने का आरोप लगा है। शुक्रवार सुबह वार्ड क्रमांक-5 के कल्याण जीन क्षेत्र में यह मामला सामने आया। सूचना मिलने पर जनप्रतिनिधि और पुलिस मौके पर पहुंची तथा बुजुर्ग महिला को कमरे से बाहर निकाला।

पड़ोसियों ने मामले की जानकारी नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी और पार्षद प्रतिनिधि पवन शर्मा को दी। दोनों मौके पर पहुंचे और परिजनों से कमरे की चाबी मांगी, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। इसके बाद पुलिस को बुलाया



गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिजनों से चाबी ली और कमरे का ताला खुलवाया। इसके बाद बुजुर्ग महिला कौशल्या बाई को बाहर निकालकर थाने ले जाया गया। पुलिस ने दोनों बेटों और उनकी बहुओं को भी थाने बुलाया।

नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने बताया कि पड़ोसियों के अनुसार बुजुर्ग महिला करीब दो महीने से कमरे में रह रही थीं। हालांकि, इस दौरान उनके खाने-पीने की व्यवस्था की जा रही थी। पिछले कुछ दिनों से जनप्रतिनिधियों को भी इस मामले की जानकारी मिल रही थी। थाने में दोनों पक्षों से बातचीत के बाद आपसी सहमति से बुजुर्ग महिला कौशल्या बाई को उनके तीसरे बेटे गणेश के साथ भेज दिया गया।

### महिला की मानसिक स्थिति पर अलग-अलग दावे

पुलिस के सामने परिजनों ने कहा कि उनकी मां की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और वह बिना बताए घर से बाहर चली जाती थीं। वहीं, पार्षद प्रतिनिधि पवन शर्मा का कहना है कि महिला की मानसिक स्थिति सामान्य थी और वह अपना तथा परिवार के लोगों का नाम बता रही थीं।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्यामसिंह पिता नेमसिह जी सिसोदिया जाति राजपूत निवासी ग्राम बुडानिया तह. हातोद जिला इंदौर ने विक्रेता कैलाश पिता मोती जी जाति बागरी निवासी ग्राम किलोली तह. बडनगर के स्वामित्व एंव आधिपत्य का एक भूमि जिसका भूमि सर्वे नं0 266/6/1/1 रकबा 0.10 हे. सर्वे नं0 266/6/1/2 रकबा 0.20 हे. कुल किता 02 कुल रकबा 0.30 हे. याने डेढ बिघा ग्राम किलोली नामलपुर रोड से लगी हुई होकर स्थित है और भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने समक्ष गवॉह शेलेन्द्र पिता बाबुलाल जाति प्रजापत निवासी ग्राम दौलतपुर, पर्वतसिंह, रवि के समक्ष सौदा किया गया है तथा बयाने की राशि विक्रेता को मेरे पक्षकार के समक्ष गवॉहान मे नगद प्राप्त कर लिया है तथा उपरोक्त बिकी की गई भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन 1 माह में किया जाना है यदि उपरौक्त वर्णित भूमि सबधीत किसी भी व्यक्ति व्यक्ति संस्था बैंक तथा शासकीय अर्धशासकीय संस्था का ऋण भार बकाया हो या किसी व्यक्ति को भी आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय कोर्ट परिसर बडनगर जिला उज्जैन में सुबह 10:30 से शाम 6:00 बजे तक मय लिखित प्रमाण के प्रस्तुत करे तथा अपनी आपत्ति एंव दस्तावेजो का अवलोकन करवाये अन्यथा बाद अवधि मियाद समाप्त होने पर किसी भी प्रकार का कोई दावा, आपत्ति व वाद स्वीकार नही किया जावेगा एंव आपत्ति करने का कोई अधिकार सबंधीत पक्ष को नही रहेगा सूचित हो पाबंदी करे । दिनांक 18/07/2026

**विजय कुमार त्रिवेदी (दस्तावेज लेखक) अजय त्रिवेदी एडवोकेट**
**कोर्ट परिसर बडनगर जिला उज्जैन मो. 9826672595,9098777976**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे 1 पक्षकार बल्लभ, संजय व राकेश पिता रामचन्द्र जाति खाती निवासी ग्राम मक्सी तहसील व जिला शाजापुर के के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 1327 रकबा 3.58 हेक्टेयर में से रकबा 2.181 हेक्टेयर इस तरह कुल किता 01 कुल रकबा 2.181 हेक्टेयर भूमि स्थित ग्राम बरंडवा तहसील तराना जिला उज्जैन भूमि को प्रतिफल राशि प्रदान कर पट्टा/किराया/लीज करने का अनुबंध किया गया है। उपरोक्त पत्तादाता की संपत्ति पर किसी व्यक्ति शासकीय अर्धशासकीय निजी संस्था का हक, हिस्सा, कब्जा कर्ज डिक्री चार्ज मेंटेनेंस या अन्य किसी प्रकार का भार अथवा बोझ इत्यादि बकाया हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में सप्रमाण निम्नांकित पते पर सूचित करें, समयावधि पश्चात सदर सम्पत्ति के लीज पत्र का पंजीयन करवा दिया जावेगा व किसी प्रकार की आपति मान्य नहीं की जावेगी।

सूचित हो। इति दिनांक 17/07/2026

**श्याम गुर्जर (एडव्होकेट)**
**कोर्ट परिसर तराना जिला उज्जैन कार्यालय समय सुबह 10 से 5 बजे**
**मो.नं. 8965809867**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार द्वारा भूखण्ड स्वामी श्री मोडसिह पडिहार पिता श्री बजेसिह पडिहार, निवासी राजपुत मोहल्ला छडावद तहसील तराना जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का एक भुखण्ड क्रमांक 23, EWS स्थित म. प्र. गृह निर्माण मण्डल योजना (196 SC/ST) योजना कि अतिरिक्त विश्व बैंक कालोनी उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) है। जिसका कुल क्षेत्रफल 32.40 वर्गमीटर है। व जो आवासीय उपयोग का होकर फ्री-होल्ड राईट्स का हैं तथा उक्त भूखण्ड कि लम्बाई उत्तर दक्षिण बतरफ पूर्व व पश्चिम 9.00 मीटर, चौड़ाई- पूर्व पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण 03.60 मीटर के माप का होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 32.40 वर्गमीटर हैं एवं जिसके पूर्व में - भूखण्ड क्रमांक 22, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक 24, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक 42 व दक्षिण में कालोनी का रास्ता हैं, को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा उपरोक्त भूखण्ड स्वामी से किया होकर आंशिक धनराशि अदा कर दी हैं।

उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, वित्तिय संस्था, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे का अधिकार, अथवा इस विक्रय व्यवहार में परिवार के किसी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार कोई आपत्ति हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 7 दिन में मय असल दस्तावेजी व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकी उसका निराकरण करवाया जा सकें। बाद मियांद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा । दिनांक-17.07.2026. उज्जैन,

**कमलेश बामनिया (एडव्होकेट)**
**210, प्रथम मंजिल कलवानी टावर फ्रीगंज उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. नं. 6260038664, 9575990464**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे 1 पक्षकार छोटूलाल पिता देवाजी जाति कुम्हार निवासी कस्बा तराना तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 415/1 रकबा 0.19 हेक्टेयर व सर्वे नं. 416/1/3 रकबा 0.1020 हेक्टेयर व सर्वे नं. 429/1 रकबा 0.2570 हेक्टेयर व मेरे 2 पक्षकार अनिल पिता छोटूलाल जाति कुम्हार निवासी कस्बा तराना तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 415/2 रकबा 0.36 हेक्टेयर भूमि व सर्वे नं. 416/1/2 रकबा 0.20 हेक्टेयर व मेरे 3 पक्षकार भगवानसिंह पिता छोटूलाल जाति कुम्हार निवासी कस्बा तराना तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 415/3 रकबा 0.34 हेक्टेयर व सर्वे नं. 416/1/1 रकबा 0.22 हेक्टेयर व मेरे 4 पक्षकार धनसिंह, घनश्याम पिता गोपालसिंह शांताबाई बेवा गोपालसिंह नन्दकिशोर, चुन्नीलाल पिता मांगीलाल निवासी कस्बा तराना तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 428/2 रकबा 2.9260 हेक्टेयर में से 0.139 हेक्टेयर मेरे 5 पक्षकार सुनील पिता छोटूलाल जाति कुम्हार निवासी कस्बा तराना तहसील तराना जिला उज्जैन के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे नं. 429/2 रकबा 0.56 हेक्टेयर में से रकबा 0.458 हेक्टेयर इस तरह कुल किता 09 कुल रकबा 2.266 हेक्टेयर भूमि स्थित कस्बा तराना तहसील तराना जिला उज्जैन भूमि को प्रतिफल राशि प्रदान कर पट्टा/किराया/लीज करने का अनुबंध किया गया है। उपरोक्त पत्तादाता की संपत्ति पर किसी व्यक्ति शासकीय अर्धशासकीय निजी संस्था का हक, हिस्सा, कब्जा कर्ज डिक्री चार्ज मेंटेनेंस या अन्य किसी प्रकार का भार अथवा बोझ इत्यादि बकाया हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में सप्रमाण निम्नांकित पते पर सूचित करें, समयावधि पचात सदर सम्पति के लीज पत्र का पंजीयन करवा दिया जावेगा व किसी प्रकार की आपति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक 17/07/2026

**श्याम गुर्जर (एडव्होकेट)**
**कोर्ट परिसर तराना जिला उज्जैन कार्यालय समय सुबह 10 से 5 बजे**
**मो.नं. 8965809867**

**भोपाल दुष्कर्म मामले के विरोध में एबीवीपी का प्रदर्शन**

## देवास में पुतला जलाकर आरोपियों को खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग



**देवास।** भोपाल में एनएसयूआई की महिला पदाधिकारी के साथ दुष्कर्म और मारपीट की घटना के विरोध में देवास में प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने गुरुवार शाम सयाजी द्वार पर प्रदर्शन किया। परिषद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़िता को जल्द न्याय दिलाने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने ₹नारी के सम्मान में, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मैदान में₹ जैसे नारे लगाए। बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध चिंता का विषय हैं। ऐसे मामलों में दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। एबीवीपी के नगर मंत्री नरजल चौधरी ने कहा कि भोपाल की घटना से पूरे प्रदेश में आक्रोश है। उन्होंने आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की, ताकि भविष्य में कोई इस तरह का अपराध करने की हिम्मत न कर सके। चौधरी ने कहा कि एबीवीपी महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान के लिए हमेशा आवाज उठाती है।

## निर्माणाधीन कलेक्टर कार्यालय में मजदूरों के बीच हुई पत्थरबाजी

**देवास।** निर्माणाधीन कलेक्टर कार्यालय परिसर में गुरुवार को मजदूरों के दो गुटों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद पथराव में बदल गया। करीब दो से चार मिनट तक दोनों पक्षों के बीच पत्थरबाजी हुई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान कुछ महिलाएं भी विवाद में शामिल थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक गुट निर्माणाधीन भवन की ऊपरी मंजिल से नीचे खड़े मजदूरों पर पत्थर फेंक रहा था। जवाब में नीचे मौजूद दूसरे गुट ने भी पत्थरबाजी शुरू कर दी। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को शांत कराया, जिसके बाद विवाद खत्म हो गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी शेयर किया जा रहा है। वीडियो में निर्माणाधीन भवन की ऊपरी मंजिल से पत्थर फेंकते मजदूर और नीचे से जवाबी पथराव साफ दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। हालांकि, इस मामले में किसी भी पक्ष ने पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

## हाईवे किनारे मेडिकल वेस्ट में आग, 30 मिनट तक हाईवे पर यातायात प्रभावित

**देवास।** इंदौर-भोपाल हाईवे पर जैतपुरा के पास गुरुवार को सड़क किनारे पड़े मेडिकल वेस्ट में आग लग गई। आग से उठे घने धुएं के कारण हाईवे पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। करीब 25 से 30 मिनट तक यातायात बाधित रहा। सूचना मिलते ही देवास से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड कर्मचारी सागर सांगते ने बताया कि हाईवे पर धुएं के कारण दृश्यता कम होने की सूचना मिली थी। टीम ने करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, सड़क किनारे अस्पताल का मेडिकल वेस्ट पड़ा था। इसमें किसी अज्ञात व्यक्ति ने आग लगा दी। आग के बाद धुआं दूर तक फैल गया, जिससे हाईवे पर आने-जाने वाले वाहन चालकों को परेशानी हुई। गौरतलब है कि जैतपुरा क्षेत्र में हाईवे किनारे अस्पतालों का मेडिकल वेस्ट खुले में पड़े होने की शिकायतें पहले भी सामने आ चुकी हैं।

## पटवारी ने किया दतिया उपचुनाव में जीत का दावा

**देवास।** देवास में अखिल भारतीय चंद्रवंशी खाती समाज की ओर से भगवान जगदीश की रथ यात्रा निकाली गई। यात्रा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा और हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी शामिल हुए। इस दौरान जीतू पटवारी ने रथ खींचा, भजन गाए और भक्तों के साथ नृत्य भी किया। वहीं, उन्होंने राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा को सहारा देकर मंच तक पहुंचाया और बैठाया। रथ यात्रा के बाद जीतू पटवारी ने दतिया उपचुनाव को लेकर भी बयान दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस यह चुनाव 25 हजार वोटों से जीतेगी। पटवारी ने आरोप लगाया कि भाजपा अपना कर्मकांड करेगी और प्रशासन चुनाव लड़ेगा, लेकिन आखिर में जीत कांग्रेस की होगी।

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है की मेरे नाम पूर्व में दिलीप पिता हरीश कुमार था, मेरे द्वारा गुरु दीक्षा लेने के कारण अब मेरे नाम परिवर्तित होकर नया नाम तीरथदास उदासी गुरु पिता आत्म दास उदासी हो गया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। सूचित हो। दिनांक- स्थान- उज्जैन

**तीरथदास उदासी गुरु पिता आत्म दास उदासी**
**निवासी- श्री अलखमैहरधाम उदासीन आश्रम. 186 ए-बी शिवाजी पार्क कॉलोनी संत नगर, सांवेर रोड उज्जैन**

### नाम परिवर्तन सूचना

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का पूर्व में नाम दिशीका बैरवा DISHIKA BAIRWA था, जो कि जन्म प्रमाण पत्र क्रमांक 1123/04.08.2012 मध्यप्रदेश सरकार, नगर पालिका मंदसौर में अंकित है वह नाम परिवर्तित होकर सिद्धि बैरवा SIDDHI BAIRWA हो गया है। अतः भविष्य में मेरी पुत्री को SIDDHI BAIRWA के नाम से जाना व पहचाना जाए एवं समस्त दस्तावेजों में SIDDHI BAIRWA ही लिखा व जाना जाए।**

**निवेदक पिता... दिनेश कुमार बैरवा निवासी 252 महेश विहार एक्सटेंशन, उज्जैन PO उज्जैन, M-L- Nagar, Dist- उज्जैन, मध्यप्रदेश 456010**

CMYK
दैनिक अवन्तिका
www.awantika.com
BHOPAL-GWALIOR REGIONAL


## अतिक्रमण तोड़ने गई टीम से विवाद, मारने के लिए ईंट उठाई

**भोपाल।** भोपाल की नर्मदा कॉलोनी में नाले के ऊपर अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम की टीम पर हमला करने की कोशिश की गई। कर्मचारियों को मारने के लिए एक युवक ने ईंट उठा ली, जबकि जेसीबी का कांच फोड़ने की कोशिश भी की। एक कर्मचारी का मोबाइल भी तोड़ दिया। मामले में शाहपुरा थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। मामला दोपहर साढे 3 बजे का है। नगर निगम का अतिक्रमण निरोधक दस्ता गोविंदपुरा स्थित नर्मदा कॉलोनी पहुंचा। यहां पर नाले के लिए 8 से 10 टीनशेड, झुग्गियां बनी हुई थीं। इन्हें करीब चार परिवारों ने बनाया था। कार्रवाई के बीच परिवार के सदस्य विवाद करने पर उतारू हो गए। मारपीट करने और ईंटें मारने का प्रयास किया। अतिक्रमण अधिकारी शैलेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि शाहपुरा थाने में शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले रामपाल के विरुद्ध केस दर्ज कराया है।

## अजय चौधरी की 144 वीं रैंक गुरूवार देर रात रिजल्ट जारी

**जयपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (नीट) ने गुरुवार देर रात NEET UG 2026 का रिजल्ट जारी कर दिया। जयपुर के छात्रों ने ऑल इंडिया स्तर पर बेहतरीन रैंक हासिल की हैं। उपलक्ष्य गोयल ने ऑल इंडिया 3ह्स्त्र रैंक हासिल की है। उपलक्ष्य ने बताया- तैयारी के दौरान मैंने मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी बना रखी थी। खुद को रिफ्रेश करने के लिए खाना खाते वक्त टीवी पर 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' या फिर कॉमेडी शो देखता था। मैं पिछले 1 साल से नीट की तैयारी कर रहा था। मेरा पहला टारगेट सिलेक्ट होना था। अब जब थर्ड रैंक आई है, तो मुझे काफी खुशी है। वहीं, अजय चौधरी ने ऑल इंडिया रैंक 144 प्राप्त की। दक्ष खंडेलवाल ने 154वीं, जबकि देवेश सिंह गुर्जर ने 153वीं ऑल इंडिया रैंक हासिल की है।

## फायर सेफ्टी के इंतजाम नहीं करने पर कोचिंग सील

**भोपाल।** लखनऊ कोचिंग में आग की घटना के बाद भोपाल की कोचिंग क्लॉसेस को लेकर जिम्मेदार अलर्ट मोड पर है। शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन निगम अमले ने निरीक्षण कर कार्रवाई की। इस दौरान इंद्रपुरी सी-सेक्टर स्थित उड़ान आईएस एकेडमी को सील कर दिया गया। एलसीएम लाईब्रेरी और एबसुल्यूट इंग्लिश इंस्टीट्यूट ने भी नोटिस का जवाब नहीं दिया। अनिल गुप्ता कोचिंग क्लासेस संचालक द्वारा जवाब प्रस्तुत करने के लिए एक दिन का समय मांगा। इसलिए इन्हें मोहलत दी गई। शुक्रवार को नगर निगम व जिला प्रशासन के संयुक्त दल ने निजामुद्दीन कालोनी टी-पाईंट स्थित एलसीएम लाईब्रेरी का औचक निरीक्षण किया। यहां फायर प्लान एवं नोटिस का जवाब न देने पर कार्रवाई प्रारंभ की। इस कोचिंग के संचालक द्वारा नोटिस का जवाब नहीं दिया जाना पाया गया। जिस पर निगम अमले ने कोचिंग को सील कर दिया।

## जिला अभिभाषक संघ चुनाव के परिणाम घोषित

**भोपाल।** भोपाल जिला अभिभाषक संघ के चुनाव परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिए गए। चुनाव अधिकारी के अनुसार, सीनियर एडवोकेट देवेंद्र सिंह रावत अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं। विभिन्न पदों पर अन्य विजेताओं के नाम भी घोषित कर दिए गए।चुनाव अधिकारी के मुताबिक, उपाध्यक्ष पद पर सिद्धार्थ त्रिलोक तिवारी निर्वाचित हुए हैं। महिला आरक्षित उपाध्यक्ष पद पर कुमारी मीरा ने जीत दर्ज की। सचिव पद पर मुकेश नागपुरे निर्वाचित हुए हैं, जबकि सह सचिव पद पर बारिज गुप्ता ने जीत हासिल की। वहीं, कोषाध्यक्ष पद पर अनिता पराशर निर्वाचित हुई हैं।

## पेंशनर्स के लिए 26 साल पुरानी दिक्कत खत्म

**भोपाल।** जुलाई का महीना प्रदेश के साढ़े चार लाख पेंशनर्स के लिए 26 साल बाद खुशियां लेकर आया है। अब पेंशनर्स को राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली महंगाई राहत के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के आदेश या सहमति का इंतजार नहीं करना होगा।एमपी और छत्तीसगढ़ की राज्य सरकारों ने इस पर सहमति से निर्णय लेते हुए कहा है कि जब भी केंद्र सरकार द्वारा महंगाई राहत में वृद्धि की जाएगी, उसके बाद दोनों ही राज्यों की सरकारें एक दूसरे से सहमति लिए बगैर महंगाई राहत स्वीकृत कर भुगतान कर सकेंगी। प्रदेश के डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने इसे पेंशनर्स के हित में बड़ा निर्णय बताया है।वर्ष 2000 में एमपी से अलग राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ गए कर्मचारियों के कारण एमपी और सीजी की राज्य सरकारों द्वारा पेंशनर्स के लिए महंगाई राहत एक-दूसरे की सहमति मिलने के बाद ही दी जाती रही है। इसका असर यह होता रहा है कि कई बार पेंशनर्स को छह-छह माह तक देरी से महंगाई राहत मिलती रही है। अब ऐसी स्थिति नहीं बनेगी।

## पॉक्सो पीड़ितों के लिए सपोर्ट पर्सन की नियुक्ति होगी पारदर्शी

**भोपाल।** भोपाल में शुक्रवार को मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने मध्यप्रदेश काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला का विषय था- पॉक्सो अधिनियम, 2012 एवं किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के प्रभावी क्रियान्वयन में बाल कल्याण समिति की भूमिका थी। इसका उद्देश्य पॉक्सो मामलों में पीड़ित बच्चों के लिए सपोर्ट पर्सन की नियुक्ति अब पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से सुनिश्चित करना। साथ ही प्रदेश की सभी बाल कल्याण समितियों की कार्यप्रणाली में एकरूपता लाना और हर निर्णय में बालहित सर्वोपरि के सिद्धांत को लागू करना था। कार्यशाला में बाल संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों, केस मैनेजमेंट, पुनर्वास, विभागीय समन्वय, रिकॉर्ड संधारण और संवेदनशील मामलों के समयबद्ध निराकरण जैसे विषयों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

# सीबीएन की बड़ी कार्रवाई- मक्का के खेत में पीछा कर 1.63 किलो अफीम जब्त

**नीमच/गरोठ।** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो की मध्य प्रदेश इकाई ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ लगातार दो बड़ी कार्रवाइयों को अंजाम दिया है। सीबीएन गरोठ सेल की विशेष टीमों ने दो अलग-अलग अभियानों में 1.636 किलोग्राम अवैध अफीम और 100 ग्राम मेफेड्रोन (एमडी ड्रग्स) बरामद की है। पहली कार्रवाई में एक तस्कर फिल्मी अंदाज में पुलिस को चकमा देकर मक्का के खेत में बाइक और अफीम छोड़कर भाग निकला, जबकि दूसरी कार्रवाई में एक आरोपी को रंगे हाथों दबोचा गया।

**केस 1** नाकेबंदी तोड़कर भागा तस्कर, मक्का के खेत में फेंका पैकेट 15 जुलाई को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सीबीएन की टीम ने पिपलोद क्षेत्र से मऊ-नीमच मार्ग पर घेराबंदी की थी। इसी दौरान एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह रफ्तार बढ़ाकर भाग निकला। अधिकारियों ने उसका पीछा किया। आरोपी बाइक लेकर मक्का के एक खेत में घुस गया, जहां आगे रास्ता बंद होने पर वह बाइक और एक संदिग्ध पैकेट वहीं फेंककर फरार हो गया। पैकेट की जांच करने पर उसमें से 1.636 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर फरार आरोपी की



तलाश की जा रही है।

**केस 2** पल्सर के वाइजर और स्पीडोमीटर के बीच छिपा रखी थी 100 ग्राम एमडी 16 जुलाई को ब्यूरो को दूसरी सफलता मिली। सूचना थी कि सुसनेर से शामगढ़ की ओर एक पल्सर बाइक से एमडी ड्रग्स की सप्लाई होने वाली है। टीम ने ग्राम धमनिया दीवान स्थित विद्युत उपकेंद्र के पास कड़ी निगरानी रखी। संदिग्ध बाइक को रोककर जब उसकी गहन तलाशी ली गई, तो हेडलाइट के वाइजर और स्पीडोमीटर के बीच बने खाली स्थान में छिपाकर रखी गई 100 ग्राम अवैध मेफेड्रोन बरामद हुई। मौके से आरोपी को गिरफ्तार कर बाइक जब्त कर ली गई है। बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज खंगाल रही टीम कुल जब्ती- 1.636 किलोग्राम अफीम और 100 ग्राम एमडी ड्रग्स। कार्रवाई -एक आरोपी गिरफ्तार, दो मोटरसाइकिलें जब्त, एक तस्कर फरार। जांच का फोकस- सीबीएन की टीम अब इस गिरोह के नेटवर्क (सप्लाई चेन) का पता लगा रही है कि यह माल कहां से लाया जा रहा था और इसकी डिलीवरी किसे होनी थी।

**पश्चिम रेलवे - रतलाम**

**ई -निविदा सूचना**

**संख्या** : W/623/5/3/NIT. **दिनांक** : 15/07/2026, **ई-टेंडरिंग** : RTM-2026-27-74, **कार्य का नाम** : Dahod workshop - Provision of MEMU rake testing shed with pits provision (Size - 300m x 12m) & Extension of MEMU DEMU shop shed with pits provision (Size 60m x 20m) **अनुमानित मात्रा** : निविदा अनुसूची के अनुसार। **अनुमानित लागत** : ₹7,04,90,266.16/- **बयाना राशि** : ₹14,09,800.00/- **कार्य समापन की अवधि** : 18 महीने। **वेबसाईट पर अपलोड की तिथि** : 14/07/2026, **निविदा खुलने की तिथि** : 07/08/2026, • विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाईट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। SNP-161

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

**पश्चिमी रेलवे- रतलाम**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निसंख्या: WRRTM-0088-616974-

दिनांक: 16/07/2026. कार्य का नाम:

पश्चिमी रेलवे के रतलाम डिवीजन के अंतर्गत पीथमपुर और इंदौर क्षेत्रों में माल ढुलाई (माल और पार्सल) बढ़ाने के लिए रणनीतिक सलाहकार सेवाओं हेतु एक प्रबंधन सलाहकार का चयन। आरक्षित मूल्य: निविदा दस्तावेज के अनुसार। अनुबंध की अवधि: प्रभावी तिथि से 180 दिन (प्रस्ताव में परिभाषित)। ई-निविदा दस्तावेज की लागत (अप्रतिदेय और अहस्तांतरणीय): शून्य। बयाना राशि: ₹58,000/-। ई-निविदा जमा करने और बंद करने की तिथि एवं समय: 20.08.2026 को सुबह 11:00 बजे तक, केवल ऑनलाइन वेबसाइट http://www.ireps.gov.in के माध्यम से। ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 20.08.2026 को सुबह 11:30 बजे, केवल ऑनलाइन वेबसाइट http://www.ireps.gov.in के माध्यम से।

एसपनपी-162

हमें पसंद कीजिए: facebook.com/WesternRly

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार महेन्द्र पंवार, पूजा पंवार एवं दीपक पंवार द्वारा यह जाहिर सूचना जारी की जाती है कि, मेरे पक्षकार महेन्द्र पंवार व उनकी पत्नी पूजा पंवार तथा उनके पुत्र दीपक पंवार निवासी - 67/1, आर्य समाज मार्ग, उज्जैन, जिला-उज्जैन (म.प्र.) पूर्व में त्रुटिवश महेन्द्र परमार, पूजा परमार व दीपक परमार के नाम से जाने जाते थे, जबकि मेरे पक्षकारगण की वास्तविक सरनेम पंवार है तथा वह अब वर्तमान में अपने सरमेम महेन्द्र पंवार, पूजा पंवार एवं दीपक पंवार के नाम से ही जाने जाते हैं, क्योंकि मेरे पक्षकारगणों के समस्त शासकीय रिकार्ड जिसमें आधार कार्ड, पेन कार्ड व समग्र आई.डी. आदि में भी उनका वास्तविक सरनेम पंवार हो गया है तथा वह अपने सरनेम पंवार के रूप से ही जाने व पहचाने जाते है तथा भविष्य में भी मेरे पक्षकारगणों का वास्तविक सरनेम परमार के स्थान पर पंवार माना जावे एवं मेरे पक्षकारगणों का अब वास्तविक नाम महेन्द्र पंवार, पूजा पंवार एवं दीपक पंवार हो गया है, तथा वह इन्हीं नाम व सरनेम से जाने व पहचाने जाते है। सूचित हो।

इति दिनांक 15/07/2026

**शब्बीर हुसैन एडवोकेट एवं नोटरी, कामदारपुरा, गौतम मार्ग, उज्जैन मो. 9229460730**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामीगण 1 महिपाल सिंह पिता श्री लाल सिंह जी, 2 कान्ताबाई पिता श्री लालसिंह जी, 3 विलाल सिंह पिता श्री लालसिंह जी, 4 रेखा बाई पिता श्री लालसिंह जी, निवासीगण- ग्राम रूपाहेडा तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके संयुक्त एवं अपने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 451/1 रकबा 1.630 हेक्टर में से रकबा 0.300 हेक्टर उत्तर दिशा वाली भूमि, ग्राम रूपाहेडा तहसील बडनगर जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्ज व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो।

दिनांक-17/07/2026

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट
ऑफिस- डी -12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन
मो. 94248 78460**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार द्वारा भूखण्ड स्वामी श्री मोडसिह पडिहार पिता श्री बजेसिह पडिहार, निवासी राजपुत मोहल्ला छडावद तहसील तराना जिला उज्जैन म.प्र. से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का एक भूखण्ड क्रमांक 23ए स्थित म. प्र. ग्रहनिर्माण मण्डल योजना 196 योजना कि अतिरीक्त विश्व बैंक कालोनी उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. है। जिसका कुल क्षेत्रफल 32.40 वर्गमीटर है। व जो आवासीय उपयोग का होकर फ्री.होल्ड राईट्स का हैं तथा उक्त भूखण्ड कि लम्बाई दृ उत्तर दक्षिण बतरफपूर्व व पश्चिम 9.00 मीटरए चौड़ाई दृ पूर्व पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण 03.60 मीटर के माप का होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 32.40 वर्गमीटर हैं एवं जिसके पूर्व में भूखण्ड क्रमांक 22ए पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक 24 ए उत्तर में भूखण्ड क्रमांक 42 व दक्षिण में कालोनी का रास्ता हैं को मय तल जमीन व हवाई हक सहित क्रय करने का सौदा उपरोक्त भूखण्ड स्वामी से किया होकर आंशिक धनराशि अदा कर दी हैं। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति,वित्तिय संस्था, बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे का अधिकार, अथवा इस विक्रय व्यवहार में परिवार के किसी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार कोई आपत्ति हो,तो वे सूचना प्रकाशन से 7 दिन में मय असल दस्तावेजी व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिल ताकी उसका निराकरण करवाया जा सकें। बाद मियांद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी एवं मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा ।

दिनांक.17.07.2026 उज्जैन

**कमलेश बामनिया एडव्होकेट
210 ए प्रथम मंजिल कलवानी टावर फ्रीगंज उज्जैन
म.प्र मो. 6260038664 - 9575990464**

## जाहिर सूचना

स्वास्तिक पार्क ग्राम सुरासा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन कॉलोनी में एलआईजी एवं ईडब्ल्यूएस के भूखण्डों के विक्रय हेतु। ग्राम सुरासा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. स्थित स्वास्तिक पार्क कॉलोनी में आर्थिक रूप से कमजोर आय एवं कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित ( एलआईजी एवं ईडब्ल्यूएस) आवासीय भूखण्डो के लिये पात्र व्यक्तियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन फर्म श्री महावीर इंफ्रा की कॉलोनी स्वास्तिक पार्क के कार्यालय 26/1, द्रविड़ मार्ग क्षीर सागर, उज्जैन (म.प्र.) पर उपलब्ध हैं, जो दिनांक 18.07.2026 से दिनांक 10.08.2026 तक जमा होंगे ।

आवेदन के लिए निम्न शर्तों का पालन करना अनिवार्य हैं।

1. आवेदक मध्य प्रदेश का रहवासी हो तथा उसके स्वयं अथवा परिवार के पास किसी भी सदस्य के नाम पर कोई आवासीय भूखण्ड ना हो ।
2. आवेदक को रहवासी प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र (सक्षम प्राधिकारी, तहसीलदार) द्वारा प्रमाणित हो तथा नाटराईज्ड शपथ पत्र देना अनिवार्य हैं ।
3. श्री महावीर इंफ्रा की कॉलोनी स्वास्तिक पार्क ग्राम सुरासा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. में उक्त भूखण्डों हेतु मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार विभिन्न वर्ग हेतु भूखण्ड आरक्षित किये गये हैं। आरक्षण अनुसार भूखण्डों की सूची फार्म के साथ उपलब्ध कराई जावेगी जिसका अवलोकन कलेक्टर कालोनी रोल) कार्यालय द्वारा कराया जावेगा ।

नोट:- आवेदकों की सूची तैयार कर कॉलोनाईजर द्वारा दस्तावेजों की प्रति के साथ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उज्जैन के सक्षम प्रस्तुत की जावेगी एवं तत्पश्चात प्राप्त निर्देशानुसार चयनित पात्र व्यक्तियों को नियमानुसार आवासीय इकाई/भूखण्ड का आवंटन एवं विक्रय किया जावेगा ।

यह दिनांक 18.07.2026 हैं ।

**सिद्धार्थ बोहरा पिता श्री सुनील कुमार बोहरा
पार्टनर श्री महावीर इंफ्रा उज्जैन म.प्र.**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने सोनु बोडाना पिता श्री दुलेसिंह बोडाना निवासी ग्राम जयरामपुरा तह. घट्टिया जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्रमांक 210/2/1/1 (स) रकबा 0.2600 हेक्टेयर, ग्राम जयरामपुरा तह. घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित को मय तल लगायत हवाई हक सहित का सोदा कर टोकन राशि अदा कर सोदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया गया हैं तथा जाहिर सूचना के प्रकाशन पर किसी भी प्रकार की आपत्ति नही आने की दशा में सोदा चिट्ठी के पालन में बयाना राशि अदा कर विधिवत रूप से मेरे पक्षकार के हित मे दस्तावेज अनुबंध पत्र का निष्पादन किया जावेगा तथा निष्पादित अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार निहित समयावधि में शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जावेगा। यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी बैंक का या उक्त समपत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार बकाया हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार निहित हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सुचित हो। यह दिनांक-17/07/2026

**योगेश शर्मा एडवोकेट
कार्यालय-डी एफ-9, भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स
पंजीयक कार्यालय के पास, उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामीगण 1 राजेन्द्र सिंह पिता श्री भोमसिंह जी, 2 रतन बाई पति श्री भोमसिंह जी, 3 शैलेन्द्र सिंह पिता श्री भोमसिंह जी, निवासीगण ग्राम रूपाहेडा तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके संयुक्त एवं अपने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य कि कृषि भूमि सर्वे नम्बर 451/2 रकबा 1.640 हेक्टर में से रकबा 1.040 हेक्टर, सर्वे नम्बर 423/2 रकबा 0.600 हेक्टर, सर्वे नम्बर 425/2 रकबा 0.840 हेक्टर, कुल किता 03 कुल रकबा 2.480 हेक्टर, भूमि ग्राम- रूपाहेडा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि में से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब केवल अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो।

दिनांक 17/07/2026

**पीयूष पण्ड्या, एडवोकेट
ऑफिस-डी-12 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन
मो. 94248 78460**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने राजीव तिवारी पिता श्री विष्णुनारायण तिवारी महाकाल चौराहा, उज्जैन हाल मुकाम नानाखेड़ा, इंदौर रोड़, उज्जैन से उनके एकल स्वामित्व एवं आधिपत्य स्वामित्व का भवन क्रमांक पुराना 4 का भाग वर्तमान म्यु. क्रमांक 4 स्थित अप्सरेश्वर महादेव की गली, जवाहर मार्ग की गली क्रमांक 1, उज्जैन में स्थित है। उक्त भवन पक्का ढाई मंजिला पक्का गार्डर फर्शी का निर्मित है। उक्त भवन कुल क्षेत्रफल 23.36 वर्गमीटर है । उक्त भवन की पैमाईश व चर्तु:सीमा निम्नानुसार है लम्बाई उत्तर दक्षिण बतरफ पूर्व 8.03 मीटर अर्थात 26 फीट 4 इंच बतरफ पश्चिम 7.82 मीटर अर्थात 25 फीट 8 इंच चौड़ाई-पूर्व पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण 2.95 मीटर अर्थात 9 फीट 8 ईंच जिसके पूर्व मे मकान शिवनारायणजी कसेरा, पश्चिम में: मकान शशिप्रभा राजीव तिवारी का, उत्तर में:- अप्सरेश्वर महादेव की गली व दक्षिण में: मकान बंशीधर सुगंधी का मिला है एवं इसी प्रकार 1 राजीव तिवारी पिता श्री विष्णुनारायण तिवारी 2- श्रीमती शशिप्रभा तिवारी पति श्री राजीव तिवारी निवासी- महाकाल चौराहा, उज्जैन हाल मुकाम नानाखेड़ा, इंदौर रोड़, उज्जैन से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक पुराना 4 का भाग वर्तमान म्यु. क्रमांक 4 स्थित अप्सरेश्वर महादेव की गली. जवाहर मार्ग की गली क्रमांक 1, उज्जैन में स्थित है। उक्त भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 24.15 वर्गमीटर है। उक्त भूखण्ड की पैमाईश व चर्तु:सीमा निम्नानुसार है-लम्बाई उत्तर दक्षिण बतरफ पूर्व 8.03 मीटर बतरफ पश्चिम 7.82 मीटर चौड़ाई पूर्व पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण 3.05 मीटर, जिसके पूर्व में -मकान भाग राजीव तिवारी का, पश्चिम में: मकान बंशीधर सुगंधी का, उत्तर में-अप्सरेश्वर महादेव की गली व दक्षिण में: मकान बंशीधर सुगंधी का मिला को क्रय करने का अनुबन्ध किया है और इसके सम्बन्ध में बयाना राशि प्राप्त कर अनुबन्ध-पत्र मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित किया है, उक्त अनुबन्ध के पालन में मेरे पक्षकार उक्त भवन के विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त भवन में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध में अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भवन पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मुझे सूचित करें और लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भवन का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी। दिनांक 17/07/2026

**अखिलेश बाफना, एडवोकेट
कार्यालय-111, प्रथम तल, हर्षदीप टॉवर, नानाखेड़ा पेट्रोल पम्प के पास, उज्जैन मो. 9826266570**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मनोहर पिता स्व. श्री पूनमचंद, निवासी 45, श्रीपाल मार्ग, गली क्रमांक 3 उज्जैन से उनके एकांकी स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन ऋमांक 45, श्रीपाल मार्ग, गली क्रमांक 3 उज्जैन में स्थित है। उक्त भवन तीन मंजिला पक्का गार्डर फर्शी का निर्मित है। उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल 16.80 वर्गमीटर है,। जिसकी तल मंजिल का व्यवसायिक निर्मित क्षेत्रफल 16.80 वर्गमीटर है एवं प्रथम मंजिल का आवासीय निर्मित क्षेत्रफल 16.80 वर्गमीटर है तथा द्वितीय मंजिल का आवासीय निर्मित क्षेत्रफल 16.80 वर्गमीटर है। उक्त भवन फ्रीहोल्ड राईट्स का आवासीय सह व्यवसायिक क्षेत्र में स्थित होकर आवासीय एवं व्यवसायिक उपयोग का है। जिसकी लम्बाई पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर दक्षिण 5.60 मीटर चौड़ाई-उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व पश्चिम 3.00 मीटर है। जिसके चर्तुसीमा पूर्व में गली, पश्चिम में: मकान गुरू महाराजजी का, उत्तर में: मकान शिव नारायणजी का व दक्षिण में:- मकान रघुवीरसिंह जी का मिला है, को क्रय करने का अनुबन्ध किया है और इसके सम्बन्ध में बयाना राशि प्राप्त कर अनुबन्ध-पत्र मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित किया है, उक्त अनुबन्ध के पालन में मेरे पक्षकार उक्त भवन के विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन भीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त भवन में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध में अन्य किसी को किस प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भवन पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मुझे सूचित करें और लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भवन का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी।

दिनांक 17.07.2026

**अखिलेश बाफना, एडवोकेट
कार्यालय-111, प्रथम तल, हर्षदीप टॉवर, नानाखेड़ा पेट्रोल पम्प के पास, उज्जैन मो. 9826266570**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम निपानियाबदर तहसील झारड़ा में जिला उज्जैन में कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 152, 153 रकबा क्रमश: 0.75, 0. 67 हेक्टर तथा सर्वे क्रमांक 144 रकबा 0.32 हेक्टर एवं सर्वे क्रमांक 155 रकबा 0. 45 हेक्टर तथा सवे क्रमांक 156 रकबा 0.53 हेक्टर की कृषि भूमि विक्रेतागण चंद्रप्रकाशसिंह पिता गजराजसिंह, अम्बाराम पिता ढोकल, अर्जुनसिंह पिता सौदानसिंह, ईश्वरसिंह पिता अंतरसिंह सभी निवासीग्राम निपानियाबदर तहसील झारडा जिला उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं प्रत्यक्ष आधिपत्य की स्थित है। मेरे पक्षकार ने उक्त भूमिस्वामीयों से उक्त कृषि भूमियां सर्वे क्रमांक 152 रकबा 0.75 में से रकबा 0.05 हेक्टर, सर्वे क्रमांक 153 रकबा 0.67 में से रकबा 0.51 हेक्टर तथा सर्वे क्रमांक 144 रकबा 0.32 हेक्टर एवं सर्वे क्रमांक 155 रकबा 0.45 हेक्टर तथा सवे क्रमांक 156 रकबा 0.53 हेक्टर क्रय करने का सौदा किया गया होकर बयाना राशि अदा कर कृषि भूमि विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित करवा लिया है तथा शेष विक्रय मूल्य राशि अदाकर विक्रय पत्र का पंजीयन कराना ही शेष है। यदि उक्त कृषि भूमियों में कोई भी व्यक्ति, संस्था आदि कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमियों पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहुकारी या किसी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग /व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में आकर प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद अवधि मेरे पक्षकार उपरोक्त वर्णित कृषि भूमियों की बकाया विक्रय मूल्य राशि अदा कर उक्त भूमि का रजिस्टर्ड विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लेगे तथा कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 17-07-2026

**श्यामसिंह पंवार एडव्होकेट
न्यायालय परिसर महिदपुर जिला उज्जैन
मो. 9755394479**

दैनिक अवन्तिका

www.awantika.com

RATLAM • MANDSOUR • NEEMACH



## न्यूज कॉलम



## महापौर परिषद ने जनहितैषी प्रस्तावों को दी स्वीकृति

**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में आयोजित महापौर परिषद की बैठक में डॉ लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के नगरीय ठोस अपशिष्ट निष्पादन, सेल्टर हाउस, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य जनहितैषी प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। आयोजित बैठक में डॉ0 लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय परिसर से निकलने वाले सुखे एवं गीले कचरे का निष्पादन एवं सीवर लाईन सफाई कार्य निगम स्तर से किये जाने में होने वाले व्यय 120000/- प्रतिमाह निगम निधि में जमा कराये जाने हेतु संस्था से अनुबंध कराये जाने के प्रस्ताव को महापौर परिषद द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। धामनोद ग्राम में नगर निगम द्वारा संचालित किये जाने वाले डॉग सेल्टर हाउस की भूमि पर जाली निर्माण, कमरो की मरम्मत, ट्यूबवेल कनेक्शन, लाईटिंग, श्वानों के भोजन हेतु रोटी मेकिंग मशीन सहित अन्य कार्य करवाये जाने की स्वीकृति महापौर परिषद द्वारा प्रदान की गई।

## वार्ड 40 महलवाड़ा परिसर में होगा सीमेन्ट कांक्रीट सड़क का निर्माण

### महापौर प्रहलाद पटेल ने किया निर्माण कार्य का भूमि पूजन



**रतलाम।** वार्ड क्रमांक 40 महलवाड़ा क्षेत्र में सीमेन्ट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने मंडल अध्यक्ष निलेश गांधी, महापौर परिषद सदस्य एवं क्षेत्रिय पार्षद धर्मेन्द्र व्यास, महापौर परिषद सदस्य दिलीप गांधी व क्षेत्रिय नागरिकों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर बताया कि वार्ड क्रमांक 40 महलावाड़ा परिसर में सीमेन्ट कांक्रीट सड़क निर्माण का कार्य 3.50 लाख की राशि से किया जायेगा कार्य पुरा होने पर नागरिकों को आवागमन में सुविधा होगी। उन्होने इस अवसर पर अपील करते हुए कहा कि रतलाम को हरियाली से आच्छदित करने हेतु प्रत्येक नागरिक इस वर्षा ऋतु कम से कम एक पौधे का रोपण कर उसे पेड़ बनने तक अपने बच्चों की तरह पालन पोषण करें ताकि पर्यावरण सुधार में उपयोगी साबित हो।

## लायंस ऑफ रतलाम का संयुक्त पदग्रहण समारोह आज

**रतलाम।** लायंस क्लब रतलाम, लायंस क्लब रतलाम गोल्ड एवं लायंस क्लब रतलाम अभिमा का संयुक्त पदग्रहण समारोह आज गरिमामय वातावरण में आयोजित होगा। इस अवसर पर आईएएस वैशाली जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रतलाम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी, जबकि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन योगेंद्र रूनवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। समारोह में मल्टीपल काउंसिल चेयरपर्सन एमजेएफ लायन प्रवीण वशिष्ठ शपथ अधिकारी के रूप में तीनों क्लबों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष तथा बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स को सत्र 2026-27 के लिए पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। नवगठित कार्यकारिणी में लायंस क्लब रतलाम के अध्यक्ष लायन रामनारायण मौर्य, सचिव लायन नीरज सुरोलिया एवं कोषाध्यक्ष लायन अमन अग्रवाल; लायंस क्लब रतलाम गोल्ड के अध्यक्ष लायन संतोष जोशी, सचिव लायन आरती दीक्षित एवं कोषाध्यक्ष लायन कोमल पोरवाल तथा लायंस क्लब रतलाम अभिमा की अध्यक्ष लायन सुषमा दवे, सचिव लायन भारती राहोरी एवं कोषाध्यक्ष लायन ऊषा दुबे अपने-अपने बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के साथ शपथ ग्रहण करेंगे।

## पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाई मोबाइल चोरी की वारदात

मन्दसौर। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेर सिंह बघेल के मार्गदर्शन में दलौदा थाना प्रभारी रवीन्द्र प्रताप डांगी की टीम ने 16 जुलाई को दुकान से चोरी हुए 7 एंड्रॉइड मोबाइल और 1 ईयर बड्स बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, वैज्ञानिक साक्ष्य और मुखबिर की सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विधि का उल्लंघन करने वाले बालक (बाल अपचारी) को पकड़ा। जप्त किए गए कुल मशरूका की अनुमानित कीमत 1 लाख 33 हजार रुपये बताई गई है।

## हाईवे ढाबों की सघन जांच और प्रशासनिक समीक्षा

मंदसौर। स्थानीय सुशासन भवन सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा की अध्यक्षता में नशा मुक्ति, मादक पदार्थ उन्मूलन तथा प्रधानमंत्री राहत योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले के हाईवे पर स्थित ढाबों की सघन जांच करने और किसी भी प्रकार की गैर-कानूनी गतिविधि पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। नशा मुक्ति अभियान के तहत शिक्षा विभाग को विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करने तथा परिवहन अधिकारी को वाहनों का औचक निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरों की अनिवार्यता सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अलावा, पीएम राहत योजना के अंतर्गत सड़क दुर्घटना पीड़ितों की जानकारी मोबाइल नंबर सहित पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान सर्वाधिक दुर्घटना वाले ब्लैक स्पॉट्स की समीक्षा की गई तथा नशा मुक्ति पर आधारित पोस्टर का विमोचन भी हुआ। इस अवसर पर डीएफओ संजय रायखरे और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेर सिंह बघेल सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### रतलाम में आधी रात शराब के नशे में खूनी संघर्ष

# बड़े भाई की मारपीट के बाद छोटे ने तोड़ा दम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



औद्योगिक क्षेत्र थाना अंतर्गत लक्ष्मणपुर में दो सगे भाइयों के बीच हुआ विवाद एक की मौत का कारण बन गया। बड़े भाई की मारपीट में गंभीर रूप से घायल हुए छोटे भाई विमल महावर की इंदौर में इलाज के दौरान मौत हो गई।

सूचना मिलने पर औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस मौके पर पहुंची, घटनास्थल का निरीक्षण किया और मकान को सील कर दिया। मामले की जांच के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। लक्ष्मणपुर निवासी त्रिलोक महावर और उसके छोटे भाई विमल महावर के बीच अक्सर विवाद होता था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गुरुवार रात करीब 12 बजे दोनों के बीच शराब के नशे में कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। मारपीट में गंभीर रूप से घायल विमल को इलाज के लिए इंदौर रेफर किया था, जहां उसने दम तोड़ दिया।

### घर की जिम्मेदारी संभालता था विमल

विमल महावर ढोल बजाने के साथ-साथ पेंटिंग का कार्य करता था, जबकि बड़ा भाई त्रिलोक महावर सरिया सेंटिंग का काम करता है। दोनों अविवाहित थे। मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। आसपास के लोगों के अनुसार दो बहनों की शादी हो चुकी है और वे इंदौर में रहती हैं।

घर में मां जमुना और दोनों भाई ही साथ रहते थे। मां जमुना भी मानसिक रूप से अस्वस्थ है और बीमार रहती है। उन्हें पहले दो-तीन बार पैरालिसिस का अटैक आ चुका है, जिससे उनका एक हाथ और एक पैर ठीक से काम नहीं करता। घर के अधिकांश कामकाज की जिम्मेदारी छोटे भाई विमल ही संभालता था। उसकी मौत के बाद मां पूरी तरह बेसहारा हो गई हैं।

### घटनास्थल से खून से सनी मोगरी जब्त

विमल की मौत की सूचना मिलने के बाद औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी गायत्री सोनी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचीं। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मकान को सील कर दिया। मौके से खून से सनी एक मोगरी जब्त की गई है, जिसे जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। आरोपी बड़ा भाई त्रिलोक भी इंदौर में था और उसके शाम तक रतलाम लौटने की संभावना जताई गई।

### एफएसएल जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

थाना प्रभारी गायत्री सोनी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दोनों भाइयों के बीच शराब के नशे में विवाद होने की बात सामने आई है। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों को जब्त कर लिया गया है तथा एफएसएल टीम वैज्ञानिक जांच करेगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चलेगा, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अमृत 2.0 के तहत पिपलियामंडी को मिली 3.52 करोड़ की बड़ी सौगात

# बनेगी दो विशाल पानी की टंकियां एवं पाइप लाईन का होगा विस्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पिपलिया मंडी



नगर की पेयजल व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने के उद्देश्य से पिपलियामंडी को 3 करोड़ 52 लाख रुपये की बड़ी सौगात मिली है। उपमुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक जगदीश देवड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता तथा राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर के प्रयासों से केंद्र सरकार की योजना अमृत 2.0 के अंतर्गत दो आधुनिक पानी की टंकियों के निर्माण एवं नई पाइपलाइन विस्तार कार्य का गुरुवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सुनील देवरिया ने बताया कि योजना के तहत खात्याखेड़ी मार्ग स्थित ईंट भट्टे के पास 10 लाख लीटर क्षमता की एक विशाल पानी की टंकी तथा छात्रावास के समीप 3 लाख लीटर क्षमता की दूसरी पानी की टंकी का निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही नगर में नई पाइपलाइन का विस्तार भी किया जाएगा, जिससे जलापूर्ति व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नियमित, पर्याप्त एवं समय पर पेयजल उपलब्ध कराया जा सकेगा। साथ ही भविष्य में बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त जल भंडारण की सुविधा भी सुनिश्चित होगी। इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ टिलाखेड़ा क्षेत्र, अयोध्या बस्ती, पिपलिया पंथ, शांति विहार, श्री वेंकटेश्वर कॉलोनी, साई विहार, पद्मावती कॉलोनी, हंस विहार सहित नगर की सभी कॉलोनियों के हजारों नागरिकों को मिलेगा। लंबे समय से बेहतर पेयजल व्यवस्था की मांग कर रहे रहवासियों के लिए यह योजना राहत और सुविधा का नया अध्याय साबित होगी, वही टंकियों के बनने के बाद श्री जगदीश देवड़ा, सांसद सुधीर गुप्ता, राज्य सभा सांसद बंसीलाल गुर्जर इनका लोकार्पण किया जाएगा।कार्य शुभारंभ पर अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील देवरिया, उपाध्यक्ष भारतसिंह सोनगरा, पार्षदगण कमल गुर्जर, संगीता धनोतिया, श्रवण चौहान, रूपचंद होतवानी, हेमंत पाटीदार, लोकेश कराड़ा, संतोष योगी, बलराम सोलंकी, कमल तिवारी टोनू, गोर्धननाथ योगी, मुकेश निडर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सेन एवं निकाय इंजीनियर राजेश उपाध्याय सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

## जगन्नाथ जी की निकली रथयात्रा जयकारों के साथ भक्तों ने खींचा रथ

**नीमच।** शहर मे गुरुवार को श्री जगन्नाथ जी रथ यात्रा समिति नीमच के तत्वावधान में जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर नीमच में भी 16 जुलाई गुरुवार शाम को जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव समस्त सनातन धर्म, जनप्रतिनिधियों व जन सहयोग से समाजजनों द्वारा अपार उत्साह के साथ मनाया गया ' कार्यक्रम में रथयात्रा समिति संयोजक राजेंद्र गर्ग पप्पी, संरक्षक शिवनारायण गर्ग, ओपी मंत्री, ओम प्रकाश बंसल , प्रहलाद राय गर्ग, शांतिलाल गुप्ता , लक्ष्मण राठौर, मनोहर अर्जनानी, ईश्वर आहूजा, सत्यनारायण जागेटिया, जीतेन्द्र सोनी, राजेश जायसवाल पराग, रूद्र पाराशर,गणेश खंडेलवाल, अर्जुन जायसवाल व नवीन गट्टानी आदि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे । नीमच में शाम 5 बजे तिलक मार्ग स्थित श्री राम जी मंदिर से 14 दिन बीमार होम क्वारंटाइन रहने के बाद भगवान जगन्नाथ जी ने भक्तों के कष्ट सहन कर मंदिर के पट बंद हो जाने के बाद भगवान जगन्नाथ जी अपने भक्तों को दर्शन देने हेतु रथ पर सवार होकर भगवान श्री कृष्ण जी, बलदेव जी की बहन सुभद्रा जी के आकर्षक प्रतिमा के साथ अपने भक्तों के बीच फूलों से श्रृंगार के साथ दर्शन देने हेतु नगर में निकलें। रथ यात्रा में राष्ट्र संत डॉ मिथिलेश नागर सहित कई साधु-संतों का सानिध्य एवं आशीर्वाद मिला। । बैंड बाजे और डीजे पर जगन्नाथ से संबंधित भजन स्वर लहरियां बिखर रही थी। जगन्नाथ रथ यात्रा में सबसे आगे पुलिस के जवान और उनके साथ ही लाल केसरिया ध्वज लिए दो युवक और डीजे पर भजन बज रहे थे।

## मुनि श्री शुद्ध सागर जी महाराज और आर्यिका माताओं का चातुर्मास 19 से

**मन्दसौर।** प.पू. आचार्य भगवंत 108 श्री सुनील सागर जी महाराज के आशीर्वाद से श्री शांतिनाथ जी तीर्थ क्षेत्र में विराजित वयोवृद्ध मुनि 108 श्री शुद्ध सागर जी महाराज तथा आर्यिका 105 श्री शुद्धमति माता जी, 105 श्री अजितमति माता जी एवं 105 सूमोज्ञमति माताजी का इस वर्ष मंदसौर में ऐतिहासिक चातुर्मास होने जा रहा है। मुनि संघ का नगर में मंगल प्रवेश 19 जुलाई को प्रातः 8 बजे महावीर जिनालय जनकूपुरा से होगा। इस अवसर पर एक भव्य चल समारोह निकाला जाएगा, जो आचार्य सन्मति कुंज संत निवास नाकोड़ा नगर पहुँचेगा। इस पावन वर्षायोग को सुव्यवस्थित एवं भव्य रूप देने के लिए श्री शांतिनाथ जिनालय (तार बंगला मंदिर जी) पर सकल दिगंबर जैन समाज और श्री दिगंबर जैन मुनि सेवा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

### प्राधिकरण की योजनाओं में आवंटित

# भूखंडों पर निर्माण न करने वाले 250 से अधिक आवंटियों को नोटिस जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

रतलाम विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में आवंटित भूखंडों पर भवन निर्माण न करने वाले 250 से अधिक भूखंड धारकों के विरुद्ध प्राधिकरण ने सख्त रूख अपना लिया है । प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल के निर्देश पर माही विहार योजना के 35, योगी विहार योजना के 24 एवं श्री परशुराम विहार योजना के 200 भूखंड धारकों को 6 माह के भीतर भवन निर्माण प्रारंभ करने के नोटिस जारी किए गए हैं, जिन्होंने नियमानुसार प्राधिकरण से भूखंड आवंटित होने की 4 वर्ष की अवधि के भीतर भवन निर्माण नहीं किया है ।

अध्यक्ष श्री पोरवाल, उपाध्यक्षद्वय श्री गोविंद काकानी एवं श्री प्रवीण सोनी ने संयुक्त रूप से हितग्राहियों से अपेक्षा व्यक्त की कि प्राधिकरण की संपत्तियों को निवेश का माध्यम न समझा जाए एवं इनका उपयोग वास्तविक उद्देश्यों के लिए ही हो । पदाधिकारीगण ने कहा कि भूखंड रिक्त रहने पर कॉलोनी का विकास अवरुद्ध होता है एवं भूखंडों पर अवैध निर्माण होने के साथ-साथ गंदगी का साम्राज्य स्थापित होता है, जो क्षेत्र के विकास को विपरीत रूप से प्रभावित करता है । अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षद्वय के निर्देश पर प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय कुमार शर्मा ने आवंटित भूखंडों पर भवन निर्माण न करने वाले हितग्राहियों को नोटिस जारी करते हुए आगाह किया है कि निर्धारित समय सीमा में भवन निर्माण न करने पर भूखंड की लीज निरस्तीकरण की कार्रवाई की जा सकती है,जिसके लिए वे स्वयं उत्तरदायी होंगे ।

### कॉलोनियों में बाउंड्री वॉल निर्माण एवं पार्कों का विकास किया जाएगा

अध्यक्ष पोरवाल ने कहा कि शीघ्र ही प्राधिकरण अपनी योजनाओं में सुरक्षा की दृष्टि से बाउंड्री वॉल का निर्माण एवं पार्कों का सुव्यवस्थित विकास करेगा, जिससे योजनाओं के रहवासियों को सुरक्षा के साथ-साथ स्वच्छ एवं सुखद वातावरण में निवास करने की अनुभूति होगी।

### शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का कार्यक्रम आयोजित

# माँ, मातृभूमि और मातृभाषा का कोई विकल्प नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



शासकीय उ.मा. वि. रठाना में भारतीय भाषा मंच, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के द्वारा देश को बदलना है तो शिक्षा को बदलो, माँ, मातृभूमि, मातृभाषा का कोई विकल्प नहीं विषय पर आयोजन सम्पन्न हुआ।

आयोजन के अतिथि डॉ. प्रेमलता चुटैल मध्य क्षेत्र संयोजक, सेवानिवृत्त प्रोफेसर हिन्दी अध्ययन शाला, डॉ. राम मोहन शुक्ला प्रांत सहसंयोजक उच्च शिक्षा मालवा प्रांत शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन, डॉ. निरज सारवान प्रांत सहसंयोजक शिक्षा संस्कृति उत्थान संस्थान, डॉ. गजराज पंड्या जिला संयोजक भारतीय शिक्षा संस्कृति उत्थान संस्थान, डॉ. निशा महाराणा परामर्शदाता व विषय समिति सदस्य माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल एवम पूर्व प्राचार्य सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, मंदसौर रहे। आयोजन का शुभारंभ माँ शारदा के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन द्वारा हुआ। अतिथि परिचय विष्णु सोनी ने कराया, अतिथि स्वागत प्राचार्य अशोक कुमार पाटीदार ने किया। श्री राममोहन शुक्ला ने रठाना विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहाँ का वातावरण पूर्णतः गुरुकुल समान है। शिक्षा व्यक्ति के अंदर निहित क्षमता का विकास करती है। मातृभाषा संचार का श्रेष्ठ माध्यम है। श्री पंड्या ने कहा प्रेम, पवित्रता एवं प्रसन्नता जीवन में रहे तो व्यक्ति कभी दुखी नहीं होगा, आपने आध्यात्मिक शिक्षा पर बल दिया। मुख्य वक्ता डॉ. श्रीमती निशा महाराणा ने कहा घर परिवार की उन्नति में शिक्षा का बहुत महत्व है। व्यक्ति जन्म से मृत्यु तक सीखता है। आपने कहा पौधारोपण, बड़ों का सम्मान, पशु पक्षी की सेवा, साथ ही हनुमान चालिसा के माध्यम से एकाग्रता हेतु श्रेष्ठ माध्यम है।

## आज निकाली जाएगी भगवान श्रीजगन्नाथ की विराट रथयात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मन्दसौर

अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) द्वारा 18 जुलाई को मंदसौर में भगवान श्रीजगन्नाथ, श्रीबलदेव एवं सुभद्रा महारानी की भव्य रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष का मुख्य आकर्षण जगन्नाथ पूरी धाम से पधारे भगवान के दो-दो फीट ऊँचे दिव्य विग्रह होंगे। उज्जैन से विशेष रूप से निर्मित 80 फीट लंबी रस्सियों वाले रथ पर सवार होकर भगवान नगर भ्रमण करेंगे। इस्कॉन के वरिष्ठ आचार्य वाशु घोष प्रभुजी और रूस सहित विभिन्न देशों के श्रद्धालु इस यात्रा में सम्मिलित होंगे। दोपहर 2 बजे घंटाघर पर भगवान का श्रृंगार व आरती होगी, जिसके बाद रथयात्रा नेहरू बस स्टैंड, गांधी चौराहा, बीपीएल चौराहा होते हुए देवी अहिल्याबाई होलकर गार्डन पहुँचेगी। समापन स्थल पर छप्पन भोग, विशाल भंडारा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के विजेताओं का पुरस्कार वितरण होगा।



## कुं शक्तावत ने क्रिकेट टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का किया सम्मान

**पिपलिया मंडी।** 16 जुलाई को असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ने मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव कनघट्टी में आयोजित एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन के अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित करने के साथ ही साथ सभी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई कर सभी ग्रामवासियों से मुलाकात कि। इस अवसर पर कनघट्टी मंडलम कांग्रेस अध्यक्ष रोहित शर्मा,ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष अजय नागरिया,कनघट्टी कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी रितेश चौहान,कांग्रेस नेता ईश्वरलाल प्रजापत,संजय नागरिया,सुनील कुमावत,अल्ताफ मंसूरी सहित अनेकों कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पेंशन व अन्य समस्याओं को लेकर जनपद सीईओ से मिले कांग्रेस नेता



**मल्हारगढ़।** शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो में वृद्धा अवस्था,निराश्रित, विकलांगो को विगत 4 से 5 माह तक पेंशन नही मिलने से हितग्राहियों को काफी परेशानी यो का सामना करना पड़ रहे है,साथ ही ग्रामीण क्षेत्रो में प्रधानमंत्री आवास योजना में हितग्राहियों के व सरपंच के बीच तालमेल नही होने से कई पात्र हितग्राहियों को अनावश्यक रूप से परेशान कर सूची में नाम होने के बाद भी उनके खातों में किश्ते नही डाली जारही है इस व्यवस्था में भी सुधार होना चाहिए।शुक्रवार को जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा,जिला कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष प्रितपाल सिंह शक्तावत, सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष नागूसिंह शक्तावत, ब्लॉक कांग्रेस के उपाध्यक्ष अनिल शर्मा ने इन समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर जनपद पंचायत के नवागत मुख्यकार्यपालन अधिकारी निर्देशकुमार शर्मा से मिलकर क्षेत्र के श्मशान घाट एवं पेंशन को लेकर विस्तृत चर्चा की।

## रोगी कल्याण समिति की बैठक में लिए गए विभिन्न निर्णय



**जावरा।** रोगी कल्याण समिति की बैठक शुक्रवार को शासकीय चिकित्सालय में विधायक डॉ राजेंद्र पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अस्पताल परिसर में नवीन पोस्टमार्टम भवन बनाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा ।शव पेटीयो की रिपेयरिंग एवं शेड बनाने के लिए स्वीकृति प्रदान की गई ।अस्पताल परिसर में विद्युत पोल एलईडी लाइट की स्वीकृति भी दी गई। सिविल अस्पताल एवं न्यू मेटरनिटी विंग अस्पताल का नामकरण एवं प्रतिमा स्थापित करवाने के लिए वरिष्ठ कार्यालय से पुनः पत्राचार किया जाएगा। पेरीफेरी व चिकित्सकों की ड्यूटी आवश्यकतानुसार लगाने पर सहमति दी गई ।वाहन स्टैंड कैंटीन के टेंडर स्थानीय स्तर पर जारी करने को कहा गया। पार्किंग एरिया के शेड विधायक निधि से स्वीकृत हुए। अस्पताल की छतो की वॉटरप्रूफ सीएसआर फंड से पुराने महिला अस्पताल में बाहर साइट के कक्ष को दुकानों में परिवर्तित करने की स्वीकृति दी गई। सांसद निधि से कार्डियक एम्बुलेंस देने की स्वीकृति सांसद प्रतिनिधि ने दी ।सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश बैठक में दिए गए। कुआं का रिनोवेशन नगर पालिका द्वारा एवं सीमांकन अस्पताल की भूमिका एक्स-रे मशीन सुधार हेतु संभागीय स्तर पर पत्राचार किया जावे। अस्पताल के अन्य आवश्यक कार्यों को शीघ्र करवाने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। बैठक में एसडीएम रचना शर्मा ,नगर पालिका अध्यक्ष अनम कडपा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी किरण वाडियां, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष युसूफ कडपा ,समाजसेवी अशोक जैन आन्टिया, पीबीएम ओ डॉक्टर शंकर लाल खराड़ी एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## दो दिवसीय कालिदास प्रसंग का आयोजन 21-22 जुलाई को

मन्दसौर। कालिदास संस्कृत अकादमी, म.प्र. संस्कृत परिषद उज्जैन और जिला प्रशासन मंदसौर के संयुक्त तत्वाधान में 21 और 22 जुलाई को श्री कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में कालिदास प्रसंग का आयोजन किया जा रहा है। अकादमी के निदेशक डॉ. गोविंद दत्तात्रेय गंधे ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत 21 जुलाई को प्रातः 8.30 बजे भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर में पूजन-कलशार्चन के साथ होगी, जिसके बाद श्री कोल्ड चौराहे से मंगल कलश की शोभायात्रा निकाली जाएगी। प्रातः 10.30 बजे उद्घाटन सत्र में कालिदास को जानो प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान होगा तथा महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय बड़ौदा की प्रो. श्वेता जेजुरीकर का व्याख्यान होगा। मुख्य अतिथि सांसद सुधीर गुप्ता और कार्यक्रम अध्यक्ष राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर होंगे।



## जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों को लेकर पीएचई अधिकारियों ने भ्रमण किया

**जगोटी।** जल जीवन मिशन के तहत हर घर को शुद्ध पेयजल आपूर्ति की केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना तीन साल बाद भी अधूरी है, जगोटी सहित क्षेत्र के गांवों में पीएचई व जल जीवन निगम की देखरेख में धीमी गति से कार्यों को लेकर पीएचई ईई खत्री, एसडीओ सुषमा सिरोले, इंजीनियर अशरफ हुसैन ने गुरुवार को जगोटी पहुंच कर जारी कार्यों की समीक्षा करते हुए ठेकेदार को आवश्यक निर्देश दिए तथा शेष कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करने की हिदायत दी गई। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने इस संबंध में आरही समस्याओं को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर अनंत शर्मा, दिनेश वर्मा, मुकेश प्रजापति, कृष्णकांत राठोड़, आजाद भाई ने पेयजल आपूर्ति सहित कनेक्शन से वंचित नागरिकों की समस्या से अवगत कराया।उल्लेखनीय है कि दैनिक अवन्तिका ने 15 जुलाई को विस्तार से पेयजल आपूर्ति व अधूरे कार्यों को लेकर समाचार प्रकाशित किया था। अधिकारियों ने एक घंटे से अधिक समय तक गांव में भ्रमण कर आरही तकनीकी समस्याओं को मौके पर देखा।

## भगवान में द्दढ़ विश्वास सबसे बड़ी भक्ति है-राधाकृष्ण महाराज



**तराना।** भगवान में द्दढ़ विश्वास सबसे बड़ी भक्ति है जिस प्रकार माता को संतान प्रिय लगती है उसी प्रकार भगवान को अपने भक्त प्रिय लगते हैं। सहनशक्ति जीवन में बहुत आवश्यक है उसी से जीवन में कष्ट का अनुभव नहीं होता भक्ति में कामना नहीं प्रेम होना चाहिए। यह बात गुरुवार को राठी परिवार द्वारा आयोजित नानी बाई रो मायरो में गोवत्स राधाकृष्ण महाराज ने कही कथा में प्रभु श्री प्रभुजी नागर ने कथा वाचक श्री राधेकृष्ण जी का स्वागत कर उपस्थित भाक्तजनो को संबोधित किया नानी बाई रो मायरो महालोक डिपो के पीछे श्री कृपा गार्डन में आयोजित हुआ। 17 जुलाई को दोपहर 12 से 3 तक आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0'



**सुसनेर।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संचालित ₹नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, सुसनेर में प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता के निर्देशन में नशामुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए अत्यंत हानिकारक है। युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य, शिक्षा एवं उज्ज्वल भविष्य पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से समाज में भी नशामुक्ति का संदेश फैलाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने, किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन न करने तथा दूसरों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली।

## ऐतिहासिक मंगल अगवानी को सफल बनाने पर समाजजनों का जताया आभार

**सारंगपुर।** परम पूज्य गुरुदेव मुनि श्री 108 सुधा सागरजी महाराज ससंघ के सारंगपुर में प्रथम मंगल आगमन एवं भव्य मंगल अगवानी कार्यक्रम की ऐतिहासिक सफलता पर सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष मनोज जैन ने समस्त समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया है। मनोज जैन ने कहा कि इस भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने में समाज के प्रत्येक सदस्य, मातृशक्ति, युवा साथियों, वरिष्ठजनों, विभिन्ना समितियों, समाजसेवियों तथा प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं का अमूल्य योगदान रहा। सभी के तन, मन, धन, समय, श्रम और समर्पण के कारण यह आयोजन अत्यंत गरिमामय, अनुशासित एवं भव्य रूप से संपन्न हो सका। उन्होंने कहा कि यह सफलता किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि सम्पूर्ण सकल दिगम्बर जैन समाज, सारंगपुर की एकजुटता, श्रद्धा, सेवा भावना और संगठन शक्ति का परिणाम है। समाज के सभी वर्गों ने जिस उत्साह और समर्पण के साथ आयोजन में सहभागिता निभाई, वह सदैव स्मरणीय रहेगा।

## चेस ओलंपियाड की भारतीय टीम में चयनित हुए राजगढ़ के प्रभारी प्राचार्य

**ब्यावरा-राजगढ़ ।** मध्यप्रदेश के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि के रूप में शासकीय विधि महाविद्यालय राजगढ़ के प्रभारी प्राचार्य आशुतोष सिंह का चयन सितंबर 2026 में समरकंद कजाखस्तान में आयोजित होने वाली चेस ओलंपियाड की भारतीय टीम के लिए हुआ है। उनके चयन से राजगढ़ जिले सहित पूरे प्रदेश में हर्ष का वातावरण है। सिंह लंबे समय से शतरंज के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए अपनी प्रतिभा एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रदेश का नाम रोशन करते रहे हैं। भारतीय टीम में उनका चयन उनकी निरंतर साधना, अनुशासन एवं उत्कृष्ट खेल कौशल का परिणाम है। इस अवसर पर शासकीय विधि महाविद्यालय राजगढ़ परिवार ने श्री सिंह की यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय बल्कि राजगढ़ जिले एवं सम्पूर्ण मध्यप्रदेश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है।

# बिना नम्बर के पिकअप वाहन से जब्त की 30 लीटर अवैध जहरीली शराब

### आरोपियों को न्यायालय पेश कर लिया पुलिस रिमाण्ड

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जिला उज्जैन करणदीपसिह ( भापुसे ) ,एसडीओपी जेंडेन लिंगजेरपा (भापुसे) के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी महिदपुर के नेतृत्व में 30 लीटर अवैध जहरीली शराब जप्त कर आरोपी गण को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर पुलिस रिमाण्ड लिया गया ।



**घटना का सक्षिप्त विवरण-** 16 जुलाई को रसुलपुरा फन्टे पर मुखबिर की सूचना पर से एक बिना नम्बर की पीकअप वाहन की तलाशी लेने पर पीकअप के अन्दर 30 लीटर अवैध जहरीली शराब आरोपी गण सुरेश पिता कालुराम जाति गायरी उम्र 30 साल निवासी खासपुरा आलोट जिला रतलाम ,धीरब पिता धुला जाति कंजर उम्र 22 साल निवासी ग्राम अरनिया डेरा थाना गंगधार जिला झालावाड राजस्थान के कब्जे से मिलने पर थाना महिदपुर पर अपराध आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । आरोपी गण को गिरफ्तार कर न्यायालय महिदपुर पेश किया गया था जहाँ से आरोपी गण का पुलिस रिमाण्ड लिया गया । आरोपी गण से अवैध शराब के स्त्रौत व अन्य अपराधो में पूछताछ की जाना है । तीस लीटर अवैध जहरीली शराब व एक बिना नम्बर की पीकअप कुल कीमत करीबन पाँच लाख तीन हजार रुपय है।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका**

थाना महिदपुर पुलिस टीम निरी.अशोक पाटीदार, उनि सुखसेन अरियाम , उनि अन्नपूर्णा कठेरिया , प्रधान आर 281 नारायणसिह , आर 1233 चन्द्रभान, आर 286 लेखराज , आर 2020 मोसीम, आर 1724 संजयसिह, आर 1081 समरथ पाटीदार की सराहनीय भूमिका रही है ।

# जन जागरूकता मंच द्वारा लाखा-खेड़ी से महिदपुर तक पैदल मार्च

### सड़क निर्माण के लिए आंदोलन किया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर।

जन जागरुकता मंच के बैनर तले लाखाखेड़ी से महिदपुर मार्ग की जर्जर सड़क निर्माण के लिए आंदोलन किया गया। 3 वर्षों से यह सड़क जर्जर हालत में है बारिश के कारण इस सड़क में गड्ढे ही गड्ढे हो गए जिसके कारण कई लोग हादसों का शिकार भी हुए। मध्य प्रदेश सरकार ने इस रोड को स्वीकृति प्रदान कर दी इसके बाद भी लोक निर्माण विभाग द्वारा कार्य शुरू नहीं करवाया गया। इसको लेकर जन जागरूकता मंच द्वारा लाखाखेड़ी से महिदपुर तक पैदल मार्च का निर्णय लिया गया।



सोशल मीडिया पर विरोध और जन आक्रोश को देखते हुए पी डब्लू डी एसडीएम बीच रास्ते पर ही आंदोलनकारी से मिले और गड्ढे भरने का तुरंत काम शुरू करवा दिया। साथ ही यह आश्वासन भी दिया गया की बारिश का मौसम समाप्त होते ही इस रोड का पुनः टेंडर होकर नई सड़क का निर्माण किया जाएगा इन्होंने यह भी कहा कि लोगों को अब कोई असुविधा नहीं होगी जब तक नया टेंडर नहीं हो जाता सुलभ मार्ग की जिम्मेदारी हमारे विभाग की रहेगी।

गड्ढे भरने का कार्य प्रारंभ हो जाने से आंदोलन को सफल मानकर जन जागरूकता मंच द्वारा पी डब्ल्यू एसडीओ को बीच सड़क पर ही ज्ञापन व गुलाब का फूल देकर आंदोलन को स्थगित कर दिया। आंदोलनकारियो द्वारा यातायात को प्रभावित नहीं किया गया तथा पुलिस प्रशासन का भी पूर्ण सहयोग इस आंदोलन में प्राप्त हुआ।

## पंचायतों में सालभर में हर परिवार को देना होगा 1200 रुपए टैक्स-सीईओ

**सारंगपुर।** पंचायतों में लगने वाले टैक्स को अब हर हाल में वसूलना होगा फिर चाहे वह जलकर हो, प्रकाश कर, स्वच्छता कर हो फिर भवन कर हो, इन टैक्सों में पंचायतें अगर टैक्स की सख्ती नहीं दिखाएगी तो विकास कार्यो के लिए राशि नहीं मिलेगी, शासन की नई गाईडलाइन के पंचायतों को मिलने वाली 16 वां वित्त की राशि अब पंचायतों को सिर्फ 80 प्रतिशत मिलेगी, 20 प्रतिशत राशि तब ही मिलेगा जब पंचायतें टैक्स वसूल कर उसकी इंट्री पंचायत दर्पण पर करेंगे। अगर टैक्स नहीं वसूला गया तो विकास कार्यो के लिए मिलने वाली राशि नहीं मिलेगी यह दिशा-निर्देश जनपद पंचायत की समीक्षा बैठक में सीईओ हेमेन्द्र गोविल ने सचिव, सहायक सचिवों को दिशा-निर्देश देते हुए कही। उन्होंने कहा कि अब प्रत्येक पंचायतों को प्रत्येक परिवार से कम से कम सालाना 1200 रुपए टैक्स हर हाल में वूसलना होगा। उन्होंने कहा कि जिन पंचायतों में नल-जल योजना संचालित है वहां जलकर की वूसली हर हाल में करें साथ ही पंचायत दर्पण पर समग्र डाटा सीड का कार्य एक सप्ताह में पूर्ण करें। सीईओ श्री गोविल ने कहा कि पंचायत स्तर पर छोटे-छोटे कार्य के लिए आमजन जनपद आते है कोशिश करें कि पंचायत स्तर पर होने वाले कार्यो को वहीं पर कर देंगे तो आमजन को यह आने की जरुरत नहीं पडेगी।

## सामूहिक अवकाश पर पटवारी, काम प्रभावित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर तहसील के करीब 50 पटवारी बुधवार से अपनी मांगों को लेकर तीन दिवसीय सामूहिक अवकाश पर चले गए। गुरूवार को दूसरे ही दिन राजस्व व्यवस्था प्रभावित हुई। तहसील कार्यालयों में पहुंचे किसान और आम नागरिकों को बिना काम कराए लौटना पडा। पटवारियों के अवकाश से नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, भूमि नाप-जोख, फसल गिरदावरी, राजस्व सत्यापन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्रों से जुडे काम प्रभावित हुए। कई लोग दूर-दराज के क्षेत्रों से तहसील पहुंचे, लेकिन पटवारी नहीं मिलने से उन्हें परेशानी उठानी पडी। पटवारी संघ के तहसील अध्यक्ष मनीष सक्सेना ने बताया कि पटवारी बुधवार से शुक्रवार तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। शनिवार-रविवार के अवकाश के बाद सोमवार से काम पर लौटेंगे।

# सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को लेकर कलेक्टर का दौरा, होल्डिंग एरिया के लिए स्थलों का निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

आगामी सिंहस्थ-2028 के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रीति यादव ने गुरुवार को सुसनेर एवं सोयतकलां क्षेत्र का दौरा कर प्रस्तावित होल्डिंग एरिया स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुसनेर-आगर मार्ग पर टोल प्लाजा के समीप तथा ग्राम आंकली स्टेडियम परिसर का निरीक्षण कर अधिकारियों से चर्चा की और इन स्थलों को होल्डिंग एरिया के लिए उपयुक्त बताया।



कलेक्टर ने निर्देश दिए कि लगभग एक हजार वाहनों की पार्किंग क्षमता वाला होल्डिंग एरिया विकसित किया जाए, जहां श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, बिजली, छायादार विश्राम स्थल एवं शौचालय जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इसके लिए संबंधित विभागों को शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आंकली स्टेडियम के बाहर मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे संचालित अवैध गुमटियों, अस्थायी होटल और ढाबों को तत्काल हटाने तथा पूरे मार्ग को अतिक्रमण मुक्त रखने के निर्देश तहसीलदार को दिए। इसके बाद उन्होंने सोयतकलां के डूंगरगांव स्थित राजस्थान सीमा के टोल प्लाजा क्षेत्र का भी निरीक्षण कर वहां श्रद्धालुओं के ठहराव के लिए होल्डिंग एरिया विकसित करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बी.एस. सोलंकी, एसडीएम देवकुंवर सोलंकी, एसडीओपी देवकरण यादव, जिला जनसंपर्क अधिकारी जगदीशचंद्र मालवीय, थाना प्रभारी अक्षय सिंह सहित राजस्व एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## दीपक कुमार बने कार्यपालन यंत्री

**सारंगपुर।** मध्य प्रदेश शासन के लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश के तहत विभाग के अधिकारियों को उच्च पद का लाभ दिया गया है। इस आदेश के अनुसार वर्ष 2018 से सारंगपुर एसडीओ के पद पर सेवा देने के बाद प्रभारी कार्यपालन यंत्री बने दीपक कुमार को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और वरिष्ठता के आधार पर कार्यपालन यंत्री के पद पर पदोन्नात किया गया है। उल्लेखनीय है कि दीपक कुमार की कार्यप्रणाली और बेहतर प्रबंधन के चलते उन्होंने लंबे समय तक सारंगपुर अनुविभाग में सेवा दी।

## पदोन्नात होकर बने लाइनमैन, ग्रामीणों ने मनाया जश्न

**सारंगपुर।** विद्युत विभाग में लंबे समय से अपनी ईमानदारी, कडे परिश्रम और उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए अलग पहचान रखने वाले सराली गांव के रमेश चंद्र लोधी को विभाग द्वारा पदोन्नाति का तोहफा दिया गया है। विभाग ने उनके समर्पण को देखते हुए उन्हें सहायक हेल्पर के पद से पदोन्नात कर लाइनमैन बनाया है। वर्तमान में रमेश चंद्र लोधी उदनखेडी में पदस्थ हैं। रमेश चंद्र लोधी अपने कार्यक्षेत्र में उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के लिए जाने जाते हैं। दिन हो या रात, मौसम कैसा भी हो, उन्होंने हमेशा आमजन को निर्बाध विद्युत सेवा उपलब्ध कराने का हरसंभव प्रयास किया है। उनके इसी समर्पण और उत्कृष्ट सेवाओं को देखते हुए विद्युत विभाग ने उन्हें यह उच्च पद प्रदान कर सम्मानित किया है। पदोन्नाति की खबर मिलते ही उदनखेडी और सराली सहित आसपास के क्षेत्रों में खुशी की लहर दौड गई।

### नागदा के भक्तों से मिलने आ रहे हैं भगवान श्री जगन्नाथ

## 19 को रथ की सेवा में पलक-पांवड़े बिछाएंगे नगरवासी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नागदा

सब लोग पुरी नहीं जा सकते, इसलिए भगवान श्री जगन्नाथ स्वयं अपने भक्तों से मिलने आपके नगर आ रहे हैं। इसी भाव को साकार करते हुए श्री जगन्नाथ महोत्सव के अंतर्गत 19 जुलाई को इस्कॉन नागदा एवं इस्कॉन उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई श्री बलभद्र एवं बहन देवी सुभद्रा की भव्य एवं विशाल रथ यात्रा तृतीय वर्ष में निकाली जाएगी। विगत दो वर्षों में ऐतिहासिक जनसहभागिता के बाद इस बार भी पूरे नगर के सहयोग से रथ यात्रा को और अधिक दिव्य, भव्य एवं जन-जन की सहभागिता वाला स्वरूप दिया जा रहा है।

रथ यात्रा की तैयारियों को लेकर बुधवार को आदि गौड़ ब्राह्मण समाज धर्मशाला में श्री जगन्नाथ रथ यात्रा आयोजन समिति द्वारा नगर के गणमान्य पत्रकारों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में यात्रा की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, यातायात, सेवा कार्यों एवं संपूर्ण आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई तथा मीडिया के माध्यम से अधिकाधिक श्रद्धालुओं तक रथ यात्रा का संदेश पहुंचाने का आग्रह किया गया।

समिति के राकेश यादव एवं श्री मुकेश डोडिया ने संयुक्त रूप से बताया कि इस वर्ष रथ यात्रा को वृहद स्तर पर आयोजित किया जा रहा है। नगर के प्रत्येक क्षेत्र में संकीर्तन यात्राओं के माध्यम से आमंत्रण दिया जा रहा है। विभिन्न हिन्दू संगठनों, सामाजिक संस्थाओं, महिला मंडलों एवं मातृशक्ति को इस आयोजन से जोड़ा गया है, जिससे यह रथ यात्रा पूरे नगर का उत्सव बन सके। उन्होंने बताया कि इस्कॉन उज्जैन के कृष्ण भावना अमृत संघ के कोऑर्डिनेटर सुधीर गोर प्रभु एवं इस्कॉन उज्जैन की संकीर्तन मंडली ढोल, मृदंग, झांझ और ताशों के साथ हरे कृष्ण-हरे राम महामंत्र का संकीर्तन करते हुए पूरे नगर को भक्तिरस में सराबोर कर देगी।

## सारंगपुर में सोयाबीन पर तना, सफेद मक्खी का खतरा

**सारंगपुर।** सारंगपुर विकासखंड में खरीफ सीजन के दौरान सोयाबीन की फसल को शुरूआती रोगों, कीट प्रकोप और मौसम के उतार-चढाव से बचाने के लिए कृषि विभाग ने किसानों को सलाह जारी की है। सारंगपुर कृषि विभाग के एसएडीओ राजेश राजपूत ने किसानों से समय रहते फसल प्रबंधन के उपाय अपनाने का आग्रह किया है। राजपूत के अनुसार, तहसील के अधिकांश क्षेत्रों में सोयाबीन की बोवनी लगभग पूरी हो चुकी है। जिन किसानों ने अभी तक बोवनी नहीं की है, उन्हें सोयाबीन के बजाय मूंग या मक्का जैसी कम अवधि की वैकल्पिक फसलों की बुवाई करने की सलाह दी गई है। राजपूत ने बताया कि लगभग तीन हफ्ते की सोयाबीन फसल में तना मक्खी और सफेद मक्खी का प्रकोप शुरू होने की आशंका है। ऐसे में लक्षण दिखाई देते ही अनुशंसित कीटनाशकों का छिडकाव करें।

**नशे से दूरी है जरूरी 2.0अभियान**

## द्वितीय दिवस शपथ दिलाकर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया

**सारंगपुर।** शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सारंगपुर के द्वारा नशे से दूरी है जरूरी २.० अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति के लिए जागरूकता के अंतर्गत द्वितीय दिवस छात्र-छात्राओं को शपथ दिलवाकर किसी भी प्रकार से नशा न करने के लिए जागरूक किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. संगीता गुप्ता के द्वारा शपथ ग्रहण करवाने से पूर्व सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को नशे से बचने के उपाय साझा किए गये। कार्यक्रम प्रभारी धर्मेंद्र कुमार खैरवार के द्वारा भी इस अभियान की सराहना करते हुए छात्र-छात्राओं को जागरूक किया और कहा कि मनुष्य को जीवन में हमेशा नशे से दूरी बनाकर रखना चाहिए और अपने परिवार जनों और समाज को भी इससे दूर रहने के लिए सदैव प्रेरित करना चाहिए। इस अवसर पर डॉ वसीम शेख, प्रो. प्रीतम गुनवा, सुरेंद्र यादव, डॉ. अरुणा सोलंकी, डॉ मो.मतीन खान, सुरेंद्र यादव, हरिशंकर शर्मा, पवन सिंह राजपूत, भगवान सिंह पाटीदार महाविद्यालय अन्य स्टाफ एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

## महिदपुर ब्लाक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी गठित

**महिदपुर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं संगठन सृजन के तहत, विधानसभा क्षेत्र महिदपुर के विधायक दिनेश जैन (बोस) की सहमति तथा महिदपुर ब्लॉक के अध्यक्ष कैलाश बगाना की अनुशंसा के आधार पर, जिला कांग्रेस कमेटी उज्जैन (ग्रामीण) अध्यक्ष महेश परमार द्वारा महिदपुर ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन कर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिसके अंतर्गत ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश बगाना, कोषाध्यक्ष अजीज मोहम्मद मंसूरी, उपाध्यक्ष मदनलाल बंजारा, राहुल मालवीय, नागुसिंह गुर्जर, महासचिव रमेश परमार, मुकेश पुरी, तूफानसिंह पंवार, मांगीलाल आंजना, कैलाश परमार, राजेन्द्रसिंह राजपूत, सचिव रवि बोडाना, कैलाश चैहान, कृष्णकांत शर्मा, मायाराम गुजराती, संजय शर्मा, श्रीमती लालकुंवर बालेचा, मेहरबानसिंह सिसोदिया, बालाराम जाट, मीडिया प्रभारी रजनीश तिवारी, सोशल मीडिया गोकुलसिंह पटेल नियुक्त हुए हैं। कांग्रेसजनों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई प्रेषित की है।

## दीपक गौड़ का अग्निवीर भारतीय सेना में चयन पर किया स्वागत

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के कुंडीबे निवासी रामबाबू गोड़ के सुपुत्र दीपक गौड़ का अग्निवीर भारतीय सेना में चयन होने पर अखिल भारतीय ओबीसी महासभा एस. टी ., एस.सी. संयुक्त मोर्चा किसान सेना भारत के पदाधिकारियों ने स्वागत वंदन अभिनंदन किया गया है। जिस अवसर पर राष्ट्रीय कार्यकारी महामंत्री नारायण सिंह सोधिया, प्रदेश अध्यक्ष डां. कन्हैयालाल भारती, प्रदेश महासचिव रामबाबू पुष्पद, महेश वर्मा प्रदेश मिडिया प्रभारी , प्रदेश संरक्षक माधोसिंह तंवर, संभागीय अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह तोमर, जिला अध्यक्ष कमल सिंह दांगी , जिला उपाध्यक्ष बद्रीलाल तंवर रसभरी , जिला सचिव रामबाबू गोड़ , जिला संगठन महामंत्री करण सिंह तंवर एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## विश्व आदिवासी दिवस की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय बैठक

**ब्यावरा।** आदिवासी भील समाज, जिला राजगढ़ द्वारा आगामी 9 अगस्त 2026 को विश्व आदिवासी दिवस के आयोजन की तैयारियों तथा समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श के लिए 18 जुलाई 2026 दिन शनिवार सुबह 11 बजे अंजनीलाल मंदिर, ब्यावरा में जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह चौहान, राम भील ने बताया कि बैठक में विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम की रूपरेखा, समाज की एकता एवं संगठन को मजबूत बनाने, युवाओं की सहभागिता बढ़ाने तथा समाज से जुड़े समसामयिक विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही समाज पर हो रहे अत्याचार एवं अन्याय के विरुद्ध संवैधानिक और लोकतांत्रिक तरीके से संगठित होकर समाज की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने की रणनीति पर भी विचार किया जाएगा। राजगढ़ जिले के सभी समाजजनों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होकर समाज के हित में एकजुट होकर बैठक को सफल बनाएं।

## भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष सिसोदिया का स्वागत



**सुसनेर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पद पर नारायण सिंह सिसोदिया को मनोनीत किए जाने पर गुरुवार को सुसनेर में उनका भव्य स्वागत किया गया। सांसद प्रतिनिधि मुकेश के निवास पर आयोजित स्वागत समारोह में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य चिंतामणि राठौर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।कार्यक्रम के दौरान भाजपा महामंत्री कालू सिंह, सरपंच जसवंत सिंह, रामचंद्र तंवर, पार्षद प्रतिनिधि पवन शर्मा, युगल किशोर परमार, कमल गर्ग, शिव सिंह ने सिसोदिया को साफा बांधकर एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने सिसोदिया के मनोनयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में किसान मोर्चा संगठन को नई मजबूती मिलेगी और किसान हित के मुद्दों को और प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी पदाधिकारियों ने जिला संगठन द्वारा किए गए इस निर्णय के लिए जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।





# बच्चे को ऐसे बनाएं संस्कारी

वो कहते हैं ना कि हर बच्चे का पहला स्कूल उसका घर ही होता है। बच्चा वही सीखता है, जो उसे घर में देखने को मिलता है। यही वजह है कि लोग अपने बच्चे के सामने काफी सोच-समझ के बोलते हैं। बच्चे के सामने कुछ काम करने से पहले भी कई बार सोचना पड़ता है। खासतौर पर बात करें बच्चे के माता-पिता की, तो हर बच्चा वो सब करता है, जो वो अपने माता-पिता को करते देखता है।

## रहें दयालु

अपने बच्चे के सामने कभी किसी से हावी न हों। बच्चों के सामने दूसरों पर दयालू रहें, ताकि आपके बच्चे में भी ये आदत आ सके। उन्हें सिखाएं कि अगर किसी से कोई गलती भी हो गई है तो उसे माफ करें। माफ करने वाला हमेशा बड़ा होता है। अपने बच्चे को लोगों की मदद करना भी सिखाएं।


## शेयरिंग है जरूरी


अपने बच्चे के सामने परिवार के लोगों के साथ चीजों को शेयर करें, ताकि उन्हें भी शेयरिंग की आदत लगे। अगर आप ही ऐसा नहीं करेंगे, तो इससे उनके ऊपर भी खराब असर पड़ सकता है। ऐसे में अपने बच्चे को शेयरिंग जरूर सिखाएं, जिससे उन्हें स्कूल जाकर किसी तरह की कोई परेशानी न हो।


## भावनाओं को करें नियंत्रित

बच्चे को उनकी भावनाओं पर नियंत्रिण करना सिखाएं। इसका मतलब ये बिल्कुल नहीं है कि उन्हें हर चीज पर कंट्रोल करना सिखाएं। बस आपको अपने बच्चे को ये एहसास दिलाना है कि भावनाओं को प्रकट करने के लिए सही जगह देखना बेहद जरूरी होता है।

बच्चे के सामने हमेशा दूसरों की बात अच्छे से सुनें, ताकि उसे भी ऐसा करने की आदत पड़े। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो आपका बच्चा सिर्फ अपनी कहेगा लेकिन सुनेगा किसी की नहीं। ये आदत काफी खराब होती है।




# बच्चा पढ़ाई से भागता है? डांटना नहीं, यह टिप्स अपनाएं



अगर आपका बच्चा पढ़ाई के नाम पर रोता या बहाने बनाता है, तो उसे डांटने के बजाय उसके डर का कारण समझें। पेरेंटिंग एक्सपर्ट्स के अनुसार, पढ़ाई को खेल की तरह मजेदार बनाकर, छोटे-छोटे ब्रेक देकर और दूसरे बच्चों से तुलना न करके आप उसका आत्मविश्वास बढ़ा सकते हैं और पढ़ाई में उसकी रुचि जगा सकते हैं।

अक्सर माता-पिता की यह शिकायत होती है कि उनका बच्चा पढ़ाई के नाम पर रोने लगता है, चिड़चिड़ा हो जाता है या तरह-तरह के बहाने बनाने लगता है। कई बार पेरेंट्स गुस्से में आकर बच्चे पर हाथ भी उठा देते हैं, लेकिन मारना-डांटना इसका सही इलाज नहीं है। माता-पिता को सबसे पहले यह समझना होगा कि बच्चा पढ़ाई से डर क्यों रहा है। हो सकता है कि उसे कोई सब्जेक्ट बहुत मुश्किल लगता हो, स्कूल में कोई परेशानी हो या फिर उस पर पढ़ाई का दबाव बहुत ज्यादा हो। बिना वजह जाने बच्चे को डांटने से समस्या और ज्यादा बढ़ सकती है।

## बच्चों का मन पढ़ाई में लगाने के लिए पेरेंट्स अपनाएं ये तरीके

**पढ़ाई को सजा न बनाएं:** कई बार घरों में कहा जाता है कि खेलना बंद करो और अब पढ़ाई करो। इससे बच्चे को लगता है कि पढ़ाई कोई सजा या बोझ है। इसलिए पढ़ाई को हमेशा मजेदार तरीके से उसके सामने पेश करें।

**लगातार न पढ़ाएं, छोटे-छोटे ब्रेक दें:** बच्चे को घंटों एक साथ बैठने के लिए मजबूर न करें। उसे 15-20 मिनट ही पढ़ाएं और फिर थोड़ा सा ब्रेक दें। जब बच्चा अपना छोटा सा काम भी पूरा कर ले, तो उसकी तारीफ जरूर करें ताकि उसका हौसला बढ़े।

## प्यार से बात संभालें

अगर बच्चा पढ़ते समय रोने लगे, तो उसे गले लगाएं और शांत करें। उसकी परेशानी को ध्यान से सुनें ताकि उसे भरोसा हो सके कि आप उसके साथ हैं। जब बच्चा सुरक्षित महसूस करेगा, तो वह अपनी बात खुलकर कह पाएगा।

## कब लें डॉक्टर या एक्सपर्ट की सलाह

अगर इन सब तरीकों के बाद भी बच्चा लगातार पढ़ाई से डरता है, बहुत ज्यादा तनाव में रहता है या उसे चीजें सीखने में बहुत ज्यादा दिक्कत आ रही है, तो बिना देर किए किसी चाइल्ड काउंसलर या चाइल्ड साइकोलॉजिस्ट की मदद लेनी चाहिए।

# Sport



### रोहित के साथ 8 हजार साझेदारी रन पूरे

# कोहली ने विवियन रिचड्र्स की बराबरी की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में भारत को 4 विकेट से हरा दिया। कार्डिफ के सोफिया गार्डन्स में खेले गए इस मैच में विराट ने इंग्लैंड के खिलाफ अपना 14वां 50+ स्कोर बनाकर वेस्टइंडीज के सर विवियन रिचड्र्स की बराबरी कर ली।

विराट कोहली और रोहित शर्मा ने इंटरनेशनल क्रिकेट में 8 हजार रन की साझेदारी का आंकड़ा भी पार कर लिया। दूसरी ओर, श्रेयस अय्यर का एक शॉट मैदान पर बैठे सीगल पक्षी को लग गया, जिससे कुछ देर खेल भी रुका। रोहित शर्मा और विराट कोहली अब इंटरनेशनल क्रिकेट में 8,021 रन की साझेदारी कर चुके हैं। इसके साथ ही यह भारत की तीसरी सबसे सफल जोड़ी बन गई। कार्डिफ में दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। विराट कोहली ने 65 रन की पारी के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ अपना 14वां 50+ स्कोर बनाया। इस मामले में उन्होंने वेस्टइंडीज के विवियन रिचड्र्स की बराबरी कर ली। इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा 15 बार 50+ स्कोर बनाने का रिकॉर्ड श्रीलंका के कुमार संगकारा के नाम है। जसप्रीत बुमराह ने इंग्लैंड की पारी की पहली ही गेंद पर बेन डकेट को विकेटकीपर ईशान किशन के हाथों कैच कराया। वह इंग्लैंड के खिलाफ वनडे में पारी की पहली गेंद पर विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बन गए।



## रुट ने कोहली को पीछे छोड़ा

जो रूट ने नाबाद 99 रन की पारी खेली। इसके साथ ही जीते हुए वनडे मैचों में रन चेज के दौरान उनका बल्लेबाजी औसत 91.59 हो गया। कम से कम 2 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाजों में अब उनसे आगे सिर्फ एमएस धोनी (102.71) हैं। विराट कोहली (89.07) तीसरे स्थान पर खिसक गए। रूट वनडे में 99 रन पर नाबाद रहने वाले इंग्लैंड के पहले बल्लेबाज भी बने। भारत की पारी के 33वें ओवर में श्रेयस अय्यर का कवर ड्राइव मैदान पर बैठे एक सीगल पक्षी को लग गया। चोट लगने के बाद पक्षी मैदान पर ही बैठा रहा। इंग्लैंड के खिलाड़ी जैकब बेथेल ने उसे उठाकर बाउंड्री लाइन के बाहर मौजूद स्टाफ को सौंपा। भारतीय पारी के 40वें ओवर में जोफ्रा आर्चर ने गुरनूर बरार पर लगातार बाउंसर फेंके। चौथी गेंद बरार के हाथ पर लगी और उनका बल्ला छूट गया। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच कुछ देर बहस हुई, हालांकि अंपायर के दखल के बाद खेल फिर शुरू हो गया।

## इंग्लैंड ने भारत को 4 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में भारत को 4 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। कार्डिफ के सोफिया गार्डन्स में गुरुवार देर रात 234 रन का पीछा करते हुए मेजबान टीम ने 44.1 ओवर में 6 विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। जीत के हीरो जो रूट रहे। वे 99 रन बनाकर नाबाद लौटे। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## पाकिस्तानी स्पिनर नवाज डोप टेस्ट में फेल

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद




पाकिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर मोहम्मद नवाज को ICC एंटी-डोपिंग कोड का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया है। नवाज ने अपनी गलती स्वीकार कर ली है, जिसके बाद उन पर 3 महीने का बैन लगाया गया है।

अगर वे नशीले पदार्थों के इलाज से जुड़ा ट्रीटमेंट प्रोग्राम पूरा कर लेते हैं, तो इस प्रतिबंध के समय को घटाकर 1 महीना कर दिया जाएगा। कोलंबो में हुआ था नवाज का डोपिंग टेस्ट 32 साल के नवाज का यह डोपिंग टेस्ट श्रीलंका के कोलंबो में हुआ था। 7 फरवरी को ICC मेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के दौरान नीदरलैंड्स के खिलाफ मैच के बाद उनका सैंपल लिया गया था। इस टेस्ट में नवाज के शरीर में प्रतिबंधित नशीले पदार्थ (कार्बोक्सी-THC) के अंश पाए गए थे, जो ICC एंटी-डोपिंग कोड के तहत बैन है।

## पीवी सिंधु जापान ओपन बैडमिंटन टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में

एजेंसी ▶▶ टोक्यो



भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु जापान ओपन सुपर-750 बैडमिंटन टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गईं। उन्हें क्वार्टर फाइनल में पूर्व वर्ल्ड चैंपियन नोआमी ओकुहारा ने वॉकओवर दे दिया।

सिंधु ने 3 साल बाद किसी सुपर-750 टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में पहुंची हैं। इससे पहले वे 2023 डेनमार्क ओपन के टॉप-4 में पहुंची थीं। यह 2026 सीजन में सिंधु का तीसरा सेमीफाइनल भी है। साल की शुरूआत उन्होंने वर्ल्ड रैंकिंग में 18वें स्थान से की थी, लेकिन शानदार प्रदर्शन के दम पर अब वह नौवें स्थान पर पहुंच चुकी हैं। सेमीफाइनल में सिंधु का सामना चीन की पूर्व ओलिंपिक चैंपियन और विश्व नंबर-4 चेन युफेई से होगा। चेन ने क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की सिम यू जिन को 21-10, 21-12 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। सिंधु और चेन के बीच अब तक 14 मुकाबले हुए हैं, जिनमें चीनी खिलाड़ी 8-6 से आगे हैं।

खास बात यह है कि सिंधु पिछले पांच मुकाबलों में लगातार चेन से हार चुकी हैं। ऐसे में उनके पास इस हार के सिलसिले को तोड़ने और लगभग तीन साल बाद किसी सुपर-750 टूनार्मेंट के फाइनल में पहुंचने का सुनहरा मौका होगा।

चीन की हान यू को 35 मिनट में हराकर टॉप-8 में पहुंचीं पीवी सिंधु वर्ल्ड नंबर-5 चीन की हान यू को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थीं। उन्होंने दूसरे दौर के मुकाबले को महज 35 मिनट में 21-16, 21-14 से जीत लिया। इस जीत के साथ सिंधु ने हान यू के खिलाफ अपना हेड-टू-हेड रिकॉर्ड 8-1 कर लिया।

## न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड ने तीसरे वनडे में वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ कीवी टीम ने 5 मैचों की वनडे सीरीज में 2-1 की बढ़त बना ली है।

गयाना में पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की टीम 140/9 रन ही बना सकी। जवाब में न्यूजीलैंड ने 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। न्यूजीलैंड के स्पिनर जेडन लेनोक्स ने 52 रन देकर 4 विकेट लिए। उनकी गेंदबाजी के सामने वेस्टइंडीज ने अपने आखिरी 6 विकेट सिर्फ 19 रन के भीतर गंवा दिए। वेस्टइंडीज एक समय 3 विकेट पर 121 रन बनाकर मजबूत स्थिति में थी, लेकिन न्यूजीलैंड के स्पिनरों ने मैच का रुख बदल दिया।

**आवश्यकता**

छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.

संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**बेचना है**

अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन

संपर्क
9111328540

**प्रवेश प्रारंभ**

आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026

सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार
स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**मकान बेचना है**

साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है

पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**आवश्यकता है**

रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।

संपर्क
9827820470

**प्रॉपर्टी बेचना है**

प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस

संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**तुरंत आवश्यकता है**

1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोट: इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।

बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी
मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

**खरीदना / किराए से चाहीए**

उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए

संपर्क
9893374872

**आवश्यकता है**

दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।

संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**रद्दी बेचना है**

अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है

संपर्क
7773077762

**किराए से देना है**

शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त

6267735937

**आवश्यकता**

अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह

राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

## न्यूज कॉलम

### रेलवे स्टेशन से बाइक चोर गिरफ्तार जीआरपी ने 4 वाहन जब्त किए

**इंदौर।** महू जीआरपी ने रेलवे स्टेशन परिसर से दोपहिया वाहन चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चार चोरी के वाहन बरामद किए हैं। जब्त वाहनों की कुल कीमत करीब 2.20 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस अब बरामद अन्य तीन वाहनों के वास्तविक मालिकों की पहचान करने में जुटी है। जीआरपी के अनुसार, डॉ. अंबेडकर नगर (महू) निवासी एवं रेलवे लोको लॉबी में कार्यरत गोविंद प्रसाद कैथवास ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 1 जुलाई 2026 को आरपीएफ पोस्ट ऑफिस के पीछे खड़ी उनकी होंडा शाइन मोटरसाइकिल चोरी हो गई। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने रेलवे स्टेशन परिसर और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर धार जिले के पीथमपुर निवासी अरविंद कुमार (42) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने बाइक चोरी की वारदात स्वीकार कर ली।

### अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मारी 18 वर्षीय युवक की मौत, बड़ा भाई घायल

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में गुरुवार रात बाइक सवार दो सगे भाइयों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसका बड़ा भाई घायल हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। लसूड़िया पुलिस के अनुसार दुर्घटना ओमैक्स सिटी के पास हुई। बाइक पर सवार रोहित (18) पुत्र बछिया निवासी निपानिया और उसके बड़े भाई राकेश को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने दोनों को तत्काल महाराणा प्रताप अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान रोहित ने दम तोड़ दिया। राकेश का इलाज जारी है। परिजनों ने बताया कि दोनों सगे भाई ओमैक्स के पास लगने वाले हाट बाजार में खरीदारी करने जा रहे थे। इसी दौरान वे हादसे का शिकार हो गए। बताया गया है कि दोनों मूल रूप से धार जिले के निवासी थे और पिछले दो माह से भवंस स्कूल के पीछे स्थित एक टाउनशिप में बेलदारी का काम कर रहे थे। हादसे के समय उनके माता-पिता किसी काम से गुजरात गए हुए थे।

### सड़क पर सो रहे डॉग को कार ने कुचला पीएफए की शिकायत पर पुलिस ने की कार्रवाई

**इंदौर।** इंदौर के जूनी इंदौर थाना क्षेत्र में सड़क पर सो रहे एक डॉग को कार से कुचलने का मामला सामने आया है। घटना का सीसीटीवी वीडियो सामने आने के बाद पीपुल्स फॉर एनिमल (पीएफए) की इंदौर इकाई की शिकायत पर गुरुवार को पुलिस ने कार ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस के मुताबिक, वैभव नगर कनाड़िया निवासी प्रियांशु जैन की शिकायत पर कार के चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया गया है। शिकायत में बताया गया कि 14 जुलाई को त्रिवेणी कॉलोनी में सड़क पर सो रहे डॉग को कार चालक ने कुचल दिया। हादसे के बाद पीएफए के वालंटियर घायल डॉग को इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे। घटना की जानकारी गुरुवार को मिलने पर प्रियांशु जैन ने जूनी इंदौर थाने में लिखित शिकायत दी, जिसके आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### नौकरी का झांसा देकर युवतियों को बंधक बनाने का आरोप

**इंदौर।** रतलाम की चार युवतियों ने इंदौर पुलिस कमिश्नर से शिकायत कर आरोप लगाया है कि आयुर्वेदिक कंपनी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उन्हें राजेंद्र नगर क्षेत्र में बंधक बनाकर रखा गया। युवतियों का दावा है कि उन्हें जबरन लड़कों के साथ हॉस्टल में रखा गया और अन्य लड़कियों को भी बुलाने का दबाव बनाया जा रहा था। किसी तरह वहां से भागकर वे रतलाम पहुंचीं और परिजनों को पूरी जानकारी दी। शिकायत मिलने पर पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने मामले की जांच के निर्देश दिए। महिला थाना प्रभारी श्रद्धा यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम युवतियों को साथ लेकर राजेंद्र नगर क्षेत्र पहुंची। युवतियों की निशानदेही पर आनंद फार्म हाउस के पास स्थित एक मल्टी में दबिश दी गई, जहां एक फ्लैट से तीन युवतियां मिलीं। इसके बाद पुलिस रेलवे क्रॉसिंग के पास स्थित एक अन्य अपार्टमेंट पहुंची, जहां एक युवक और दो युवतियां मिलीं। पुलिस ने मामले में उर्मिला नाम की महिला और कमलेश नाम के युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

### रोहित पांचाल की मौत पर थांदला में प्रदर्शन, संदिग्ध हालत में मिला था शव

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के मेघनगर स्थित पाट नदी में 24 जून को काकनवानी निवासी रोहित पांचाल का शव संदिग्ध हालत में मिला था। इस मामले में पुलिस की धीमी जांच से नाराज परिजनों ने थांदला में रैली निकालकर प्रदर्शन किया और एसडीओपी को ज्ञापन देकर निष्पक्ष जांच की मांग की। थांदला में हुए इस प्रदर्शन में मृतक रोहित पांचाल के छोटे बच्चे भी शामिल हुए। हाथों में तख्तियां थामे ये मासूम बच्चे अपने पिता की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई और न्याय की गुहार लगा रहे थे, जिससे माहौल भावुक हो गया। परिजनों का आरोप है कि रोहित पांचाल की हत्या की गई है, लेकिन पुलिस इसे आत्महत्या का रूप देकर मामले को दबाने का प्रयास कर रही है। घटना के दिन रोहित की बाइक और चप्पलें तो पुल पर मिली थीं, लेकिन उनका मोबाइल फोन घर पर ही छूटा हुआ था। मृतक के परिवार ने पुलिस अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर संदेह जताते हुए कहा कि उन्होंने खुद साक्ष्य जुटाकर पुलिस को दिए हैं, फिर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### एसडीओपी ने छात्रों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ, करवड़ छात्रावास में जागरूकता कार्यक्रम

**झाबुआ।** झाबुआ जिले में युवाओं को नशे की लत से बचाने और समाज को नशामुक्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग का जागरूकता अभियान जारी है। इसी क्रम में पेटलावद एसडीओपी अनुरक्ति सबनानी ने करवड़ स्थित राजा शंकर शाह-रघुनाथ शाह शासकीय सीनियर बालक छात्रावास पहुंचकर छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी और इससे दूर रहने की अपील की। यह अभियान पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देश पर 15 से 30 जुलाई तक चलाया जा रहा है। झाबुआ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया के मार्गदर्शन में जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। एसडीओपी अनुरक्ति सबनानी ने छात्रों से कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार को प्रभावित करता है। उन्होंने छात्रों को अच्छी संगत चुनने और नशा करने वाले लोगों से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि गलत चीजों को पहचानकर उनसे दूर रहना ही समझदारी है।

### नौ दिनों से बारिश नहीं होने से सोयाबीन मुरझाने लगी, तेज धूप से खेत सूख रहे

**धार।** धार शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले नौ दिनों से बारिश पूरी तरह थमी हुई है। लगातार तेज धूप और बढ़ती गर्मी के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। शुरूआती बारिश के बाद अच्छी बढ़वार कर रही सोयाबीन की फसल अब नमी की कमी से प्रभावित होने लगी है। खेतों की मिट्टी सूख रही है और कई स्थानों पर फसल मुरझाने के संकेत दिखाई देने लगे हैं। बारिश नहीं होने से खेतों में लगातार नमी कम हो रही है। किसान फिलहाल खेतों में खरपतवार हटाने का काम कर रहे हैं, लेकिन उनकी सबसे बड़ी चिंता फसल को बचाने की है। यदि अगले कुछ दिनों तक अच्छी बारिश नहीं हुई, तो सोयाबीन की पैदावार पर गंभीर असर पड़ सकता है। किसान महेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि पिछले नौ दिनों से बारिश नहीं होने के कारण खेत सूखने लगे हैं और सोयाबीन की फसल मुरझाने की कगार पर पहुंच गई है। उनका कहना है कि यदि जल्द अच्छी बारिश नहीं हुई तो किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। बारिश थमने के साथ ही जिले में तेज धूप और उमस भरी गर्मी का असर आम जनजीवन पर भी दिखाई देने लगा है। दोपहर के समय सड़कों पर आवाजाही कम हो गई है और लोग गर्मी से परेशान हैं। किसानों के साथ-साथ आम लोगों की नजरें भी अब मानसून की वापसी पर टिकी हैं।

---

फैसले से मुस्लिम पक्ष नाराज, सदर बोले- इतनी दूर व्यवस्था करना गलत

# भोजशाला से 2किमी दूर चालीस-पीर परिसर में नमाज की अनुमति

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



धार के ऐतिहासिक भोजशाला मामले में सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश के बाद आज जिला प्रशासन और मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों के बीच बैठक हुई। इसमें प्रशासन ने जुमे की नमाज के लिए स्थान और समय तय कर दिया। हालांकि, मुस्लिम पक्ष ने प्रशासन के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट के आदेश की भावना के विपरीत बताते हुए यहां नमाज पढ़ने से इनकार कर दिया।

दरअसल, जिला प्रशासन ने मालीवाड़ा स्थित 'चालीस पीर परिसर' को जुमे की नमाज के लिए तय किया है। इसके तहत मुस्लिम समाज को हर शुक्रवार दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक यहां नमाज अदा करने की अनुमति दी गई है। मुस्लिम समाज के सदर अब्दुल समद ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा- जिस स्थान (भोजशाला) को लेकर कोर्ट में मुख्य विवाद चल रहा है। प्रशासन ने उससे करीब 2 किलोमीटर दूर नमाज की व्यवस्था की है, जो न्यायसंगत नहीं है। प्रशासन ने सुरक्षा और कानून-व्यवस्था का हवाला देकर यह फैसला लिया है। इस पर मुस्लिम पक्ष का तर्क है कि जब पहले भोजशाला परिसर में नमाज होती थी, तब भी शांति बनी रहती थी और नमाज बंद होने के बाद भी कभी कोई समस्या नहीं हुई।

#### बसंत पंचमी वाली जगह पर भी था विवाद

सदर ने पुरानी घटना का जिक्र करते हुए बताया कि इससे पहले 23 जनवरी को बसंत पंचमी के मौके पर प्रशासन ने जिस जगह पर डमी नमाज कराई थी, वह दरअसल कब्रिस्तान की जमीन है। उस समय भी मुस्लिम समाज ने इस पर आपत्ति जताई थी, क्योंकि कब्रिस्तान में जुमे की नमाज अदा नहीं की जाती। यह पक्ष भी सुप्रीम कोर्ट के सामने मजबूती से रखा गया था।

#### बैठक के नाम पर 3 घंटे बैठाया, कोर्ट के आदेश की गलत व्याख्या की

मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासनिक बैठक के तौर-तरीकों पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। सदर अब्दुल समद के मुताबिक, बैठक के नाम पर समाज के वरिष्ठ लोगों को 3 घंटे तक बैठाकर रखा गया। अंत में सुप्रीम कोर्ट के आदेश की गलत व्याख्या करते हुए हमें विवादित स्थल से दूर जगह थमा दी गई।

**फैसले को चुनौती देंगे:** मुस्लिम पक्ष का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने भोजशाला से बिलकुल सटे (पास के) किसी खाली स्थान पर व्यवस्था करने को कहा था। समाज इस फैसले के खिलाफ दोबारा अदालत का रुख करेगा और 'चालीस पीर परिसर' में नमाज अदा नहीं की जाएगी।

---

टंट्याभील चौराहे पर 17 दिन से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी

# छात्रों ने रखा एक दिन का अनशन, ना खाना खाया ना पानी पीया, मांगें मनवाने बैठे हैं छात्र

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



अपनी मांगों को लेकर पिछले 17 दिनों से स्टूडेंट्स का समूह टंट्याभील चौराहे पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहा है। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती उनका ये धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। वहीं गुरुवार को एक स्टूडेंट ने एक दिन का अनशन भी किया। उसने ना तो खाना खाया ना ही पानी पीया।

बता दें कि इन स्टूडेंट्स ने 14 जुलाई को टंट्याभील चौराहे से कलेक्टर ऑफिस तक पैदल मार्च निकाला था और यहां पर कई घंटे प्रदर्शन किया था। इसके बाद उनकी एक-दो मांगों को मान लिया गया था। इधर, स्टूडेंट्स अभी भी बची हुई मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

**23 सूत्रीय मांगें, कुछ पर बनी सहमति**

दरअसल, टंट्याभील चौराहे पर पिछले 17 दिनों से स्टूडेंट्स का धरना प्रदर्शन जारी है। नीट पेपर लीक में दोषियों पर कार्रवाई, धमेंद्र प्रधान का इस्तीफा सहित विभिन्न मांगों को लेकर स्टूडेंट्स द्वारा चौराहे पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इस धरना प्रदर्शन में कई स्टूडेंट्स आकर शामिल हो रहे हैं। अपनी मांगों को लेकर स्टूडेंट्स ने महाआंदोलन भी किया था, जिसमें उनकी कुछ मांगों पर सहमति बन गई थी, लेकिन बाकी मांगों को लेकर अभी भी स्टूडेंट्स का प्रदर्शन जारी है।

#### एक दिन का अनशन किया

धरने पर बैठे स्टूडेंट अरुण बड़ोले ने बताया कि उनके साथ सतीश कुमार ने गुरुवार को एक दिन का अनशन किया है। सतीश ने ना तो खाना खाया ना ही पानी पीया है। ये अनशन उन्होंने देश के शिक्षा मंत्री को जगाने के लिए किया है। अब इंदौर में आवाज बड़े स्तर पर गूंज रही है। अरुण ने स्टूडेंट्स से अपील की है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में यहां पहुंचे। अरुण ने बताया कि धरना प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा। इस प्रदर्शन को स्टूडेंट्स का अच्छा समर्थन मिल रहा है। कई स्टूडेंट्स इसमें शामिल हो रहे है।

---

# नीट-यूजी 2026: इंदौर के आराध्य को मिली ऑल इंडिया 110वीं रैंक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने गुरुवार देर रात नीट-यूजी 2026 का रिजल्ट जारी कर दिया। इस साल करीब 20 लाख स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 11.21 लाख मेडिकल, डेंटल, आयुष और अन्य मेडिकल कोर्स में प्रवेश के लिए क्वालिफाई हुए हैं।

इंदौर के आराध्य गर्ग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया 110वीं रैंक हासिल की। जनरल कैटेगरी में उन्हें 85वीं रैंक मिली है। वे इंदौर के टॉपर भी बने हैं। मध्यप्रदेश से इस बार करीब 1.18 लाख अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी थी। इसके लिए राज्य के 30 जिलों में 283 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।

देशभर में पंजाब के आर्यन गुप्ता और हरियाणा के पांशुल बंसल ने 720 में से 715 अंक हासिल कर संयुक्त रूप से टॉप किया। 19 अभ्यर्थियों ने 700 से अधिक और 138 ने 690 या उससे ज्यादा अंक हासिल किए। एनटीए के अनुसार, टॉप स्कोरर्स में 93% से अधिक पहली बार परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी हैं, जबकि 99% टॉप रैंकर्स की उम्र 17 से 19 वर्ष के बीच है। आराध्य के पिता योगी गर्ग ने बताया कि उनका बेटा शुरू से ही मेहनती और अनुशासित रहा है। पिछले वर्ष परीक्षा रद्द होने और लंबे समय तक बनी अनिश्चितता के बावजूद उसने तैयारी जारी रखी। पिछले प्रयास में उसके 700 से अधिक अंक आए थे, जबकि इस बार कठिन प्रश्नपत्र के बावजूद उसने 690 अंक हासिल किए।

---

इंदौर में ऑनलाइन सट्टा रैकेट हो रही कार्रवाई

# मनीष पमनानी का नाम आया सामने, तलाश में जुटी पुलिस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

राजेंद्र नगर पुलिस ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क में लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी सिलसिले में पुलिस ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के भाई नाना पटवारी और उसके साथी सुमित मंत्री को पूछताछ के लिए बुलाया। वहीं, उसके पूर्व साथी संजय कौशल को आरोपी बनाते हुए उसके खिलाफ जुआ और सट्टा एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पूछताछ के दौरान संजय कौशल ने पुलिस को बताया कि महू नाका स्थित सच्चिदानंद नगर निवासी मनीष पमनानी उसे ऑलपानक्स और ग्रेडटेक्स डॉट कॉम की ऑनलाइन बेटिंग लिंक उपलब्ध कराता था। इस खुलासे के बाद पुलिस मनीष पमनानी और उसके एक अन्य साथी की तलाश में जुट गई है।

डीसीपी नरेंद्र रावत ने पूरे मामले की जांच के लिए विशेष टीम गठित की है। गुरुवार को गिरफ्तार किए गए आरोपी संजय कौशल, मनीष जादौन, दिनेश उर्फ लल्ला चौहान और प्रीतेश त्रिपाठी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां पुलिस ने उनसे पूछताछ के लिए रिमांड मांगा।

पुलिस को संदेह है कि मनीष पमनानी की गिरफ्तारी के बाद ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क से जुड़े कई अन्य नाम सामने आ सकते हैं। संजय कौशल ने पूछताछ में यह भी बताया कि जूनी इंदौर और भंवरकुआ क्षेत्र के कुछ बड़े सटोरिए भी क्रिकेट सट्टे की आईडी के जरिए उनके संपर्क में थे। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने इस संबंध में अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

---

इलाज में देरी पर हाईकोर्ट ने दिखाई गंभीरता

# अनिका मामले में जवाब नहीं दे रही सरकार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर



स्पाइनल मस्क्युलर एट्रोफी टाइप-2 जैसी दुर्लभ और जानलेवा बीमारी से पीड़ित तीन वर्षीय अनिका शर्मा के इलाज में हो रही देरी पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने गुरुवार को कड़ा रुख अपनाया। सुनवाई के दौरान एम्स, नई दिल्ली की ओर से एक बार फिर जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। इस पर याचिकाकर्ता ने समय दिए जाने का विरोध करते हुए कहा कि उपचार के लिए काफी धनराशि जुटाई जा चुकी है, सिर्फ. एक से डेढ़ करोड़ की जरूरत है इसके बावजूद इलाज शुरू नहीं किया जा रहा।

माननीय न्यायमूर्ति संदीप एन. भट्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रतिवादी क्रमांक-2 (एम्स) हर हाल में 23 जुलाई 2026 तक अपना जवाब प्रस्तुत करे। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई 2026 को निर्धारित की है।

अनिका की ओर से एडवोकेट चंचल गुप्ता और एडवोकेट लखन शर्मा ने रिट याचिका दायर की है। याचिका में बताया गया है कि तीन वर्षीय अनिका एसएमए टाइप-2 से पीड़ित है, जिसके इलाज के लिए लगभग 9.5 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। परिजन केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत 50 लाख रुपये सहित करीब 7.5 करोड़ रुपये स्वयं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से क्राउडफंडिंग के माध्यम से जुटा चुके हैं, लेकिन उपचार अब तक शुरू नहीं हो सका है।

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ताओं ने न्यायालय को बताया कि इलाज के लिए अब कम राशि की आवश्यकता है इसके बावजूद एम्स द्वारा उपचार प्रारंभ नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर दिन की देरी बच्ची के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बढ़ा रही है।

#### कंपनी से इनवॉइस मंगाया जाएगा

परिजनों के अनुसार एम्स ने उन्हें बताया है कि केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत 50 लाख रुपये की राशि की स्थिति स्पष्ट होने के बाद ही जीवनरक्षक इंजेक्शन उपलब्ध कराने वाली कंपनी से इनवॉइस मंगाया जाएगा। दूसरी ओर, जिन सामाजिक संगठनों ने क्राउडफंडिंग के माध्यम से राशि एकत्रित की है, वे इनवॉइस के अभाव में अपनी राशि जारी नहीं कर पा रहे हैं। इससे ऐसी स्थिति बन गई है कि सरकारी सहायता और समाज के सहयोग से जुटाई गई राशि, दोनों ही उपयोग में नहीं आ पा रही हैं, जबकि बच्ची के जीवन का प्रत्येक दिन बेहद महत्वपूर्ण है।

---

# ताई ने सीएम को पत्र लिखकर एयरपोर्ट विस्तार जरुरी बताया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर इंदौर के देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के विस्तार कार्य में तेजी लाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इंदौर प्रदेश की आर्थिक और औद्योगिक राजधानी है। बढ़ते हवाई यातायात और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए एयरपोर्ट का जल्द विस्तार जरूरी है।

महाजन ने पत्र में उज्जैन में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट निर्माण की पहल का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बाबा महाकाल, ओंकारेश्वर और सिंहस्थ-2028 को देखते हुए उज्जैन का सर्वांगीण विकास आवश्यक है। महाजन ने बताया कि इंदौर एयरपोर्ट का निर्माण 1938 में होलकर राजवंश के समय हुआ था। आज यह प्रदेश का सबसे व्यस्त और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय विमानतल है। उन्होंने कहा कि अपने संसदीय कार्यकाल में एयर ट्रैफिक सर्विस (एटीएस) टॉवर और नया टर्मिनल भवन बनवाया गया। इसके बाद अतिरिक्त रनवे, टैक्सी-वे और पार्किंग विस्तार की योजना भी तैयार कराई गई। पत्र में उन्होंने कहा कि पार्किंग विस्तार के लिए 2019 में भूमि मंजूर हो चुकी है, लेकिन रनवे विस्तार और समानांतर टैक्सी-वे के लिए आवश्यक सर्वे पूरा होने के बाद भी राज्य स्तर पर आगे की प्रक्रिया लंबित है।

---

# कॉलेज के बाहर छात्राओं से अश्लील इशारे

## गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने कलेक्टर से लगाई सुरक्षा की गुहार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

देश के सबसे स्वच्छ और सुरक्षित शहरों में गिने जाने वाले इंदौर में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शहर के गर्ल्स डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कॉलेज परिसर और आसपास बढ़ रही असामाजिक गतिविधियों की शिकायत की तथा सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग उठाई।

छात्राओं का आरोप है कि कॉलेज के बाहर कुछ असामाजिक तत्व रोजाना उनका पीछा करते हैं, अभद्र टिप्पणियां करते हैं और अश्लील इशारों के जरिए उन्हें परेशान करते हैं। उन्होंने बताया कि कई युवक मोबाइल पर अश्लील फोटो और वीडियो दिखाते हैं तथा सार्वजनिक स्थानों पर अशोभनीय हरकतें करते हैं, जिससे छात्राओं में भय और असुरक्षा का माहौल बन रहा है। छात्राओं के अनुसार कॉलेज में करीब 10 हजार छात्राएं अध्ययनरत हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। उनका कहना है कि पिछले तीन वर्षों से इस संबंध में कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन पुलिस की कार्रवाई कुछ समय बाद धीमी पड़ जाती है और स्थिति फिर पहले जैसी हो जाती है। छात्राओं ने प्रशासन से कॉलेज परिसर और आसपास नियमित पुलिस पेट्रोलिंग, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, महिला पुलिस की तैनाती तथा आरोपियों के खिलाफ सख्त और स्थायी कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि सुरक्षित वातावरण में शिक्षा प्राप्त करना उनका अधिकार है और इसके लिए प्रशासन को प्रभावी कदम उठाने चाहिए।

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन – उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com